# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com    भोपाल, शुक्रवार 20 मार्च 2026


### शशि थरूर ने किया सरकार का बचाव

## ईरान-इजराइल युद्ध को लेकर चुप्पी 'कायरता' नहीं 'रणनीति'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पश्चिम एशिया युद्ध को लेकर मोदी सरकार की रणनीति का बचाव किया है। उन्होंने जोर देकर कहा है कि सरकार की चुप्पी उसकी हार नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार रणनीति है। अपने लेख में शशि थरूर ने कहा है कि जो लोग इस समय पश्चिम एशिया युद्ध में सरकार की चुप्पी को उसकी कायरता बता रहे हैं, वे कूटनीति की जटिलताओं को समझ नहीं पा रहे हैं। शशि थरूर के मुताबिक इस मुश्किल दौर में सभी शक्तियों के साथ संतुलन बनाए रखना जरूरी हो गया है। उनका कहना है कि अगर अंतरराष्ट्रीय कानून पर नजर डालें तो कोई भी इस युद्ध को ▶▶ शेष पेज 9 पर

*इस मुश्किल दौर में सभी शक्तियों के साथ संतुलन बनाए रखना जरूरी*

### कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने कहा

## यह लड़ाई 'हमारी जंग' नहीं



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा सांसद मनीष तिवारी ने केंद्र सरकार की विदेश नीति का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि भारत इस संघर्ष में एक सीमित भूमिका वाला देश रहा है और सरकार का सतर्क रुख बिल्कुल सही ▶▶ शेष पेज 9 पर

### देश में एलपीजी संकट के बीच सरकार ने लिया 'बड़ा फैसला'

# पीएनजी को बढ़ावा देने पर राज्यों को मिलेगा ज्यादा गैस का आवंटन

- देश में सिलेंडर की सप्लाई स्थिर 94% तक पहुंची ऑनलाइन बुकिंग
- जमाखोरी कालाबाजारी रोकने के लिए सख्त निर्देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में एलपीजी सप्लाई का संकट अब तीसरे हफ्ते में पहुंच गया है। पश्चिम एशिया से होने वाले आयात, जो देश की कुल सप्लाई का करीब 60% है, प्रभावित होने के कारण दबाव बना हुआ है। ऐसे में केंद्र सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने का फैसला किया है ताकि आम लोगों को परेशानी कम हो। सरकार ने यह भी कहा है कि जहां-जहां पीएनजी की सुविधा उपलब्ध है, वहां लोगों को एपीजी की जगह पीएनजी अपनाना चाहिए। इससे गैस की मांग को संतुलित करने में मदद मिलेगी और सप्लाई पर दबाव कम होगा। केंद्र सरकार ने उन राज्यों के लिए खास योजना बनाई है जो पीएनजी नेटवर्क को तेजी से बढ़ाएंगे। ऐसे राज्यों को 10% अतिरिक्त कमर्शियल एलपीजी दी जाएगी। इसके साथ ही राज्यों से कहा गया है कि वे मंजूरी प्रक्रिया तेज करें और चार्ज कम करें ताकि पीएनजी का इस्तेमाल बढ़ सके। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने ▶▶ शेष पेज 9 पर

**31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कंट्रोल रूम बनाए गए**

**25 जगहों पर जिला स्तर पर निगरानी समितियां काम कर रहीं**



एलपीजी और पीएनजी

### असम में पीएनजी कनेक्शन बढ़ाने की योजना

एलपीजी संकट के बीच असम सरकार ने पीएनजी को बढ़ावा देने का फैसला किया है। जून तक सात जिलों में करीब 12,500 नए पीएनजी कनेक्शन देने की योजना बनाई गई है। इसके तहत गुवाहाटी, डिब्रूगढ़, तिनसुकिया, जोरहाट, शिवसागर, गोलाघाट और सोनितपुर में यह सुविधा दी जाएगी। मुख्य सचिव रवि कोटा की बैठक के बाद यह फैसला लिया गया।









### द्वितीय : मां ब्रह्मचारिणी



या देवी सर्वभूतेषु मां ब्रह्मचारिणी रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

## गुड़ी पड़वा से गंगा दशहरा तक 139 दिन तक प्रदेश में चलेगा जल गंगा संवर्धन अभियान 3.0

# 'जल गंगा संवर्धन' अभियान में जल स्त्रोतों के विकास कार्य होंगे

**मुख्यमंत्री ने जल के अपव्यय रोकने और एक-एक बूंद संग्रहण के लिए दिलाई शपथ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जल संचय अभियान में प्रदेशभर के जल स्त्रोतों के विकास कार्य करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश के तीसरे जल गंगा संवर्धन अभियान में 3 महीने तक लगातार जल संचय की गतिविधियां संचालित होंगी, जिसमें 2500 करोड़ की राशि से सभी विधानसभा, नगरीय निकायों और पंचायत स्तर पर जल संवर्धन और संचय के कार्य किए जाएंगे। सरकार ने पहले वर्ष में 30 दिन, दूसरे वर्ष में 120 दिन चलाया और मौजूदा तीसरे वर्ष में गुड़ी पड़वा से गंगा दशहरा तक 139 दिनों तक प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को इंदौर के इस्कॉन मंदिर में आयोजित तीसरे राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान हमारी सनातन संस्कृति की सबसे पवित्र धारा का अभियान ▶▶ शेष पेज 9 पर

*सीएम ने कहा कि अगर जीवन को सफल करना है तो प्राचीन समय के उन कुए, नदियों, तालाब, बावड़ियों का जीर्णोद्धार करना होगा, जिनका सम्राट विक्रमादित्य, लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर, महाराज सिंधिया ने निर्माण कराया था*

**मुख्यमंत्री ने तीसरे राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान का किया शुभारंभ**



- **जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रदेश में होंगे 2500 करोड़ राशि से विकास कार्य**
- **सनातन संस्कृति की पवित्र धारा का अभियान है जल गंगा संवर्धन**
- **नदी जोड़ो परियोजनाओं का लाभ पड़ोसी राज्य राजस्थान और उत्तर प्रदेश को भी मिल रहा**

**इंदौर को 22 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी :** *डॉ. यादव ने इंदौर में अमृत 2.0 परियोजना में सिंगल क्लिक से 12.72 करोड़ लागत से बिलावली तालाब, 4.89 करोड़ लागत से लिम्बोदी तालाब, 3.82 करोड़ लागत से छोटा सिरपुर तालाब के जीर्णोद्धार कार्यों के भूमि-पूजन सहित 22 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में जल के अपव्यय को रोकने और एक-एक बूंद संग्रहण* ▶▶ शेष पेज 9 पर

### हमारी नदियां शरीर की रक्त धमनियों की तरह

मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर के जानापाव से निकली चंबल आगे बढ़कर यमुना में मिलकर गंगा जी की धारा को समृद्ध करती है। हमारी नदियां शरीर की रक्त धमनियों की तरह है, जो पृथ्वी माता को जीवन देती हैं। ब्रह्मांड में जल के महत्व से हम सभी परिचित हैं। उन्होंने कहा कि अगर जीवन को सफल करना है तो प्राचीन समय के उन कुए, नदियां, तालाब, बावड़ी का जीर्णोद्धार करना होगा, जिनका सम्राट ▶▶ शेष पेज 9 पर


पीड़ित परिवार से चर्चा करते सीएम

### इंदौर में सीएम अग्निकांड पीड़ितों से मिले

# बोले - हादसे रोकने के लिए रणनीति बनाएंगे

*आईआईटी सहित अन्य विशेषज्ञों से चर्चा करेंगे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

गुरुवार दोपहर को सीएम डॉ. मोहन यादव इंदौर पहुंचे। वे बुधवार को इंदौर में हुए अग्निकांड के पीड़ितों से मिलने जंजीरवाला चौराहा स्थित जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभागृह पहुंचे। सीएम ने पीड़ित परिवार को ढांढ़स बंधाया। मृतक मनोज पुगलिया के बड़े बेटे सौरभ ने सीएम से कहा गाड़ी की चार्जिंग के कारण नहीं बिजली पोल पर हुए सर्किट के कारण घर में आग लगी। पहले कार जली, फिर भीतर खड़ी बाइक में आग लगी। सीएम ने परिवार से मिलने के बाद मीडिया से चर्चा में कहा घर अंदर ▶▶ शेष पेज 9 पर

### हादसे में तीन बच्चों सहित 8 की मौत

हादसे में बुधवार को तीन बच्चों सहित आठ लोगों की इसमें मौत हो गई थी। बुधवार को मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सहित भाजपा और कांग्रेस के कई नेता परिवार के बचे हुए सदस्यों से मिलने पहुंचे। अग्निकाड में मनोज पुगलिया, उनकी बहू सिमरन, साले विजय, साले की पत्नी सुमन, बेटी रुचिका, नाती कार्तिक, ▶▶ शेष पेज 9 पर

### रेलवे स्टाफ को अब 25% अलाउंस बढ़ोतरी को मंजूरी

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे के लाखों रनिंग स्टाफ (लोको पायलट और गार्ड) के लिए नवरात्रि एक बड़ी खुशखबरी लेकर आई है। महंगाई भत्ते (डीए) में 50% की बढ़ोतरी लागू होने के बाद, अब रेल मंत्रालय ने न्यूनतम गारंटीकृत किलोमीटर भत्ते (केएमए) में भी 25% की बढ़ोतरी को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है।



ये दावा ऑल इंडिया रेलवेमेंस फेडरेशन के महासचिव शिव गोपाल मिश्रा ने किया है। उन्होंने रेलवे मंत्रालय से मिली इस मंजूरी की पुष्टि करते हुए इसे रेल कर्मचारियों के लंबे संघर्ष और एकजुटता का परिणाम बताया है। इस फैसले से रनिंग स्टाफ की मासिक आय में उल्लेखनीय इजाफा होगा। बता दें कि रेलवे के नियमों के अनुसार, जब डीए एक निश्चित सीमा (50%) को पार करता है, तो भत्तों में संशोधन की मांग उठती है, जिसे सरकार ने अब स्वीकार कर लिया है।

### मुआवजा दिलाने के नाम पर मांगे थे डेढ़ लाख

# 50 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथों पटवारी पकड़ा गया

**महिला से पहले ही वसूल चुका था 40 हजार रुपए**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर

कलेक्ट्रेट परिसर में भ्रष्टाचार के खिलाफ सागर लोकायुक्त टीम ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए एक पटवारी को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी पटवारी राहुल अग्रवाल केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित गांव की महिला से मुआवजा राशि दिलाने के नाम पर रिश्वत मांग रहा था। किशनगढ़ क्षेत्र के नेगुवां गांव की रहने वाली शगुंती बाई सौर, जो परियोजना से प्रभावित है, को विस्थापन के तहत करीब 12.50 लाख रुपए का मुआवजा मिलना था। आरोप है कि पटवारी राहुल अग्रवाल ने इस राशि को जारी कराने के एवज में 1.50 लाख रुपए की मांग की थी। पीड़िता ने बताया कि आरोपी पटवारी लगातार दबाव बना रहा था और धमकी दे रहा था कि यदि पैसे नहीं दिए तो मुआवजा राशि वापस कर दी जाएगी। डर के चलते महिला ने पहले ही 40 हजार रुपए दे दिए थे। इसके बाद भी मांग जारी रही, जिस पर परेशान होकर उसने सागर लोकायुक्त से शिकायत की। लोकायुक्त टीम ने शिकायत की जांच कर ट्रैप प्लान किया और ▶▶ शेष पेज 9 पर

### स्लाटर हाउस से गोमांस मिला था

# जेल से छूटने के बाद असलम फिर गिरफ्तार, 'रासुका' की भी कार्रवाई

**पुलिस ने की शांति भंग करने की धाराओं में कार्रवाई**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्लाटर हाउस में गाय काटने के मामले में मुख्य आरोपी असलम कुरैशी उर्फ असलम चमड़ा कोर्ट से जमानत मिल गई। बुधवार रात उसकी सेंट्रल जेल से रिहाई हुई। इसी बीच परिजन और शुभचिंतकों ने सेंट्रल जेल के बाहर भीड़ लगाकर असलम का स्वागत किया। इस स्वागत सत्कार में भीड़ अधिक हो गई और शोर शराबा होने लगा। लिहाजा गांधी नगर पुलिस की टीम ने असलम चमड़ा पर शांति भंग करने का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की दलील है कि संवेदनशील मामले में जमानत मिलने के बाद भीड़ लगाकर जुलूस निकालना राजधानी के फिजा को बिगाड़ सकता था। लिहाजा असलम चमड़ा के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। बाद में असलम के खिलाफ रासुका के तहत भी कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि 17 दिसंबर की रात हिंदू संगठन ने पुलिस कंट्रोल रूम के पास गो मांस से भरा ट्रक पकड़ा था। इस दौरान हिंदू संगठन ने जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक जब्त ▶▶ शेष पेज 9 पर






### हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट का 'स्टे'

**इस मामले की अगली सुनवाई 23 जुलाई को होगी**

# राम निवास की उम्मीदों पर पानी फिरा, विधायक बने रहेंगे मुकेश

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ के उस फैसले पर स्टे लगा दिया,


मुकेश मल्होत्रा

जिसमें विजयपुर से कांग्रेस विधायक मुकेश मल्होत्रा के निर्वाचन को शून्य घोषित कर दूसरे नंबर पर रहे भाजपा के रामनिवास रावत को विधायक बनाने का आदेश दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट में मल्होत्रा का पक्ष रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने दलीलें ▶▶ शेष पेज 9 पर

- **अंतिम फैसला आने तक राज्यसभा के लिए मुकेश न वोट डाल पाएंगे, न मिलेगा वेतन-भत्ता**
- **मल्होत्रा का पक्ष रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने दलीलें पेश कीं**


सुप्रीम कोर्ट

### विधायकी बहाल कर लगाईं दो शर्तें

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की डबल बेंच ने मल्होत्रा की विधायकी को बहाल रखते हुए दो शर्तें भी लगाईं। पहला, वे फिलहाल राज्यसभा के लिए मतदान नहीं कर सकेंगे। ऐसे में अब मुकेश जून में प्रस्तावित राज्यसभा चुनाव के लिए वोट नहीं डाल पाएंगे। दूसरा, जब तक सुप्रीम कोर्ट इस मामले में अपना अंतिम निर्णय नहीं सुना ▶▶ शेष पेज 9 पर

### विधायक ने कहा- जनता की लड़ाई लड़ता रहूंगा

सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद मल्होत्रा ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि इस सम्मानजनक फैसले से मैं संतुष्ट हूं। ये विजयपुर की जनता के एक-एक मत की जीत है। पूर्व मंत्री रामनिवास रावत आरोप लगा रहे थे कि मैंने केस छिपाए हैं। मैंने कोई केस नहीं छिपाया। उन्होंने कहा कि उनके वकीलों ने मेरे अधिकार शिथिल करा दिए हैं। अब क्षेत्र के विकास के लिए विधायक निधि नहीं मिलेगी। वेतन भी नहीं मिलेगा, लेकिन फर्क नहीं पड़ता। मैं जनता और क्षेत्र के विकास के लिए संघर्ष करता रहूंगा। सदन में भी प्रश्न उठाता रहूंगा।

6 जो भी व्यक्ति गो-हत्या जैसे जघन्य अपराध में संलिप्त...



7 रिश्तों की दरारों में उजाला खोजती संवेदनाओं ...






अटल पथ पर नव संवत्सर के स्वागत में गुरुवार शाम रंगारंग आतिशबाजी के साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### पंजीयन विभाग ने जिला मूल्यांकन समिति में पेश किया प्रजेंटेशन

# आठ साल पुराना नक्शा दिखाकर बताया डेवलपमेंट कोलार, मेंडोरा व रातीबड़ में बढ़ा दिए 50 फीसदी दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पंजीयन विभाग शहर भर में दाम बढ़ाने पर अड़ा हुआ है, जिसके लिए अफसरों ने कोलार, मेंडोरा और रातीबड़, नीलबड़ के आठ साल पुराना नक्शा दिखाकर डेवलपमेंट बता दिया गया। अफसरों का तर्क है कि शहर इन क्षेत्रों में बढ़ रहा है। यहां लगातार घनी आबादी डेवलप हो रही है।

इस आधार पर इन जगहों पर पांच से पचास फीसदी तक बढ़ोतरी की जानी चाहिए, जबकि प्रजेंटेशन में वर्ष-2017 में प्रॉपर्टी के दाम नहीं दिखाए गए हैं। पंजीयन विभाग इन जगहों पर लगातार आठ सालों से बढ़ोतरी कर रहा है, जिससे यहां पर इन आठ सालों में सौ फीसदी से अधिक बढ़ोतरी हो गई है।

**प्रजेंटेशन में वर्ष-2017 में प्रॉपर्टी के दाम नहीं दिखाए गए**

**पंजीयन विभाग इन जगहों पर लगातार आठ साल से कर रहा है बढ़ोतरी**

#### आठ साल पुराने दामों का नहीं किया मूल्यांकन


मेंडोरा-मेंडोरी का वर्ष 2017 का नक्शा



कोलार का वर्ष 2017 का नक्शा



मेंडोरा-मेंडोरी का वर्ष 2025 का नक्शा



कोलार का वर्ष 2025-26 का नक्शा



जिले में पंजीयन विभाग ने प्लॉट, मकान, फ्लैट और जमीन की रजिस्ट्री के लिए प्रॉपर्टी के दाम तय किए हैं, जिसके आधार पर ही स्टांप ड्यूटी ली जाती है। प्रॉपर्टी का दाम जितना अधिक होगा, खरीदार को उतनी अधिक स्टांप ड्यूटी चुकाना पड़ती है, जिसको लेकर एक अप्रैल से लागू होने वाली प्रॉपर्टी की नई गाइडलाइन को लेकर पंजीयन विभाग ने काम लगभग पूरा कर लिया है, जिसके तहत 2882 लोकेशन में से 707 लोकेशन को मर्ज कर दिया है, जिससे लोकेशन की संख्या घटकर 2175 रह गई है। विभाग ने इस बार इन लोकेशन में से 732 लोकेशन पर पांच से 181 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी प्रस्तावित कर दी है।

#### इन जगहों पर बढ़ोतरी प्रस्तावित

| लोकेशन | वर्तमान(आ/व्या) | वित (आ/व्या) | बढ़ोतरी% |
|---|---|---|---|
| दामखेड़ा की अन्य | 20000/30000 | 30000/45000 | 50/50 |
| हिनोतिया आलम अन्य | 13000/19500 | 17000/25500 | 30/30 |
| सलैया अन्य | 20000/30000 | 25000/37500 | 25/25 |
| सनखेड़ी अन्य | 20000/30000 | 25000/37500 | 25/25 |
| रतनपुर सड़क अन्य | 12000/18000 | 15000/22500 | 25/25 |
| अकबरपुर अन्य | 18000/27000 | 22000/33000 | 22/22 |
| बंजारी अन्य | 25000/37500 | 30000/45000 | 20/20 |
| खुदागंज | 10000/15000 | 12000/18000 | 20/20 |
| सेविनया गौंड | 10000/15000 | 12000/18000 | 20/20 |
| सेंट्रल पार्क सेवनिया | 20000/25000 | 22000/30000 | 10/20 |

#### मर्ज करने के नाम पर बढ़ा दिए 707 लोकेशन पर रेट

*पंजीयन विभाग इस बार 732 लोकेशन पर भारी भरकम बढ़ोतरी प्रस्तावित कर रहा है, जिससे शहर भर में गली-मोहल्ले और मुख्य सड़कों पर प्रॉपर्टी के दाम बढ़ जाएंगे। इधर अफसरों ने इस बार नया फार्मूला लगाकर 732 लोकेशन को अधिक दाम वाली लोकेशन में मर्ज कर दिया है, जिससे इन जगहों पर भी दाम बढ़ जाएंगे।*

### प्रदर्शनकारियों ने बीच रास्ते पर पत्थर रखकर लगा दिया था जाम

# अयोध्या बायपास पर झुग्गियां हटाने को लेकर हंगामा... सड़क पर डंडे लेकर उतरी महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अयोध्या बायपास चौराहे के पास गुरुवार को सुबह करीब 10 बजे झुग्गियां हटाने के विरोध में क्रेशर बस्ती के लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में महिला-पुरुष सड़क पर उतर आए और बीच रास्ते पर पत्थर रखकर जाम लगा दिया। करीब एक घंटे तक चले इस हंगामे के दौरान कुछ प्रदर्शनकारी राहगीरों के पीछे लट्ठ लेकर दौड़ पड़े। कई महिलाएं भी हाथों में डंडे लिए सड़क पर डटी रहीं और गुजरने की कोशिश कर रहे लोगों को रोकती नजर आईं।

अचानक हुए इस विरोध से अयोध्या बायपास पर ट्रैफिक पूरी तरह थम गया। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। कई बसें और स्कूल वाहन भी जाम में फंस गए, जिससे यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। कुछ स्थानों पर राहगीरों और प्रदर्शनकारियों के बीच कहासुनी और धक्का-मुक्की की स्थिति भी बनी, सूचना मिलते ही अयोध्या नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश देकर लोगों को सड़क से हटाया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका।

*अयोध्या बायपास पर ट्रैफिक पूरी तरह थम गया*

*राहगीरों और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई धक्का-मुक्की*



प्रदर्शन के दौरान महिलाए डंडे लेगकर सड़क पर उतरीं।

#### 10 लेन में विकसित करने का चल रहा काम

*उल्लेखनीय है कि नेशनल हाईवे-146 पर अयोध्या बायपास को 10 लेन में विकसित करने का काम चल रहा है। इसी प्रोजेक्ट के तहत केसर बस्ती की करीब 90 झुग्गियां हटाई जानी हैं। प्रोजेक्ट के तहत आशाराम तिराहा से रत्नागिरी तिराहा तक करीब 16 किलोमीटर लंबी सड़क को चौड़ा किया जा रहा है। आनंद नगर क्षेत्र में फ्लाईओवर भी प्रस्तावित है। अब तक 146 दुकानें हटाई जा चुकी हैं, जबकि तीन धार्मिक स्थल, एक वार्ड कार्यालय और एक पुलिस चौकी को शिफ्ट किया गया है। प्रशासन का कहना है कि सड़क चौड़ीकरण से शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार होगा और आवागमन सुगम बनेगा।*

#### मुआवजा और पुनर्वास की मांग

प्रभावित परिवारों का आरोप है कि उन्हें अब तक न तो पर्याप्त मुआवजा मिला है और न ही पुनर्वास की व्यवस्था की गई है। उनका कहना है कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था के झुग्गियां हटाना अन्यायपूर्ण है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि पहले पुनर्वास और मुआवजा नहीं दिया गया, तो वे आगे भी इसी तरह विरोध जारी रखेंगे।



झुग्गियां हटाने के विरोध में चक्काजाम के कारण वाहनों की लगी कतार।

### एक हफ्ते बाद टूटेंगे बड़े तालाब के कब्जे चलेगा बुलडोजर

**भोपाल।** शहर के बड़े तालाब के फुल टैंक लेबल से 50 मीटर दायरे को नो कंस्ट्रक्शन जोन बनाने का काम जारी है। जिसके तहत बैरागढ़ सर्कल में 220 अतिक्रमण मिले हैं, जिसे हटाने की प्रक्रिया चल रही है। इधर टीटी नगर एसडीएम अर्चना शर्मा ने सीमांकन में 127 अतिक्रमण चिन्हित किए हैं, जिसमें 59 निजी और 78 सरकारी अतिक्रमण मिले हैं, जिसको लेकर नोटिस जारी कर दिए गए हैं। एक हफ्ते बाद इन अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई शुरू की जाएगी। तहसीलदार कुणाल राउत का कहना है कि एक हफ्ते बाद अतिक्रमणों को हटाया जाएगा।

टीटी नगर एसडीएम अर्चना शर्मा ने सेवनिया गौंड, प्रेमपुरा सहित अन्य जगहों के सीमांकन का काम पूरा कर लिया है। टीम ने वन विहार के पास जॉक रेस्टॉरेंट, लहर रेस्टॉरेंट, विंड्स एंड वेब, होटल रंजीत लेकव्यू, फूड जोन में बनी 26 दुकान, विंड्स एंड वेब, गेम जोन, कचरा कैफे, सुलभ कांपलेक्स, लहर जिम, परिवहन विभाग के पूर्व कांस्टेबल सौरभ शर्मा की सास का रो हाउस सहित 127 अतिक्रमण दर्ज किए हैं। जिसको लेकर एसडीएम ने नोटिस जारी कर दिए हैं। एक हफ्ते बाद इन अतिक्रमणों को तोड़ने के लिए तालाब किनारे बुलडोजर उतारा जाएगा।

### पंजीयन विभाग को हुई 7 करोड़ की आमदनी

# गुड़ीपड़वा पर्व पर रिकॉर्ड रजिस्ट्री, 622 प्रॉपर्टी बिकीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक अप्रैल से प्लॉट, मकान, फ्लैट और जमीन महंगी होने के डर की वजह से पंजीयन दफ्तरों में इन दिनों प्रॉपर्टी के खरीदारों की भीड़ देखी जा रही है।

इधर गुरुवार को गुड़ीपड़वा और नवरात्रि के शुभ मुहुर्त में 622 लोगों ने प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री कराई, जिससे पंजीयन विभाग को करीब सात करोड़ रुपए की आमदनी हुई है। वरिष्ठ जिला पंजीयक स्वपनेश शर्मा का कहना है कि मार्च माह में गुरुवार को छुट्टी वाले दिन भी रजिस्ट्री की गई हैं। इसके साथ शुक्रवार, शनिवार और रविवार को भी रजिस्ट्री की जाएंगी, जिसको लेकर पंजीयन दफ्तरों में प्रॉपर्टी के खरीदारों की भीड़ देखी जा रही है। शुक्रवार को भी प्रॉपर्टी के खरीदारों की भीड़ रहेगी, जिसके लिए सर्विस प्रोवाइडर्स ने एडवांस में स्लॉट बुक कर लिए हैं।

### वित्तीय व्यवस्था को पटरी पर लाने की कोशिश

# फर्जी बिल घोटाले के बाद फाइनेंस विभाग में सर्जरीः सेवतकर हटे, वडेरिया को जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

करोड़ों के फर्जी बिल घोटाले में लोकायुक्त द्वारा एफआईआर दर्ज होने के बाद निगम प्रशासन ने वित्त विभाग से जुड़े गुणवंत सेवतकर को पहले ही हटा दिया था। अब राज्य शासन ने भी वित्त विभाग में सेवतकर को निगम से रुख्सत कर दिया। अब निगम वित्त शाखा की कमान वरुण वडेरिया को सौंपी है।

जारी आदेश के तहत मप्र वित्त सेवा के अधिकारियों को अस्थाई रूप से नई पदस्थापना दी गई है। वरुण वडेरिया सहित अन्य अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है, वहीं रामजी लाल गोलिया को उनके मौजूदा दायित्वों के साथ लघु उद्योग निगम, भोपाल में वित्त नियंत्रक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नई जगह कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। माना जा रहा है कि यह फेरबदल महज नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि हालिया घोटाले के बाद वित्तीय व्यवस्था को पटरी पर लाने की कोशिश है।

# पुणे-गोरखपुर-पुणे के बीच चलेगी समर स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेलवे यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए गर्मी के सीजन में स्पेशल ट्रेनों की रेलवे की ओर से अब घोषणाएं शुरू हो गई है। रेलवे ने अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लियर करने और यात्रियों की सुविधा के लिए गाड़ी संख्या 01415/01416 पुणे-गोरखपुर-पुणे के बीच समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन मंडल के आरकेएमपी, इटारसी व बीना रेलवे जंकशन में स्टॉपेज के बाद आगे के लिए रवाना होगी। इसके चलते सैकड़ों यात्रियों को इसका लाभ मिल सकेगा।



जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 01415 पुणे से गोरखपुर स्पेशल ट्रेन 1 से 14 अप्रैल तक (14 ट्रिप) एवं समर के अवसर पर 15 से 30 अप्रैल तक (16 ट्रिप) प्रतिदिन पुणे स्टेशन से सुबह 06:50 बजे प्रस्थान कर इटारसी रात 23:00 बजे पहुंचेगी। अगले दिन रानी कमलापति मध्यरात्रि 00:40 बजे, बीना 03:20 बजे पहुंचकर अन्य मार्ग से होते हुए सायं 16:00 बजे गोरखपुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 01416 गोरखपुर से पुणे स्पेशल ट्रेन 2 से 15 अप्रैल तक (14 ट्रिप) एवं समर के अवसर पर 16 अप्रैल से 1 मई तक (16 ट्रिप) प्रतिदिन गोरखपुर स्टेशन से शाम 17:30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन बीन सुबह 8 बजे, रानी कमलापति 10:30 बजे, इटारसी दोपहर 12:10 बजे पहुंचकर तीसरे दिन 3:15 बजे पुणे स्टेशन पहुंचेगी। ट्रेन दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड़, भुसावल, खंडवा, इटारसी, रानी कमलापति , बीना, झांसी, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा, एवं बस्ती स्टेशन पर रुकेगी।

### लंबे समय से नहीं हो रही कार्रवाई

# भोपाल-इटारसी के बीच किन्नरों की दहशतः यात्रियों से जबरन वसूली और बदतमीजी कर रहे



ट्रेने में अभद्रता करते किन्नर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल रेल मंडल में भोपाल-इटारसी और भोपाल-बीना के बीच में ट्रेनों में असली-नकली किन्नरों का जबरन रुपए वसूलने का आतंक बढ़ गया है। ये रोजाना यात्रियों से जबरन रुपयों की उगाही कर रहे है, जिससे यात्री परेशान हैं। रुपए वसूलने के कुछ वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई हैं। आरपीएफ और जीआरपी का लगाम नहीं कसने के कारण इनका जबरन वसूली का आतंक बढ़ रहा है। लंबे समय से भोपाल रेल मंडल में कोई बड़ी कार्रवाई नहीं की जा रही है।



ट्रेने में वसूली करते किन्नर।

#### हजरत निजामुद्दीन छत्रपति शाहू महराज टर्मिनस एक्सप्रेस में हई घटना

गाड़ी संख्या 12148 हजरत निजामुद्दीन छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस एक्सप्रेस में गुरुवार को इस तरह की घटना सामने आई है। इसके अलावा एक अन्य ट्रेन में भी यात्री से मारपीट करते नजर आ रहे हैं, जिसमें किन्नरों द्वारा यात्रियों से जबरन वसूली करते नजर आ रहे हैं। पैसे नहीं देने पर यात्रियों के साथ बदतमीजी करते नजर आए। इस मामले को यात्रियों द्वारा रेलवे अधिकारियों से शिकायत की है। अवैध वसूली करना इन किन्नर व कुछ महिलाओं की दैनिक दिनचर्या बन चुकी हैं। 5 से 7 की संख्या में गुट बनाकर भोपाल-इटारसी व भोपाल- बीना के बीच चलने वाली ट्रेनों में ये किन्नर चढ़ते है। जबरन रुपयों कि उगाही से यात्री बेहद परेशान हैं। पैसे न देने पर यात्रियों के साथ बदतमीजी व गाली-गलौज भी की जाती है। कई बार हाथापाई की भी नौबत आ चुकी हैं।

### हमीदिया अस्पताल में लापरवाहीः परिजनों ने वीडियो बनाकर उजागर किया कारनामा

# जिस बच्ची को डॉक्टरों ने किया मृत घोषित, उसकी चल रही थी सासें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के हमीदिया अस्पताल से लापरवाही का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां मृत घोषित की गई नवजात बच्ची की चार घंटे बाद सांसें चलने का दावा किया गया है। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही की वजह से नवजात की जान नहीं बचाई जा सकी। जानकारी के अनुसार हमीदिया अस्पताल में रायसेन जिले के बरेली निवासी परवेज अपनी गर्भवती पत्नी को प्रसव पीड़ा के बाद इलाज के लिए लेकर पहुंचे थे। इससे पहले महिला को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र और जिला अस्पताल से रेफर किया गया था। अस्पताल में महिला ने समय से पहले एक कम वजन की बच्ची को जन्म दिया, जिसका वजन करीब 450 ग्राम बताया गया। डॉक्टरों के अनुसार जन्म के समय नवजात में कोई हलचल या हार्टबीट नहीं मिली, जिसके आधार पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। वहीं परिजनों का आरोप है कि रात करीब 12 बजे उन्हें बच्ची का मृत्यु प्रमाण पत्र दे दिया गया, जिसमें मौत का समय शाम 8.30 बजे दर्ज था। परिवार इस दौरान कागजी प्रक्रिया और महिला की देखभाल में व्यस्त रहा।

#### एनआईसीयू में चल रही थी सासें



समय से पहले जन्मी बच्ची।

पिता परवेज का दावा है कि जब वह एनआईसीयू में बच्ची का शव लेने पहुंचे, तो उन्होंने बच्ची के पेट में हलचल देखी। उस समय बच्ची सांस ले रही थी। उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी बनाया। हालांकि इस दौरान अस्पताल के कर्मचारियों से विवाद भी हुआ। इस वीडियो में बच्ची की सासें चलती हुई दिख रही है।

#### यह एक एर्बोटस केस

*हमीदिया अस्पताल की स्त्री एवं प्रसूति विभाग अध्यक्ष डॉ. शबाना सुल्तान ने बताया कि यह एक एर्बोटस केस था। ऐसे मामलों में कभी-कभी जन्म के बाद कुछ समय के लिए हलचल दिखाई दे सकती है, लेकिन जीवित रहने की संभावना कम होती है। मेडिकल भाषा में एर्बोटस उस स्थिति को कहा जाता है, जब गर्भ में पल रहा भ्रूण 20 सप्ताह से पहले बाहर आ जाए या उसका वजन 500 ग्राम से कम हो। ऐसे मामलों में शिशु का पूर्ण विकास नहीं हो पाता और जीवित रहने की संभावना बहुत कम होती है।*

#### जूनियर डॉक्टर ने जल्दबाजी में बनाया डेथ सर्टिफिकेट

घटना के समय अस्पताल में जूनियर डॉक्टर ड्यूटी पर मौजूद थे, उन्होंने बच्चे की जांच स्टेथोस्कोप से की। इस दौरान बच्चे में न तो धडकन थी और न उसकी सांस चल रही थी। चूंकि नवजात प्री-मैच्योर था, इसलिए प्रोटोकॉल के तहत जूनियर डॉक्टरों ने जल्दबाजी में करीब दो घंटे बाद ही नवजात को मृत घोषित करते हुए उसका डेथ सर्टिफिकेट बनाकर परिजनों को सौंप दिया।

#### जूनियर डॉक्टरों के खिलाफ होगी जांच

अस्पताल प्रबंधन ने इस पूरे मामले में उन जूनियर चिकित्सकों के विरुद्ध जांच करने का निर्णय ले लिया है, जिन्होंने लापरवाही पूर्ण काम किया है। अमूमन ऐसे मामलों में 8 से 10 घंटे तक बच्चे की मॉनीटरिंग की जाती है, लेकिन ड्यूटी डॉक्टर ने कुछ घंटे में ही मृत सर्टिफिकेट परिजनों को दे दिया।

#### बनाई जांच कमेटी

मामले की जांच के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी ड्यूटी स्टाफ के बयान दर्ज कर रिपोर्ट तैयार करके शुक्रवार को सौंपेंगे। वहीं विभाग के वरिष्ठ डॉक्टरों से पूरे मामले में स्पष्टीकरण मांगा है। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

डॉ. कविता एन सिंह, डीन, जीएमसी

भोपाल, शुक्रवार 20 मार्च 2026 ■ चैत्र मास शुक्ल पक्ष -2 ■ वर्ष : 12, अंक : 347 ■ पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 34 न्यून. 20 haribhoomi.com

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


कतर के एलएनजी प्लांट में मिसाइल अटैक के बाद भीषण आग


कतर के इसी प्लांट में हमला हुआ

दुनिया के बड़े तेल भंडार 'युद्ध के घेरे' में

ईरान ने कतर के एलएनजी प्लांट पर बैलेस्टिक मिसाइल दागी, यहां से भारत आती है 47 फीसदी गैस

# तेल आपूर्ति की 'आखिरी आस' पर महासंकट!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मध्य पूर्व तनाव के बीच ईरान के कतर स्थित बड़े गैस प्लांट पर हमले से वैश्विक ऊर्जा बाजार में हलचल बढ़ गई है। इस घटना से एलएनजी सप्लाई प्रभावित होने की आशंका है, जिसका असर भारत पर भी पड़ सकता है जो गैस के लिए खाड़ी देशों पर निर्भर हैं। भारत अपनी जरूरत की लगभग 47 प्रतिशत गैस कतर से आयात करता है। हर साल भारत करीब 27 मिलियन टन एलएनजी आयात करता है, जिसमें से 12 से 13 मिलियन टन कतर से आता है। कतर अधिकारियों ने बताया कि चार मिसाइलों को रोक लिया गया, लेकिन पांचवीं ईरानी मिसाइल ने रस लाफान को निशाना बनाया।

एलएनजी प्लांट के सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं। प्लांट को हमले से कई घंटे पहले खाली करा लिया गया था। गुरुवार की सुबह रस लाफान पर एक और हमला हुआ, जिसमें आग लग गई। कतर अधिकारियों ने कहा कि आग पर काबू पाने के प्रयास जारी हैं। तेहरान ने चेतावनी दी कि कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में कई ऊर्जा स्थल अब टारगेट बन गए हैं। कतर इस आक्रामकता को खतरनाक ▶▶ शेष पेज 9 पर

***तेहरान ने चेतावनी दी- कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में कई ऊर्जा स्थल अब हमारे टारगेट***

***इससे पहले इजराइल ने ईरान के प्रमुख साउथ पार्स गैस क्षेत्र पर कई ताबड़तोड़ हमला किया था***

***ट्रंप ने अनजान बनते हुए कहा कि इजराइल ने इस हमले के बारे में हमें नहीं बताया था, अब वहां हमला नहीं करेंगे***

## इस हमले का क्या असर?

1. ब्रेंट क्रूड 6% से ज्यादा उछलकर करीब 114 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया, वैश्विक गैस कीमतें बढ़ीं
2. कतर ने ईरानी सैन्य और सुरक्षा अटैची तथा संबंधित स्टाफ को 24 घंटे के अंदर देश छोड़ने का आदेश दिया
3. कतर एनर्जी ने डिलीवरी पर फोर्स मेज्योर घोषित कर दिया, जिससे वैश्विक एलएनजी बाजार में हाहाकार
4. कच्चे तेल की कीमत में भारी तेजी के कारण निवेशकों को 12 लाख करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान
5. चांदी 12 हजार प्रति किलो से ज्यादा गिरी, सोने में भी लगभग 5000 रुपए प्रति 10 ग्राम की गिरावट


डोनाल्ड ट्रंप



सेंसेक्स धड़ाम


सोना-चांदी गिरे


ड्रोन से दहशत

## घबराए खाड़ी देश आनन-फानन में पहुंचे यूएन, बोले- तुरंत करो बहस

हमलों से घबराए खाड़ी देश आनन-फानन में यूएन पहुंचे हैं और तुरंत ही बहस करने की मांग की है। जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में, मिडिल ईस्ट में नागरिकों और ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर ईरान के हमलों को लेकर एक तत्काल बहस का अनुरोध किया है। खाड़ी देशों द्वारा भेजा गया एक राजनयिक नोट में बहरीन, जॉर्डन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात पर बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन हमलों को अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय बताता है, जिसके मानवाधिकारों पर गंभीर प्रभाव पड़ते हैं। ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

### भारत ने चिंता जाहिर की कहा- ऐसे हमले अस्वीकार

भारत ने खाड़ी क्षेत्र में तेल और गैस के कुंओं तथा तेल रिफाइनरियों पर हमलों को अत्यंत चिंताजनक बताते हुए कहा है कि इन्हें स्वीकार नहीं किया जा सकता और इन्हें तुरंत बंद किया जाना चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पिछले कुछ दिनों में खाड़ी क्षेत्र में ▶▶ शेष पेज 9 पर


जायसवाल

### अमेरिकी विदेश-रक्षा मंत्री के घर के ऊपर संदिग्ध ड्रोन दिखे

वॉशिंगटन में अमेरिकी सेना के एक अहम बेस के ऊपर संदिग्ध ड्रोन देखे गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ सैन्य बेस फोर्ट लेसली मैकनेयर के अंदर रह रहे हैं। इन ड्रोन की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है और यह भी ▶▶ शेष पेज 9 पर


मार्को, हेगसेथ

## खबर संक्षेप

### एनसीडब्ल्यू ने बादशाह, नोरा और संजय दत्त को भेजा समन

**नई दिल्ली।** 'टटीरी' और 'सरके चुनर' को लेकर खूब विवाद हुआ। अब राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने गानों के निर्माताओं को समन जारी किया है। सिंगर बादशाह, निर्देशक माही संधू और निर्माता हितेन को तलब किया गया है। उन्हें 25 मार्च को दोपहर 12:30 बजे पेश होना है। 'सरके चुनर' गाने को लेकर नोरा फतेही, संजय दत्त, निर्माता वेंकट के नारायण और निर्देशक किरण कुमार को समन भेजा गया है।



### इंदौर मेट्रो के दूसरे फेज का हुआ फाइनल टेस्ट

**इंदौर।** शहर में मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के दूसरे चरण का काउंटडाउन शुरू हो गया है। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अनुसार, मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त की टीम ने 15 से 18 मार्च 2026 तक 17.5 किमी लंबे प्रायोरिटी कॉरिडोर का विस्तृत निरीक्षण पूरा कर लिया है। मेट्रो रेल प्रायोरिटी कॉरिडोर के 6 किमी लंबे रूट पर कमर्शियल ऑपरेशन 31 मई 2025 को शुरू हुआ था। दूसरे चरण का कमर्शियल ऑपरेशन जल्द शुरू होगा।



### थ्रेशर में फंसा किसान हड्डियां चकनाचूर हुईं

**रायसेन।** जिले में गुरुवार दोपहर एक किसान की थ्रेशर मशीन में फंसकर मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि किसान की गर्दन धड़ से अलग हो गया। सिर्फ धड़ ही बचा। मामला बाड़ी थाना क्षेत्र का है। मृतक की पहचान नर्मदा कहार (42) पुत्र छुट्टन कहार के रूप में हुई है, जो बाड़ी के वार्ड नंबर 01 के निवासी थे। हादसे में उनके हाथ भी कट गए। शरीर के अलग-अलग हिस्सों में कटे के निशान हैं।



बदला मौसम : दिन के तापमान में एक से दो डिग्री तक गिरावट

# आंधी-बारिश व ओलों से 18 जिलों में गिरा पारा, आज भोपाल में बदलेगा मौसम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी मप्र में सकुर्लेशन और ट्रफ के कारण मौसम में बदलाव है, जो दो से तीन दिन जारी रहेगा*

राजधानी सहित 18 जिलों में गुरुवार को बदले मौसम के मिजाज से दिन के तापमान में एक से दो डिग्री तक गिरावट रही। कुछ जिलों में आंधी बारिश, बादल और दो स्थानों पर ओले गिरने से पारा तेजी से गिरा। गुरुवार देर रात से शुक्रवार के बीच भोपाल में भी तेज हवाओं के साथ बारिश और कुछ जिलों में ओले गिर सकते हैं। मौसम केंद्र के अनुसार अगले दो दिन प्रदेश में मौसम ऐसा ही रहेगा।

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी मप्र में सकुर्लेशन और ट्रफ के कारण मौसम में बदलाव है, जो दो से तीन दिन जारी रहेगा। गुरुवार को दोपहर से शाम के बीच दमोह के तेजपुर में करीब 50 से 60 किमी की रफ्तार से आंधी चली, बैतूल जिले में आंधी के साथ बारिश और कुछ जगह ओले गिरने की सूचना है। धार, छिंदवाड़ा, जबलपुर में आंधी के साथ बारिश और एक-दो स्थालों पर मटर के आकार के ओले गिरे। मैहर, रीवा, मुरैना, खरगोन, अलीराजपुर, रतलाम, इंदौर, झाबुआ, बड़वानी, उज्जैन, दमोह, सिवनी, अनूपपुर, कटनी, ▶▶ शेष पेज 9 पर

भोपाल में भी तेज हवाओं के साथ बारिश और कुछ जिलों में ओले गिर सकते हैं


भोपाल के मोतिया तालाब का दृश्य, आसमान में बादल की दिखी मौजूदगी

दमोह के तेजपुर में करीब 50 से 60 किमी की रफ्तार से आंधी चली

***बैतूल जिले में आंधी के साथ बारिश और कुछ जगह ओले गिरे***

***धार, छिंदवाड़ा, जबलपुर में आंधी के साथ बारिश और एक-दो स्थानों पर मटर के आकार के ओले गिरे***

### 18 जिलों में दो डिग्री तक गिरा पारा

गुरुवार को पश्चिमी मप्र के 11 और पूर्वी मप्र के 7, कुल करीब 18 जिलों में दिन के तापमान में एक से दो डिग्री तक कमी आई। भोपाल में दिन का पारा 1.2 गिरकर 34.2 डिग्री रहा। यह नॉर्मल से एक डिग्री कम है। बैतूल, गुना, ग्वालियर, नर्मदापुरम, इंदौर, खरगोन, पचमढ़ी, रतलाम, श्योपुर, उज्जैन, दमोह, जबलपुर, खजुराहो, नरसिंहपुर, नौगांव, सागर और टीकमगढ़ में भी एक से दो डिग्री तक पारा गिरने से राहत रही। शुक्रवार को भी करीब एक से डेढ़ दर्जन जिलों में मौसम के बदलाव से तापमान में उतार-चढ़ाव रहेगा।

### आंधी-बारिश-ओले का अलर्ट

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार शुक्रवार तक बैतूल, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, पांढुर्णा में कुछ जगह बारिश के साथ ओले गिरेंगे। दतिया, भिंड और छिंदवाड़ा में भी कहीं-कहीं ओलावृष्टि का अलर्ट है। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, हरदा, इंदौर, देवास, शाजापुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, राजगढ़, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, रतलाम, उज्जैन, आगर, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर में कहीं कहीं तेज हवाओं के साथ बारिश होगी।

### अभी प्रदेश में दो प्रबल सिस्टम

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन उत्तरी मप्र के ऊपर सक्रिय है। एक ट्रफ उत्तरी मप्र में बने सकुर्लेशन से होकर मराठवाड़ा, विदर्भ तक सक्रिय है। एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन पूर्वी उत्तर प्रदेश और आसपास है। एक सकुर्लेशन पश्चिमी राजस्थान में है, जबकि एक ऊपरी हवा का चक्रवात हरियाणा और आसपास है। एक पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान और आसपास है। अब एक नया पश्चिमी विक्षोभ 22 मार्च को सक्रिय हो रहा है, जिसका कुछ असर प्रदेश में रहेगा।

**पश्चिम एशिया संकटः** शांति बहाली की कोशिश

# पीएम मोदी की वैश्विक कूटनीति, 5 देशों के राष्ट्राध्यक्षों से की चर्चा

तनाव कम करने के लिए तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर


नरेंद्र मोदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक स्तर पर कूटनीतिक पहल तेज करते हुए बुधवार से गुरुवार के बीच पांच देशों के शीर्ष नेताओं से बातचीत की। इन वार्ताओं में क्षेत्रीय संकट, शांति बहाली और तनाव कम करने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रधानमंत्री ने इन संपर्कों की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से साझा की। बुधवार को पीएम मोदी ने कुवैत के क्राउन प्रिंस शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह से बात की। इस दौरान उन्होंने पश्चिम एशिया की स्थिति पर चिंता जताते हुए कुवैत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हमलों की निंदा दोहराई। साथ ही, हॉर्मुज जलडमरूमध्य में सुरक्षित और निर्बाध समुद्री आवागमन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। पीएम मोदी ने कुवैत में रह रहे भारतीय समुदाय की सुरक्षा और सहयोग के लिए आभार भी ▶▶ शेष पेज 9 पर

### पीएम मोदी ने 'भाई' कहकर किया संबोधित

ओमान के सुल्तान के साथ बातचीत में पीएम मोदी ने उन्हें भाई कहकर संबोधित किया और ईद की अग्रिम बधाई दी। इस दौरान ओमान द्वारा संकट के समय भारतीय नागरिकों सहित हजारों लोगों की सुरक्षित वापसी में निभाई गई भूमिका की सराहना की गई। जॉर्डन के राजा के साथ बातचीत में ऊर्जा इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमलों की निंदा की गई और क्षेत्र में सुरक्षित व निर्बाध आवागमन की आवश्यकता दोहराई गई। इन लगातार कूटनीतिक संवादों के जरिए भारत ने स्पष्ट किया है कि वह पश्चिम एशिया में शांति, स्थिरता और संवाद आधारित समाधान का मजबूत समर्थक है।

## विक्रमोत्सव-2026 के तहत कोटि सूर्य उपासना कार्यक्रम में बोले सीएम


मुख्यमंत्री ने गुड़ी पड़वा, चेटी चंड, नववर्ष, विक्रम संवत 2083 व नवरात्रि आरंभ समेत सभी पर्वों की बधाई दी

### हमारी सरकार ने 'विक्रमादित्य' के आदर्शों पर चलने का प्रयास किया

***भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विक्रम संवत 2083 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। हमारी सरकार ने सम्राट विक्रमादित्य के ओजस्वी शासन उनके शौर्य, साहस, पराक्रम एवं न्याय के प्रतिमानों एवं उनके आदर्शों पर चलने का प्रयास किया। हमने वीर विक्रमादित्य शोधपीठ सहित वैदिक घड़ी की भी स्थापना की है।* ▶▶ शेष पेज 9 पर

गंभीर ने खटखटाया दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा

## एआई-डीपफेक के गलत इस्तेमाल पर रोक की मांग

16 आरोपियों से 2.5 करोड़ हर्जाना भी मांगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने दिल्ली हाईकोर्ट में एक सिविल मुकदमा दायर किया है। इस केस में उन्होंने डिजिटल नकल, एआई से बनाए गए डीपफेक और बिना अनुमति उनके नाम, चेहरे और आवाज के इस्तेमाल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। गंभीर की लीगल टीम के हवाले से बताया कि, 2025 के अंत से इंस्टाग्राम, एक्स, यूट्यूब और फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म पर उनके नाम से नकली कंटेंट तेजी से बढ़ा है। एआई, फेस-स्वैपिंग और वॉइस-क्लोनिंग तकनीक की मदद से ऐसे वीडियो बनाए गए, जिनमें उन्हें ऐसे बयान देते हुए ▶▶ शेष पेज 9 पर



खेत में दौड़ लगाते दिखा तेंदुआ

## पुलिस टीम पर किया हमला एक पुलिसकर्मी हुआ घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार

जिले के तोरनोद-कालूखेड़ी रोड स्थित खेतों में गुरुवार सुबह गेहूं की कटाई के दौरान एक तेंदुआ नजर आया। खेत में तेंदुए के दिखते ही आसपास के इलाके में दहशत फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए।

घटना के समय किसान खेतों में हार्वेस्टर से गेहूं की कटाई करवा रहे थे। इसी दौरान फसल के बीच तेंदुआ दिखाई दिया। सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने नौगांव थाना पुलिस को जानकारी दी। सूचना मिलने पर वन विभाग के साथ पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस और वन विभाग की टीम तेंदुए को पकड़ने की कोशिश कर रही थी। इसी दौरान तेंदुए ने नौगांव थाने ▶▶ शेष पेज 9 पर



# चेट्री चण्ड पर विशेष





















































# चांद नजर नहीं आया, शनिवार को मनाई जाएगी ईद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रमजान के 29 रोजे पूरे होने के बाद गुरुवार शाम को मोती मस्जिद से चांद देखने की कोशिश की गई, लेकिन चांद नजर नहीं आया। रूयत-ए-हिलाल कमेटी ने आसपास के शहरों और गांवों से भी तस्दीक की, मगर कहीं से भी चांद दिखाई देने की जानकारी नहीं मिली।

जिसके बाद शहरकाजी सैयद मुश्ताक अली नदवी ने जुमे को 30वां रोजा रखने और शनिवार को ईद मनाने का ऐलान किया। इधर गुरुवार को दाउदी बोहरा समाज के लोगों ने ईद की नमाज अदा कर ईद मनाई। समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाईयां पेश कीं। इस मौके पर समाज के धर्मगुरु का विशेष बयान भी ऑनलाइन सुना गया। इधर मसाजिद कमेटी ने शहर के लोगों को हिदायत दी है कि नमाज के पहले ही सदका ए फित्र (प्रति व्यक्ति 70 रुपए) अदा किया जाए। इसके साथ किसी भी मस्जिद में ईदगाह से पहले नमाज अदा नहीं की जाएगी।

## बोहरा समाज ने गुरुवार को मनाई ईद, गले मिलकर दी बधाइयां

- **जुमे को अलविदा का रोजा रखा जाएगा**
- **ईद की खरीदारी के लिए बाजारों में उमड़ी भीड़**
- **सबसे पहले ईदगाह में होगी 7.30 बजे नमाज**



### ईद की नमाज का समय

ईदगाह: सुबह 7:30 बजे
जामा मस्जिद: सुबह 7:45 बजे
ताज-उल-मसाजिद: सुबह 8:00 बजे
मोती मस्जिद: सुबह 8:15 बजे
मस्जिद रब्बानी (एमपी नगर) सुबह 9:00 बजे





### इस बार रमजान का पांचवां जुमा होगा

*चांद नजर नहीं आने के साथ गुरुवार को तरावीह की आखिरी नमाज अदा की गई। जुमे को अलविदा का रोजा रखा जाएगा। इसके साथ रोजेदार जुमे की नमाज भी अदा करेंगे। जो इस बार रमजान का पांचवां जुमा होगा।*

### बाजारों में बढ़ी रौनक खरीदारी का जोश

*ईद की तैयारियों को लेकर शहर के बाजारों में रौनक देखने को मिली। चौक बाजार, लखेरापुरा, जुमेराती, बुधवारा, इतवारा और जहांगीराबाद जैसे इलाकों में खरीदारी के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस ने कई जगहों पर बैरिकेडिंग कर ट्रैफिक का इंतजाम देखा।*

# 22.77 लाख महिलाएं बनीं 'लखपति दीदी', देश में चौथे स्थान पर मध्य प्रदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में मध्य प्रदेश ने बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए देश के अग्रणी राज्यों में मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई है। केंद्र सरकार की 'लखपति दीदी' योजना के तहत प्रदेश की 22 लाख 77 हजार से अधिक महिलाएं लखपति बन चुकी हैं, जिससे मध्य प्रदेश देश में चौथे स्थान पर पहुंच गया है।

केंद्र सरकार के ताजा आंकड़ों के अनुसार, इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। 'लखपति दीदी' का मतलब उन महिलाओं से है, जिनकी वार्षिक आय एक लाख रुपए या उससे अधिक हो जाती है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार और छोटे व्यवसायों से जोड़ा जा रहा है। इस योजना की घोषणा वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री द्वारा की गई थी, जिसका लक्ष्य देशभर में करोड़ों महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। मध्य प्रदेश में इस दिशा में तेजी से काम हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप प्रदेश की बड़ी संख्या में महिलाएं आय के नए स्रोतों से जुड़ रही हैं।

महिलाओं को खेती किसानी की मिल रही मदद प्रदेश में महिलाओं को प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता देने पर भी विशेष जोर दिया गया है। 'नमो ड्रोन दीदी' पहल के तहत राज्य की महिलाओं को ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके लिए मध्य प्रदेश को 34 ड्रोन उपलब्ध कराए गए हैं।




















































## नवरात्रि में श्रद्धालुओं का लगा रहता है तांता

# कर्फ्यू के दौरान हुई माता रानी की स्थापना, इसलिए भक्तों ने नाम दिया कर्फ्यू वाली माता, राजधानी के सबसे अधिक विख्यात मंदिरों में से एक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुराने शहर का पीरगेट सोमवारा चौक आस्था का प्रमुख स्थल है। यह मंदिर कफ्यूर्वाली मंदिर के नाम से प्रसिद्ध रहा है। करीब चार दशक पूर्व यहां भवानी मंदिर बना, तब से यहां पर माता के जयकारे गूंज रहे हैं। वैसे तो सालभर यहां दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रहती है, लेकिन नवरात्रि में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का दिनभर तांता लगाता है। मंदिर के नाम के पीछे ऐतिहासिक महत्व भी है। यह मंदिर अमृतसर के स्वर्ण मंदिर की तर्ज पर विकसित किया गया। इसलिए यह राजधानीवासियों के बीच स्वर्ण मंदिर के नाम से पहचाने जाने लगा है। पीरगेट इलाके में स्थित कर्फ्यू वाली माता रानी के दरबार की अपनी महिमा है। वैसे तो इस मंदिर में सालभर भक्तों की भीड़ लगी रहती है। लेकिन नवरात्र में विशेष रूप से मां भवानी के मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहता है।



कर्फ्यू वाली माता मंदिर।

### ऐसे पड़ा कर्फ्यू वाली माता नाम

कर्फ्यू वाली माता का मंदिर इस मंदिर का नाम कर्फ्यू वाली माता का मंदिर पड़ने के पीछे बड़ी कहानी है। मंदिर के पुजारी नरेश अवस्थी ने बताया कि 1982 में जब मंदिर का निर्माण हो रहा था तो राजधानी में खासकर पुराने भोपाल इलाके में साम्प्रदायिक तनाव के हालात पैदा हो गए थे और स्थिति पर नियंत्रण के लिए इलाके में कर्फ्यू लगा दिया गया था। प्रशासन ने रातों रात मूर्ति हटवाकर शीतलदास की बगिया में रखवा दी थी। इस बात से भोपालवासी खासा नाराज हो गए थे और तनाव कम होने का नाम ही नहीं ले रहा था। कर्फ्यू करीब एक महीने तक रहा और आखिरकार प्रशासन को हार मानकर मंदिर में मां की प्रतिमा को स्थापित करना पड़ा था। तब से इस मंदिर का नाम कर्फ्यू वाली माता के मंदिर से जानने लगे। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि इस दौरान तात्कालीन मुख्य मंत्री अर्जुन सिंह की मां की तबीयत अचानक बिगड़ गई। दिन पर दिन उनकी तबीयत खराब होती जा रही है। इस दौरान उनको एहसास हुआ कि माता रानी की मूर्ति हटाने के कारण यह परेशानी हो रही है, तब उन्होंने अपने आदेश को वापिस लिया और माता रानी का आशीर्वाद लेते हुए,माता की मूर्ति वहीं पर स्थापित करने के आदेश प्रशासन को दिए।


नरेश अवस्थी, पुजारी

### 50 रुपए से अधिक के दान की दी जाती है रसीद

मंदिर समिति के अध्यक्ष आशीष सैनी ने बताया कि एक तरफ जहां देश के अन्य मंदिरों में अकूत धन चढ़ता है, जिसका अधिकांश मंदिर समितियां, ट्रस्ट कोई रिकॉर्ड नहीं रखती हैं। लेकिन इस मंदिर में 50 रुपए से अधिक का दान रसीद से ही स्वीकार किए जाता है। पेटी में जो दान किया जाता, वह गुप्तदान रहता है। इसी पैसे से मंदिर का संचालन व वर्षभर के सभी बड़े त्योहार धूमधाम से मनाए जाते हैं।

### मंदिर आए श्रद्धालुगण

#### माता रानी को चुनरी चढ़ाने लगाया जाता है नंबर


सूर्यप्रभा

श्रद्धालु सूर्य प्रभा यशोदिया ने बताया कि नवरात्र में माता रानी को चुनरी व साड़ी पहनाने के लिए नंबर लगाए जाते है। हम लोग यहां पर हर साल माता रानी को चुनरी चढ़ाते है।

#### मां के आशीर्वाद से पूरी हुई सभी मुरादें


प्रवेश जोशी

श्रद्धालु प्रवेश जोशी ने बताया कि जब भी कोई कष्ट या परेशानी आई तो माता रानी ने दूर की। मातारानी के इस दरबार में मन्नत के लिए रक्षासूत्र बंधते है। मैं व घर-परिवार के लोग सालों से माता रानी के दरबार में आ रहे है।

## चैत्र नवरात्र के पहले दिन जारी रहा मंदिरों में घट स्थापना और यज्ञ-हवन का दौर

### सुबह से मंदिरों में रही श्रद्धालुओं की भीड़ घरों में पूजन-पाठ करते रहे श्रद्धालु

# शक्ति आराधना के साथ ही चैत्र नवरात्र, नवसंवत्सर का शुभारंभ


मंदिर में महिला श्रद्धालुगण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना के साथ गुरुवार को चैत्र नवरात्र पर्व और नवसंवत्सर वर्ष की शुरुआत हुई। इस अवसर पर राजधानी के सभी देवी मंदिरों में घट स्थापना के साथ मंत्र जाप और यज्ञ हवन आदि भी शुरू हो गए। दूसरी ओर मंत्र साधना और अन्य प्रयोजनों से श्रद्धालुओं ने व्रत-उपवास भी शुरू किये। गौरतलब है कि भारतीय सनातन धर्म में नववर्ष की चैत्र नवरात्रि की प्रतिपदा तिथि से प्रारंभ हुआ। उधर गुड़ी पड़वा, चैतीचांद और नवरात्रि का पर्व भी धूमधाम से मनाया गया। प्रथम दिन गुरूवार को मंदिरों में माता शैलपुत्री की आराधना हुई, वहीं घरों और मंदिरों विशेष मुहूर्तों में घट स्थापना की गई।

### यह होगा आराधना का क्रम

नवरात्रि के दौरान माता दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-आराधना की जाएगी। इसमें प्रथम दिवस शैलपुत्री की आराधना हुई। इसी तरह दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी, तृतीया को चंद्रघंटा, चतुर्थी को कुष्मांडा, पंचमी को स्कंध माता, षष्ठी को कात्यायनी, सप्तमी को कालरात्रि, अष्टमी को महागौरी और नवमीं को सिद्धिदात्री देवी की पूजा-आराधना होगी।

### यहां शुरू हुई विशेष आराधना

नवरात्रि के दौरान शहर के कई मंदिरों में विशेष आराधना शुरू हुई। अशोक विहार स्थित दुर्गाधाम शक्तिपीठ मंदिर में प्रतिदिन घट स्थापना का क्रम शुरू हुआ। नवीन नगर ऐशबाग स्थित तांत्रिक नवचंडी दरबार में नौ दिन तक विशेष अनुष्ठान किया जा रहा है। नेहरू नगर स्थित प्राचीन सिद्धेश्वर शिव मंदिर श्री अर्जीवाले हनुमान सिद्ध सरकार दरबार में भक्तों की अर्जियां लगना शुरू हो गया है। एमपी नगर स्थित गायत्री शक्ति पीठ पर पर नवरात्र साधना अनुष्ठान का संकल्प कराया जा रहा है। यहां भी नौ दिन तक विशेष आयोजन होंगे।

### महाआरती के लिए उमड़ा श्रद्धालुओं का हुजूम

चैत्र नवरात्रि के अवसर पर जहां समूची राजधानी आस्था और भक्ति के रंग में सराबोर हुई, वहीं देवी मंदिरों में माता के जयकारे गूंज रहे हैं। पीरगेट स्थित कफ्र्यू वाली माता मंदिर में गुरूवार को सुबह से ही महाआरती के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा, वहीं तलैया स्थित मां काली के मंदिर में दिनभर भक्तजन मत्था टेककर माता से अरदास करते रहे। इसी तरह टीटी नगर स्थित माता मंदिर, सिंधी कालोनी और हमीदिया रोड स्थित श्री दुर्गा मंदिर, विधायक विश्राम गृह स्थित मां चामुंडा दरबार, आनंद नगर स्थित मां भवानी मंदिर और भेल के कालीबाड़ी मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने दिनभर माता की आरती-पूजा की।

### पंचांग पूजन हुआ

भारतीय सनातन संस्कृति के अनुसार गुरुवार को प्रतिपदा के अवसर पर पुरोहितों द्वारा पंचांग पूजन कर संवत्सर नववर्ष का शुभारंभ किया गया। नववर्ष के अवसर पर 1100 क्वार्टर्स स्थित शिवसांईं मंदिर के ओंकारपीठ में श्रीगणेश ज्योतिष संस्थान द्वारा पंचांग पूजन कर नववर्ष की शुरुआत की गई। इसके अलावा संत पुजारी संघ के तत्वावधान में सृष्टि निर्माण दिवस के रूप में नववर्ष मनाया गया। इस अवसर पर संघ द्वारा कात्यायनी शक्तिपीठ में पंचांग का वितरण भी किया गया।

### राजधानी में भक्तिभाव से मनाया गया गुड़ी-पड़वा

शहर में गुरुवार को हिंदू नववर्ष व गुड़ी-पड़वा का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। जगह-जगह विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें मुख्य रूप से महाराष्ट्रीयन समाज गुरुवार को गुड़ी पड़वा का पर्व पर पूरणपोली, श्रीखंड, केसरी भात आदि बनाया गया।

इस दौरान सुख, समृद्धि, आयुष्य और आरोग्य की कामना के साथ गुड़ी की पूजा की गई। महाराष्ट्रीयन समाज के लोगों ने घर परिवार की सुख, समृद्धि के लिए विशेष प्रार्थना की गई। गायत्री शक्तिपीठ की ओर से सुबह सूर्य को अर्घ्य देकर आराधना हुई और शाम को दीपयज्ञ का आयोजन हुआ। इस मौके पर नई पीढ़ी को भारतीय परंपरा और संस्कृति से अवगत कराया गया। नई पीढ़ी के बच्चों को परंपरा के अनुसार गुड़ी बनाने और उसके पूजन की जानकारी दी।

#### ऐसे बनाते हैं गुड़ी

महाराष्ट्रीयन समाज की ओर से गुड़ी पड़वा पर विशेष तरीके से गुड़ी बनाई गई। एक बांस में चांदी अथवा तांबे का कलश उल्टा लगाकर उस पर नए कोरे कपड़े से बांधकर नीम या आम की पत्तियां बांधी गई। उसके बाद उसे सजाकर उसकी पूजा की गई।

**नवसंवत्सर की सोशल मीडिया पर दी बधाई:** शहर की धार्मिक संस्थाओं व लोगों द्वारा विक्रम नवसंवत्सर का स्वागत शंख ध्वनि से किया गया। इस मौके पर होशंगाबाद रोड गणेश नगर नटबाबा शिव मंदिर में श्री महाचड़ी यज्ञ शुरू किया गया।

### भेल में 31 फीट गुड़ी बनी आकर्षण का केंद्र



शहर में एक ओर पारंपरिक धार्मिक अनुष्ठानों की धूम रही, वहीं भेल क्षेत्र में मराठी समाज ने भव्य आयोजन कर इतिहास रचने का दावा किया। मराठी सांस्कृतिक मंडल, पिपलानी द्वारा श्री गणेश मंदिर परिसर में 31 फीट ऊंची गुड़ी स्थापित की गई, जिसे प्रदेश की सबसे ऊंची गुड़ी बताया जा रहा है। शंखनाद और सूर्य अर्घ्य के साथ गुड़ी की स्थापना की गई, जो पूरे क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र रही।

#### जयघोष और प्रभात फेरी से गूंजा माहौल

सुबह नववर्ष के पहले सूर्योदय पर सैकड़ों लोगों ने एकत्र होकर सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। जय भवानी, जय शिवाजी के जयघोष और नववर्ष की शुभकामनाओं से माहौल गुंजायमान रहा।

### गायत्री शक्ति पीठ में साधना अनुष्ठान शुरू

## 108 कलश के साथ उगते सूर्य को अर्घ्य देकर हिंदू नववर्ष का स्वागत


सूर्य को अर्घ्य अर्पण।

**भोपाल।** चैत्र नवरात्रि, हिन्दू नववर्ष एवं नवीन विक्रम संवत के पावन अवसर पर राजधानी में आस्था, श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। गायत्री शक्तिपीठ द्वारा पं. श्रीराम शर्मा आचार्य उपवन में प्रातः काल आयोजित भव्य धार्मिक कार्यक्रम में 108 साधकों ने सामूहिक रूप से उगते हुए सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित कर नववर्ष का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ शंख, घड़ियाल एवं घंटियों की मंगलमय ध्वनि तथा वैदिक स्वस्तिवाचन मंत्रों के उच्चारण के साथ हुआ। पूरे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हो गया। सूर्य अर्घ्यदान के उपरांत 9 दिवसीय गायत्री महामंत्र अनुष्ठान का विधिवत शुभारंभ किया गया। साधकों ने सामूहिक जप में भाग लेकर आध्यात्मिक साधना का संकल्प लिया। जप पूर्ण होने के पश्चात यज्ञ कुंड में विश्व कल्याण, पर्यावरण शुद्धि एवं मानव मात्र के मंगल की भावना से आहुतियां समर्पित की गईं। गुड़ी पड़वा के इस विशेष अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पार्षद अशोक वाणी एमईसी सदस्य, वरिष्ठ परिजन व अनेक भाई बहन उपस्थित रहे।

**पूरे परिसर में गूंजती रही शंख, घड़ियाल और घंटियों की मंगलमय ध्वनि**

#### विश्व कल्याण के लिए 9 दिन होगी साधना

परिवार के रमेश नागर ने बताया कि यह 9 दिवसीय अनुष्ठान पूरे चैत्र नवरात्रि के दौरान निरंतर चलेगा। इसमें साधक प्रतिदिन जप, तप एवं यज्ञ के माध्यम से आत्मशुद्धि और विश्व कल्याण के लिए साधना करेंगे। उन्होंने बताया कि सायंकाल शक्तिपीठ परिसर में प्रतिदिन अखण्ड दीप के सानिध्य में साधक अपनी साधना करेंगे और विश्व में फैली अशांति, युद्ध आतंकवाद आदि समस्याओं का समाधान हो विश्व में सुख शांति की स्थापना इस भावना से प्रतिदिन यज्ञ में आहुति देंगे। इस अवसर पर सदानंद आंबेकर, विनोद गुप्ता, सुरेश श्रीवास्तव, डीके श्रीवास्तव, विनोद मालवीय, कमल वर्मा, ज्ञान चौहान, मदन समेले एवं युवा टीम विशेष रूप से उपस्थित रही।

## अटल पथ पर रामेश्वर शर्मा ने आतिशबाजी के साथ किया नव संवत्सर का अभिनंदन


प्रसाद वितरण करते विधायक शर्मा।

**कार्यकर्ताओं के साथ विधायक रामेश्वर शर्मा ने मनाया नववर्ष**

**आसमान में चमकदार आतिशबाजी के बिखरे मनोहारी रंग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हुजूर विधानसभा से विधायक व कर्मश्री के अध्यक्ष रामेश्वर शर्मा का नववर्ष मनाने का अंदाज निराला है। वह प्रतिवर्ष हिंदू नववर्ष पर विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन कराते हैं। इसके साथ ही नववर्ष की संध्या पर रंगारंग आतिशबाजी कर नववर्ष मनाते हैं। गुरुवार को गुड़ी पड़वा व चैती चंड के उपलक्ष्य में विधायक रामेश्वर शर्मा ने अटल पथ पर भव्य आतिशबाजी कर नए साल का अभिनंदन किया। गगनचूंबी आतिशबाजी से अटल पथ पर बिखरी रौशनी हर किसी के लिए आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में नागरिकजनों ने आतिशबाजी के साथ एक दूसरे को नव संवत्सर की बधाई दी। विधायक शर्मा ने कहा कि हिंदू नववर्ष नव संवत्सर के आगमन तिथि कितनी शुभ है कि उसके आने पर प्रकृति भी अपना कलेवर बदलकर बासंती हो जाती है। इसी तिथि पर नवरात्रारंभ भी होता है जब हम नौ दिवसों तक जगत जननी मां जगदंबा के पूजन-अर्चन का सौभाग्य पाते हैं। भला इतने शुभ दिन पर प्रारंभ होने वाले वर्ष को हर्ष का अवसर बनाकर पर्व क्यों नहीं मनाया जाना चाहिए। इसी विचार के साथ भव्य आतिशबाजी एवं धूमधाम से नववर्ष के आगमन का आयोजन किया गया।

**आतिशबाजी से अटल पथ पर बिखरी रोशनी**

## हेवू-बीएमएस ने सामूहिक हनुमान चालीसा कर उतारी भारत माता की आरती




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हेवु भारतीय मजदूर संघ ने हिन्दू नववर्ष, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा एव गुडी पड़वा पर सामूहिक हनुमान चालीसा और भारत माता की आरती का आयोजन भेल के गेट नं 5 क्रांतिस्थल पर किया। कार्यक्रम में मंत्री कृष्णा गौर, भेल ईडी पीके उपाध्याय, भारतीय मजदूर संघ के महामंत्री कुलदीप गुर्जर, भेल जीएम एचआर टीयू सिंह, मेघा दुबे, विनोद रिछारिया, अनिल एंडविन, ब्रज त्रिपाठी, विक्रम सिंह, संजय चौधरी एवं धर्म प्रेमी उपस्थित हुए। भेल ईडी ने सभी को हिन्दू नववर्ष की बधाई देते हुए सभी को उत्पादन लक्ष्य को नई ऊंचाई पाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को मंत्री गौर ने भी संबोधित किया।

### हिंदू नववर्ष पर महिला स्व सहायता समूह के लिए आयोजन

# देवी पूजन और प्रसाद वितरण कर हिंदू नववर्ष का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के एक परिसर में हिंदू नववर्ष पर महिला स्व सहायता समूह की बहनों एवं मातृशक्तियों के लिए कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ देवी पूजन एवं आरती के साथ हुआ। तत्पश्चात सभी बहनों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी गईं एवं प्रसादी का वितरण किया गया।

इस अवसर पर स्वावलंबी भारत अभियान छत्तीसगढ़ प्रांत की सह-समन्वयक सुमन मूथा, स्वदेशी जागरण मंच मध्य भारत की महिला कार्य प्रमुख सीमा भारद्वाज, भोपाल विभाग की सह-प्रमुख प्रज्ञा सेन तथा कार्यालय व्यवस्था प्रमुख हरिओम सेन सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


स्वदेशी जागरण मंच की पदाधिकारी सीमा भारद्वाज व अन्य अतिथि।

#### स्वावलंबी बनकर परिवार, समाज और राष्ट्र को सशक्त बना सकती हैं महिलाएं: सीमा भारद्वाज

कार्यक्रम में सीमा भारद्वाज ने बहनों को उनके द्वारा निर्मित उत्पादों की आकर्षक पैकेजिंग, बाजार में विक्रय तथा ऑनलाइन बिक्री के संबंध में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि महिलाएं स्वावलंबी बनकर अपने परिवार, समाज और राष्ट्र को सशक्त बना सकती हैं। साथ ही एक-दूसरे को जोड़कर, सीखते हुए आगे बढ़ने का संदेश देते हुए इसे ही नववर्ष का वास्तविक संकल्प बताया। कार्यक्रम के अंत में सुमन मूथा ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा प्रज्ञा सेन ने स्वदेशी पत्रकों का वितरण किया।


कार्यक्रम में स्वदेशी पत्रकों का वितरण।

### बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु, आतिशबाजी-प्रसादी वितरित

## हिंदू नववर्ष पर निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 के पावन अवसर पर नेहरू नगर क्षेत्र में भव्य एवं विशाल शोभायात्रा हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर क्षेत्र के सनातन प्रेमियों, युवाओं एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नववर्ष का स्वागत किया। शोभायात्रा शबरी नगर तिराहा से प्रारंभ होकर नेहरू नगर चौराहा तक पहुंची, जहां भव्य आतिशबाजी एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। पूरे मार्ग में भगवा ध्वज, जयकारों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण बना दिया। सृष्टि जनकल्याण समिति के अध्यक्ष महेंद्र दवे ने सभी क्षेत्रवासियों एवं सहभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, सांस्कृतिक जागरूकता एवं परंपराओं के संरक्षण को मजबूत करते हैं। उन्होंने सभी सनातन प्रेमियों से भविष्य में भी इसी प्रकार सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में राजेंद्र राठौड़, लवलेश तिवारी, राजेश हिरवे, आलोक श्रीवास्तव, विक्रम सोनी, विकास शर्मा, संतोष गुप्ता, वीरेंद्र साहू, अजय पांडे, कमल सिंह यादव, आरएन श्रीवास्तव, अनुराग, जीवन देशमुख, हरि मालवीय सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं युवा उपस्थित रहे।


हिंदू नववर्ष पर निकली शोभायात्रा।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन जयपुर में कल इंटरएक्टिव सेशन में उद्योगपतियों से करेंगे संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मप्र को देश के सबसे भरोसेमंद और उभरते निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर पर निवेश आकर्षण की सक्रिय मुहिम चला रहे हैं।

वे विभिन्न राज्यों में रोड-शो और उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन संवाद के माध्यम से औद्योगिक संभावनाओं को निवेशकों के सामने रख रहे हैं। भीलवाड़ा में टेक्सटाइल सेक्टर पर केंद्रित सफल संवाद के बाद अब मुख्यमंत्री 21 मार्च को जयपुर के आईटीसी राजपूताना में इंटरेक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्यूनिटीज इन मप्र में उद्योग जगत से सीधा संवाद करेंगे।

## चयनित निवेशकों के साथ वन-टू-वन बैठकें होंगी



जयपुर में आयोजित सत्र विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों कृषि, फूड प्रोसेसिंग, डेयरी, टेक्सटाइल एवं गारमेंट्स, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रिक व्हीकल, नवीकरणीय ऊर्जा, माइनिंग एवं मिनरल्स तथा पर्यटन से जुड़े उद्योगपतियों और औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों की सहभागिता का साक्षी बनेगा। मुख्यमंत्री के साथ प्रत्यक्ष संवाद तथा चयनित निवेशकों के साथ वन-टू-वन बैठकें प्रमुख आकर्षण रहेंगी।

### मप्र में निवेश के लिए प्रोत्साहित करना है उद्देश्य

कार्यक्रम का उद्देश्य जयपुर एवं राजस्थान के आसपास के क्षेत्रों के उद्योगपतियों और निवेशकों को मप्र में उपलब्ध औद्योगिक अवसरों, उन्नत अधोसंरचना, नवीन औद्योगिक नीतियों तथा आकर्षक प्रोत्साहन योजनाओं की प्रत्यक्ष एवं तथ्यात्मक जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें राज्य में निवेश के लिए प्रोत्साहित करना है। मुख्यमंत्री का स्पष्ट संदेश है कि मप्र अब संभावनाओं तक सीमित राज्य नहीं रहा, बल्कि नीतिगत स्पष्टता, त्वरित निर्णय क्षमता और मजबूत औद्योगिक आधार के साथ निवेश को धरातल पर उतारने वाला अग्रणी राज्य बन चुका है। उनका मानना है कि निवेश केवल पूंजी का प्रवाह नहीं, बल्कि रोजगार सृजन, कौशल विकास, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और समग्र क्षेत्रीय विकास का माध्यम है।

### समग्र और समावेशी विकास की ओर अग्रसर मोहन सरकार

मोहन सरकार की प्राथमिकताओं में भी निरंतरता स्पष्टता दिखाई देती है। मध्यप्रदेश ने निवेश आकर्षण व औद्योगिक आधार को सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। वहीं वर्ष 2026 को 'कृषि वर्ष' के रूप में चिन्हित करते हुए मुख्यमंत्री अब कृषि, एग्री-बिजनेस, फूड प्रोसेसिंग और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को औद्योगिक विकास के साथ समेकित करने की दिशा में आगे बढ़ रहे है। यह संतुलित दृष्टिकोण राज्य को समग्र विकास की ओर बढ़ा रहा है।

### टेक्सटाइल, ईवी-ऑटोमोबाइल, फूड प्रोसेसिंग और पर्यटन सेक्टर के निवेशक होंगे शामिल

### निवेशकों को राज्य में उद्योग स्थापित करने आमंत्रित करेंगे सीएम

मुख्यमंत्री मप्र में निवेश के अवसरों, नई औद्योगिक नीतियों और बेहतर अधोसंरचना की जानकारी देते हुए निवेशकों को राज्य में उद्योग स्थापित करने के लिए आमंत्रित करेंगे। भारत की तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था के इस दौर में देश वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में अपनी निर्णायक उपस्थिति दर्ज करा रहा है, तब मध्यप्रदेश की मोहन सरकार ने औद्योगिक विस्तार और संतुलित क्षेत्रीय विकास को लेकर एक स्पष्ट, आत्मविश्वासपूर्ण और परिणामोन्मुख रणनीति के साथ आगे बढ़ना शुरू कर दिया है। राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय निवेश परिदृश्य में भी मध्यप्रदेश अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराते हुए स्वयं को एक उभरते हुए निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित कर रहा है।

### जयपुर में यह दूसरा प्रमुख आयोजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 26 फरवरी को राजस्थान के भीलवाड़ा में टेक्सटाइल सेक्टर पर केंद्रित एक सफल इंटरएक्टिव सत्र में मप्र के धार जिले में देश के पहले पीएम मित्र पार्क में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए जयपुर में यह दूसरा प्रमुख आयोजन हो रहा है, जिसके माध्यम से मप्र अपने औद्योगिक सामर्थ्य और निवेश संभावनाओं को व्यापक स्तर पर प्रस्तुत कर रहा है। राज्य की ओर से अल्प समय में 18 नई औद्योगिक नीतियों का क्रियान्वयन तथा दो 'जन विश्वास अधिनियमों' को लागू कर प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी और उद्योग-अनुकूल बनाया जाना इस परिवर्तनशील और निवेशोन्मुखी दृष्टिकोण का स्पष्ट प्रमाण है।

---

प्रदेश के सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स की सिंहस्थ 2028 के संबंध में हुई कार्यशाला

# सिंहस्थ का आयोजन आस्था, आध्यात्म और प्रकृति का अद्भुत समागम : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ-2028 का आयोजन आस्था, आध्यात्म और प्रकृति का अद्भुत समागम होगा। सिंहस्थ के मुख्य राजसी स्नान और अन्य स्नान शिप्रा के जल से ही हो, यह सुनिश्चित करने के लिए सिलारखेड़ी सेवरखेड़ी परियोजना प्रगतिरत है। वर्तमान दौर में सोशल मीडिया बहुत महत्वपूर्ण है, जो सुशासन और समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करने का सशक्त मार्ग है। डॉ यादव मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा सिंहस्थ-2028 के कार्यों की जानकारी प्रदान करने प्रदेश के सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स की उज्जैन में आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

कार्यशाला में कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने सिंहस्थ-2028 के लिए कान्ह क्लोज डक्ट, सेवरखेड़ी सिलारखेड़ी परियोजना, शहर के आंतरिक मार्गों का चौड़ीकरण, सीवरेज कार्य, मेला क्षेत्र विकास, जिले की कनेक्टविटी को देश से जोड़ने के लिए बनाए जा रहे 6 लेन और 4 लेन मार्गों, रेलवे लाइन, एयरपोर्ट आदि विकास कार्यों की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने सिंहस्थ के लिए किए जा रहे भीड़ प्रबंधन के उपाय, सुरक्षा व्यवस्था, एआई टेक्नोलॉजी का क्रॉउड मैनेजमेंट, श्रद्धालुओं को जानकारी प्रदान करने, पार्किंग आदि में उपयोग संबंधी जानकारी दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर सेंसिटव जानकारी पोस्ट करने से पहले उसकी सत्यता की जांच करना और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने के बारे में चर्चा की।

» *वर्तमान दौर में सोशल मीडिया बहुत महत्वपूर्ण*

» *शासन और समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करने का सशक्त मार्ग है सोशल मीडिया*



सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स से चर्चा करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।



## पं. दुबे का विधानसभा अध्यक्ष के रूप में कार्यकाल भुलाया नहीं जा सकता : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**विशेष प्रतिनिधि. भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्व पं. कुंजीलाल दुबे तीन बार मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष रहे। अध्यक्ष के रूप में उन्होंने हिन्दी भाषा को प्रतिष्ठित स्थान दिलाने में बड़ा योगदान दिया। पं. दुबे के विधानसभा अध्यक्षीय कार्यकाल की सुदीर्घ सेवाओं और संसदीय परम्पराओं को और भी समृद्ध बनाने में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। डॉ. यादव ने गुरुवार को स्व. पं. कुंजीलाल दुबे की 130वीं जन्म जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश विधानसभा भवन परिसर में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।



विधानसभा भवन में श्रद्धांजलि देते सीएम और विधानसभा अध्यक्ष।

### *विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने भी दी पुष्पांजलि*

*मुख्यमंत्री ने कहा कि पं. दुबे की समाजोन्मुखी सेवाओं के लिए वर्ष 1964 में इन्हें पद्मभूषण की उपाधि से विभूषित किया गया। विद्या और ज्ञान के क्षेत्र में की गई सेवाओं और उपलब्धियों के लिए पं. दुबे को 1965 में एलएलडी की उपाधि दी गई, वहीं 1967 में विक्रम विश्वविद्यालय ने इन्हें डी-लिट की उपाधि प्रदान की थी। वे सदैव हमारी स्मृतियों में बने रहेंगे। पुष्पांजलि कार्यक्रम में मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, विधायक भगवानदास सबनानी, प्रमुख सचिव विधानसभा अरविन्द शर्मा तथा भूतपूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व पं. दुबे के परिजन सहित विधानसभा के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।*

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज करेंगे 'आनंद के आयाम' राष्ट्रीय संगोष्ठी' का शुभारंभ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव राज्य आनंद संस्थान, आनंद विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस के अवसर पर आयोजित 'आनंद के आयाम- राष्ट्रीय संगोष्ठी' का शुभारंभ करेंगे। संगोष्ठी स्वर्ण जयंती सभागार, प्रशासन अकादमी, भोपाल में शुक्रवार 20 मार्च को सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगी। इसमें हार्टफुलनेस संस्थान, हैदराबाद के कमलेश डी पटेल (दाजी) मुख्य संबोधन देंगे। संगोष्ठी में आनंद और प्रसन्नता के विविध आयामों पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। संगोष्ठी में 'आनंद' के विषय-विशेषज्ञ, शिक्षाविद, शोधकर्ता, विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि और समाजसेवी शामिल होंगे। राज्य आनंद संस्थान की स्थापना वर्ष 2016 में मध्यप्रदेश शासन द्वारा नागरिकों के बीच आंतरिक कल्याण, भावनात्मक दृढ़ता और मूल्य-आधारित जीवन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी। मध्यप्रदेश देश का पहला और एकमात्र राज्य है, जहां 'आनंद विभाग' कार्यरत है। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्देश्य नागरिकों में आनंद, आंतरिक कल्याण की भावना और मूल्य-आधारित जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है। यह आयोजन सुशासन और जनभागीदारी को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

---

## बड़वानी एवं मुरैना में दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिजनों को एक एक करोड़ रुपए की दी सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र पुलिस अपने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कल्याण के लिए संचालित योजनाएं कठिन परिस्थितियों में पुलिस परिवारों के लिए सशक्त सहारा बनकर सामने आ रही है। बड़वानी एवं मुरैना में हुई घटनाओं में दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिजनों को भारतीय स्टेट बैंक की पुलिस सैलरी पैकेज योजना के तहत एक-एक करोड़ रुपए की बीमा सहायता राशि प्रदान की गई है।

पुलिस बल बड़वानी में पदस्थ स्व. आरक्षक जयेश वर्मा का एक दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो जाने पर उनका वेतन खाता भारतीय स्टेट बैंक शाखा अंजड़ में पुलिस सैलरी पैकेज योजना से संबद्ध होने के कारण उनके नामांकित उत्तराधिकारी को दुर्घटनावश मृत्यु बीमा के रूप में एक करोड़ रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई। पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल की ओर से परिजनों को उक्त राशि का चेक सौंपा गया।



### *पुलिस सैलरी पैकेज योजना से परिजन को सौंपे चेक*

*इससे पूर्व सागर जिले में हुई एक दुखद सड़क दुर्घटना में बीडीईएस टीम के पुलिसकर्मियों के निधन के बाद मुरैना में स्व. आरक्षक प्रद्युम्न दीक्षित एवं स्व. आरक्षक अनिल कौरव के परिजनों को भी एसबीआई पुलिस सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत एक-एक करोड़ रुपए की बीमा राशि प्रदान की गई। पुलिस अधीक्षक मुरैना समीर सौरभ ने परिजनों को उक्त राशि के चेक सौंपे। मध्यप्रदेश पुलिस की ओर से सभी पुलिस कर्मियों को पुलिस वेतन पैकेज खाता के जरिए अनेक वित्तीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इनमें एक करोड़ रुपए का आकस्मिक मृत्यु बीमा, होम लोन पर विशेष ब्याज दरें, मुफ्त डेबिट कार्ड और बीमा परिवार के लिए अतिरिक्त आर्थिक सुरक्षा कवच शामिल हैं।*

## पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान को लेकर भोपाल संगठन की हुई बैठक

### प्रशिक्षण आत्मविश्वास और संगठन के प्रति समर्पण की भावना को करता है विकसित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी जिला भोपाल द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत गुरूवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय स्थित पं. दीनदयाल परिसर में भोपाल नगर के विभिन्न मंडलों में आयोजित किए जाने वाले प्रशिक्षण वर्गों की रूपरेखा को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्रशिक्षण महाअभियान के प्रदेश सह संयोजक आलोक संजर, भोपाल जिला अध्यक्ष रविंद्र यति, जिला प्रभारी जसवंत सिंह हाड़ा उपस्थित रहे। प्रशिक्षण महाअभियान के प्रदेश सह संयोजक आलोक संजर ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान संगठन के कार्यकर्ताओं के सर्वांगीण विकास का एक सशक्त माध्यम है। प्रशिक्षण वर्ग केवल जानकारी देने का मंच नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के भीतर नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और संगठन के प्रति समर्पण की भावना को विकसित करने का अवसर




प्रदान करते हैं। भोपाल जिलाध्यक्ष रविंद्र यति ने कहा कि जिला स्तर से लेकर मंडल स्तर तक एक मजबूत समन्वय स्थापित किया गया है, जिससे हर प्रशिक्षण वर्ग सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हो सके। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि अधिक से अधिक कार्यकर्ता इन वर्गों में सक्रिय रूप से भाग लें और उन्हें संगठन के विभिन्न आयामों बूथ प्रबंधन, जनसंपर्क, सेवा कार्य और नेतृत्व विकासकृका व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त हो।

---

# सेहतनामा

### सरकारी अस्पताल में इलाज के साथ मिलता है डांट का डोज

राजधानी के काटजू अस्पताल में इलाज के साथ-साथ मरीजों को एक खास तरह की सीख भी दी जा रही है। यहां की एक वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ का मानना है कि सरकारी अस्पताल सिर्फ इलाज की जगह नहीं, बल्कि सहनशक्ति बढ़ाने का प्रशिक्षण केंद्र भी हैं। कहते हैं कि अस्पताल में आई गर्भवती महिलाओं को पहले से ही समझ लेना चाहिए कि यहां दवा के साथ डांट का डोज भी मुफ्त मिलता है। हाल ही में एक महिला के साथ ऐसा ही अनुभव हुआ। बताया जाता है कि उसका डीएनसी बिना एनेस्थीसिया के ही कर दिया गया। दर्द से कराहती महिला ने जब एनेस्थीसिया लगाने की गुजारिश की तो जवाब मिला कि उसे पता चलना चाहिए कि सरकारी अस्पताल में इलाज कैसा होता है। मानो अस्पताल नहीं, धैर्य और पीड़ा की प्रयोगशाला हो। जहां मरीज इलाज के लिए आते हैं, लेकिन लौटते समय उन्हें यह भी समझ आ जाता है कि यहां दर्द सिर्फ बीमारी का नहीं, व्यवस्था का भी होता है।

### ड्यूटी का समय घड़ी से नहीं, साहब के मूड से होता है तय

एम्स अस्पताल में इन दिनों इलाज से ज्यादा चर्चा एक खास चाय की दुकान पर हो रही है। यह दुकान मानो आउटसोर्स कर्मचारियों की ओपन मीटिंग का स्थाई मंच बन गई है। चाय की चुस्कियों के साथ यहां उनकी रोज की परेशानियां भी उबलती रहती हैं। कहानी यह है कि कर्मचारियों का नया हेड आया है और उसके साथ ही नियमों की नई परिभाषा भी। ड्यूटी का समय अब घड़ी से नहीं, साहब के मूड से तय होता है। खासकर महिला कर्मचारियों को बेवक्त ड्यूटी पर बुलाया जा रहा है, जिससे उनकी परेशानियां बढ़ गई हैं। लेकिन चूंकि वे आउटसोर्स के तहत काम करती हैं, इसलिए उनकी आवाज प्रबंधन तक पहुंचने से पहले ही थक कर बैठ जाती है। बताया जाता है कि पहले भी चार महिलाएं इसी अधिकारी की मनमानी की शिकायत कर चुकी हैं। फर्क बस इतना है कि शिकायतें हवा में घुल गईं और कार्रवाई आज तक रास्ता ढूंढ रही है।

### योजना समय पर नहीं नोटिस जरूर समय पर

सरकारी योजनाओं की दुनिया भी बड़ी दिलचस्प होती है। यहां लाभार्थियों को पैसा कब मिलेगा, यह तो भगवान ही जाने, लेकिन नोटिस और कार्रवाई का कैलेंडर अक्सर समय पर चलता है। जननी सुरक्षा योजना और मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा प्रसूति सहायता योजना का मकसद प्रसूताओं को समय पर आर्थिक मदद देना है, ताकि जरूरत के समय सहारा मिल सके। लेकिन कागजों की दुनिया में समय कभी-कभी छुट्टी पर चला जाता है। नतीजा यह कि कई हितग्राहियों का भुगतान महीनों तक फाइलों में रहता है। मामला ज्यादा खिंच जाता है, तब नोटिस निकलते हैं, जवाब मांगे जाते हैं फिर वेतन से कुछ दिन की कटौती कर व्यवस्था को संतुलित करने की कोशिश होती है। अब उम्मीद जताई है कि चेतावनी के बाद काम की रफ्तार बढ़ेगी। वरना योजनाएं तो चलती रहेंगी, फाइलें घूमती रहेंगी और लाभार्थी इंतजार करते रहेंगे।

**सचिन सिंह बैस**

## भाजपा कार्यकर्ताओं का फिल्मी गानों पर डांस का वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर में भाजपा के प्रशिक्षण शिविर के समापन के बाद कार्यकर्ताओं के फिल्मी गानों पर डांस का एक वीडियो इन दिनो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनने के साथ ही इस पर लोग अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह वीडियो करीब चार दिन पुराना है। 15 और 16 मार्च को भाजपा द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत मंडल प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया था। यह कार्यक्रम इंदौर के मिष्टी गार्डन में हुआ। पूरे कार्यक्रम में अनुशासन और गंभीरता का माहौल बना रहा। हालांकि, शिविर खत्म होते ही माहौल पूरी तरह बदल गया। कार्यक्रम के अंत में माहौल हल्का-फुल्का हो गया और सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान नेताओं ने फिल्मी गानों पर डांस करना शुरू कर दिया।

■ भाजपा के प्रशिक्षण शिविर के समापन के बाद का मामला

## अरुण आजाद बने मध्य प्रदेश मजदूर मंच के अध्यक्ष, बैठक में निर्णय लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अरूण आजाद को मप्र मजदूर मंच का नवनियुक्त अध्यक्ष चुना गया। अशोक पांडे ने बताया कि अरुण आजाद प्रदेश के समस्त विभागों के निगम मंडलों के श्रमिकों दैनिक वेतन भोगियों एवं मजदूरों के अध्यक्ष के रूप में तीन वर्ष तक कार्य करेंगे। मजदूर नेता अरुण



आजाद प्रदेश के श्रमिकों दैनिक वेतन भोगी एवं मजदूरों की समस्याओं व मांगों के लिए शासन प्रशासन स्तर पर संघर्ष करने पहल करने के लिए अधिकृत रहेंगे।

---


### 2028 तक स्मार्ट मीटर अनिवार्यता में दी गई छूट

मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने लिया निर्णय

# अब बिना स्मार्ट मीटर भी मिलेगा बिजली कनेक्शन गरीब और आदिवासी परिवारों को मिली बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में गरीब और दूरदराज के आदिवासी परिवारों के लिए बिजली कनेक्शन लेना अब आसान हो जाएगा। मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने बड़ा फैसला लेते हुए नए कनेक्शन के लिए स्मार्ट या प्रीपेड मीटर की अनिवार्यता को मार्च 2028 तक टाल दिया है। इस निर्णय से विशेष पिछड़ी जनजातियों और ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा।



अब तक नियम था कि हर नए बिजली कनेक्शन के लिए स्मार्ट या प्रीपेड मीटर लगाना अनिवार्य होगा। लेकिन जमीनी स्तर पर नेटवर्क की कमी, तकनीकी ढांचे का अभाव और उपकरणों की अनुपलब्धता के कारण दूरदराज गांवों में यह व्यवस्था लागू नहीं हो पा रही थी। इसके चलते कई जरूरतमंद परिवार बिजली कनेक्शन से वंचित रह जाते थे। आयोग ने इन व्यावहारिक समस्याओं को स्वीकार करते हुए बिजली कंपनियों को राहत दी है। अब कंपनियां नए कनेक्शन देने और खराब या जले हुए मीटर बदलने के लिए पारंपरिक (कन्वेंशनल) मीटर या नॉन-स्मार्ट प्रीपेड मीटर का उपयोग कर सकेंगी। खासतौर पर उन ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां नेटवर्क सुविधा उपलब्ध नहीं है, वहां यह व्यवस्था लागू की जाएगी।

### स्मार्ट मीटरः सिर्फ मशीन नहीं, पूरा सिस्टम

बिजली कंपनियों ने आयोग को बताया कि स्मार्ट मीटर केवल एक उपकरण नहीं, बल्कि एक पूरा डिजिटल इकोसिस्टम है। इसमें सर्वर, नेटवर्क कनेक्टिविटी और बिलिंग इंटीग्रेशन जैसी सुविधाएं जरूरी होती हैं। इन व्यवस्थाओं के बिना स्मार्ट मीटर प्रभावी ढंग से काम नहीं कर सकते। साथ ही, देशभर में बढ़ती मांग के कारण स्मार्ट मीटर की सप्लाई भी प्रभावित हो रही है। कंपनियों की प्रगति और लक्ष्य प्रदेश की तीनों बिजली वितरण कंपनियां-ईस्ट, सेंट्रल और वेस्ट डिस्कॉम-अपने-अपने क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाने का काम कर रही हैं, लेकिन अभी लक्ष्य से काफी पीछे हैं।

ईस्ट डिस्कॉमः 56.50 लाख लक्ष्य, 25.90 लाख अवार्ड, सेंट्रल डिस्कॉमः 41.35 लाख लक्ष्य, 20.99 लाख अवार्ड

वेस्ट डिस्कॉमः 39.84 लाख लक्ष्य, लगभग 11.75 लाख अवार्ड

इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए अलग-अलग समयसीमा तय की गई है, जो 2026 से 2027 तक फैली हुई है। प्रदेश में बिजली चोरी और लाइन लॉस के कारण वितरण कंपनियों को हर साल करोड़ों रुपए का नुकसान होता है। इसी घाटे को कम करने के लिए स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं।

## समग्र शिक्षा बजट की मप्र को जारी हुई चौथी किश्त, मिले 688.44 करोड़ रुपए

**भोपाल।** केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के द्वारा मध्यप्रदेश को समग्र शिक्षा की चौथी और अंतिम किश्त भी जारी कर दी गई है। देश के बड़े राज्यों में मध्यप्रदेश पहला राज्य है, जिसे इस केन्द्रीय योजना की चौथी किश्त जारी की गई है। भारत सरकार के द्वारा समग्र शिक्षा की चौथी किश्त में मध्यप्रदेश को 688.44 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। समग्र शिक्षा योजना देश भर में केन्द्र और राज्य सरकारों के मिश्रित बजट से संचालित की जाती है। राज्य सरकार के द्वारा स्वयं की 40 प्रतिशत अंश निधि जारी करने एवं पिछली किश्त की कुल राशि का न्यूनतम 75 प्रतिशत व्यय करने के बाद ही केन्द्र सरकार के द्वारा अगली किश्त प्रदान की जाती है। इस उपलब्धि पर स्कूल शिक्षा और परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में स्कूली शिक्षा के लिए प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता और निरन्तर किए जा रहे संवेदनशील प्रयासों को दर्शाती है।

## खबर संक्षेप



### नगर परिषद अध्यक्ष ने किया निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**औबेदुल्लागंज।** मध्य प्रदेश शासन की जल गंगा संवर्धन अभियान वर्ष 2026 के शुभारंभ के अवसर पर औबेदुल्लागंज में जल प्रबंधन परियोजना के अंतर्गत नालों के डायवर्जन एवं एसटीपी निर्माण कार्य 547 लाख रुपए लागत का भूमिपूजन नप अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे ने किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि,पार्षद सुनील सेरिया, सुजीत यादव, हेमलता मनोज चौरसिया, भारती नरेश सेठी, राजेन्द्र साहू, किरण राहंगडाले सीएमओ, मुकेश जैन उपयंत्री, चंद्रभान लिपिक, महेश मीना, सन्नी अग्रवाल, मोती परमार, लोकेश परमार, ठेकेदार के प्रतिनिधि सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### युवा संसद नागपुर अधिवेशन आज

**भोपाल।** भारतीय युवा संसद नागपुर अधिवेशन के राष्ट्रीय सत्र का आयोजन 20 से 23 मार्च तक किया जा रहा है। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली तथा भारतीय युवा संसद मीडिया फाउंडेशन द्वारा आयोजित सम्मेलन में संस्कृत सहित अन्य भारतीय भाषाओं को स्थान मिलेगा। आयोजन में आरजीपीवी और संवद्ध संस्थान तथा कॉलेज से 18-23 वर्ष की आयु के अधिकतम 4 विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। प्रतिभागी विद्यार्थी के पंजीयन शुल्क, यात्रा भत्ता स्वयं विद्यार्थी द्वारा अथवा विद्यार्थी की संस्था द्वारा वहन किया जाएगा।

### पटवा ने दी गुड़ी पड़वा और चेतीचांद की बधाई



**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा ने विजय, समृद्धि और शुभता के पावन पर्व गुड़ी पड़वा, चेती चांद की बधाई एवं मंगलकामनाएं की है। यह पर्व आप सभी के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, नए अवसर और निरंतर सफलता लेकर आए। भारतीय सनातन परंपरा, संस्कृति और नवचेतना के प्रतीक हिंदू नव वर्ष, नव संवत्सर, विक्रम संवत-2083 के पावन अवसर की शुभकामनाएं दी।

### हिंदू नव वर्ष, गुड़ी पड़वा और चेतीचांद की दी बधाई



**औबेदुल्लागंज।** श्री राम हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष और पार्षद राजेश खटीक, सोनू अग्रवाल, कमल नरेश मालवीय, संतोष गुप्ता, बंटी जोशी, विक्रम दांडी, राहुल महेश्वरी, संजय खाटीक ने हिंदू नव वर्ष, गुड़ी पड़वा और चेती चांद की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सोनू अग्रवाल, बंटी जोशी, जीतू नेमा ने बताया की नव वर्ष में श्री राम हिंदू उत्सव समिति विशेष और विशाल धर्मिक आयोजन की तैयारी में लगा है।

### हनुमान जन्मोत्सव को लेकर बैठक आज

**औबेदुल्लागंज।** हनुमान जन्मोत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में श्री जाखला धाम सरकार मंदिर परिसर में शुक्रवार शाम 4 बजे बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें आयोजन को भव्य एवं सफल बनाने को लेकर चर्चा होगी। आयोजन समिति के अनुसार, हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री हनुमान जन्मोत्सव को पूरे उत्साह, और धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम में भव्य ध्वज शोभायात्रा एवं विशाल भंडारे का आयोजन प्रस्तावित है। बैठक में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालु, जाखला धाम परिवार के सदस्य, सनातन धर्म प्रेमी बंधुओं को आमंत्रित किया है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 5027 | | |
| दिन: | 589 | 25 | 177 |
| रात: | 489 | 16 | 114 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 127 | 06 | 790 |
| रात: | 240 | 61 | 137 |

---

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर कर रही कार्य

# जो भी व्यक्ति गो-हत्या जैसे जघन्य अपराध में संलिप्त पाया जाएगा, उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी: सारंग

» *गो-माता के प्रति आस्था और सम्मान भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग*

» *घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सख्त निगरानी की जाएगी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



गुरुवार को गो-तस्कर असलम चमड़ा के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) के तहत कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई पर मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने स्पष्ट कहा है कि मप्र में कानून का राज सर्वोपरि है और गो-माता के हत्यारों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। सारंग ने कहा कि गो-माता के प्रति आस्था और सम्मान भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। ऐसे में जो भी व्यक्ति गो-हत्या जैसे जघन्य अपराध में संलिप्त पाया जाएगा, उसके विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। सख्त कार्रवाई हुई है और सख्त कार्रवाई होगी। सारंग कहा कि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सख्त निगरानी एवं प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

### गो-माता की रक्षा के लिए समर्पित मप्र की मोहन सरकार



असलम चमड़े पर रासुका की कार्रवाई पर विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि असलम चमड़े के साथ और भी जितने चमड़े है, उनके भी चमड़े उधेड़े जाएंगे। अभी तो रासुका लगा है और भी कार्रवाई बाकी है। असलम चमड़े ने जो पाप किया है उसकी सौ पीढ़ी उसको धो नहीं पाएगी। डॉ. मोहन यादव की मध्यप्रदेश सरकार गो-माता की रक्षा के लिए समर्पित है।

## असलम कुरैशी उर्फ चमड़ा को जमानत मिलने पर बजरंग दल ने पुलिस कंट्रोल रूम के सामने किया जोरदार विरोध प्रदर्शन

भोपाल नगर निगम के स्लॉटर हाउस से निकले मांस में गोमांस की पुष्टि के बाद गिरफ्तार असलम कुरैशी उर्फ चमड़ा को जमानत मिलने के बाद बुधवार रात उसकी रिहाई हो गई। इस मामले को लेकर हिन्दू संगठनों द्वारा विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसी के तहत गुरुवार को बजरंग दल की ओर से पुलिस कंट्रोल रूम के सामने असलम कुरैशी उर्फ चमड़ा का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। हालांकि जेल से निकलते ही उसे दोबारा गिरफ्तार कर लिया गया है।



पुलिस कंट्रोल रूम के सामने प्रदर्शन करता बजरंग दल।

---

### जीआरपी भोपाल ने बाल अपचारी को गिरफ्तार का डंपर जब्त किया

# सेठ ने काम नहीं दिया तो 16 साल का नाबालिग डंपर चुराकर भागा

» दिनभर चलाता रहा डंपर, डीजल खत्म होने पर यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के पास खड़ा कर हुआ फरार

» डंपर मालिक ने उम्र कम होने का कहकर काम देने से इंकार कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जीआरपी भोपाल ने 16 साल के बाल अपचारी को गिरफ्तार कर उससे चुराया गया डंपर बरामद किया है। डंपर की कीमत 15 लाख रुपए है। नाबालिग ने दो दिन पहले पश्चिम रेलवे कॉलोनी स्थित निमार्णाधीन समदड़िया ग्रुप की साइट से डंपर चोरी किया था। पूछताछ में बाल अपचारी ने बताया कि वह डंपर मालिक के पास काम मांगने गया था। डंपर मालिक ने उम्र कम होने का कहकर काम देने से इंकार कर दिया था। गुस्से में आकर उसने डंपर चुरा लिया था। पुलिस ने बताया कि बाल अपचारी काफी समय से बड़ी गाड़ियों में



हेल्पर का काम करता आ रहा था। उसी दौरान उसने ट्रक चलाना भी सीख लिया। जीआरपी ने प्रकरण में जांच शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी जहीर खान ने बताया कि करोंद निवासी मिराज खान (31) के ट्रक व डंपर चलते हैं। रेलवे परिक्षेत्र पश्चिम रेलवे कॉलोनी के निर्माणाधीन समदड़िया ग्रुप की साइट पर भी मटेरियल लाने-ले जाने के लिए उनके डंपर व ट्रक लगे हैं। 15 मार्च की रात मिराज खान ने जीआरपी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि समदड़िया ग्रुप की साइट पर खड़ा उनका डंपर चोरी हो गया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज किया। जांच के लिए दो टीमें बनाई गईं। घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। फुटेज में मिले सुराग के बाद मुखबिर भी सक्रिय कर दिए गए। 17 मार्च की रात सूचना मिली कि चोरी गया उक्त डंपर जेपी नगर यूनियन कार्बाइड के पास खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और चोरी का डंपर जब्त कर लिया।

**पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित आनंद नगर में हुई वारदात**

## एटीएम बूथ में कार्ड बदलकर महिला के खाते से निकाले 29 हजार रुपए

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित आनंद नगर के बैंक ऑफ बड़ौदा में एटीएम से पैसे निकालने गई महिला के एटीएम कार्ड से युवकों ने 29 हजार रुपए निकाल लिए। दरअसल, महिला का कहना है कि वह एटीएम पहुंची तो उसका कार्ड नीचे गिर गया था। इसी दौरान एक युवका का भी एटीएम कार्ड नीचे गिर गया। गलती से महिला ने युवक का एटीएम उठा लिया। उसका एटीएम युवक के हाथ लग गया और उसने तीन अलग अलग बार में 29 हजार रुपए निकाल लिए।

पुलिस के अनुसार वर्षा सराठे पति शौरभ सराठे (39) राम मंदिर के पिछे आनंद नगर पिपलानी में रहती हैं। उन्होंने पति शौरभ सराठे के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया कि वह आनंद नगर के सुपर मार्केट में काम करती है। उनका अकाउंट एसबीआई बैंक गैरतगंज में है। 5 मई 2025 को वह एटीएम लेकर बैंक ऑफ बड़ौदा के आनंद नगर स्थित एटीएम पहुंची। एटीएम में पहले से दो युवक गेट के बाहर खड़े थे। वह पैसे निकालने लगी तो बाहर खड़े युवक एटीएम के अंदर आ गए। वह कहने लगे कि सर्वर डाउन है। इस दौरान वर्षा का एटीएम नीचे गिर गया और उन युवकों का भी एटीएम नीचे गिर गया था। दोनों एटीएम एक जैसे होने के कारण वर्षा ने गलती से उनका एटीएम उठा लिया। कुछ देर बाद वह कार्ड लेकर एटीएम पहुंची तो एटीएम से रुपए नहीं निकले। कुछ देर बाद मोबाइल पर 10-10 हजार दो बार में और 9 हजार रुपए निकलने का मैसेज आया। वर्षा का कहना है कि एटीएम बूथ में खड़े युवकों ने उसके एटीएम का पासवर्ड देख लिया था। पासवर्ड मिलने के बाद युवकों ने उसके खाते से 29 हजार रुपए निकाल लिए।

### समधी ने किया समधन से दुष्कर्म, ब्लैकमेल करने का बना रहा था दबाव, की शिकायत

**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र में 45 साल की समधन से 50 साल के समधी द्वारा दुष्कर्म का मामला सामने आया है। करीब 8 महीने से आरोपी समधी उससे शारीरिक संबंध बना रहा था। पीड़िता को उस समय थाने जाना पड़ा, जब समधी ने उसे कहा कि अपने सिक्योरिटी एजेंसी संचालक से विवाद कर और उसे झूठे केस में फंसाकर अड़ीबाजी करेंगे। पीड़िता ने ऐसा करने से मना कर दिया तो आरोपी भड़क गया। पीड़िता ने आरोपी समधी के खिलाफ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

पुलिस के अनुसार 45 साल की महिला इलाके में रहती है और प्राइवेट एजेंसी में सिक्यौरिटी गार्ड की नौकरी करती है। उसने अपने बेटे की शादी की थी तब उसकी पहचान बहु के पिता से हुई। बहु का पिता सिक्यौरिटी गार्ड की नौकरी करता है उसकी पत्नी का निधन हो चुका है। पीड़िता का पति अपहरण केस में जेल में है। आरोपी कहने लगा कि तुम्हारा पति अब जेल से नहीं छूटेगा। मुझसे शादी कर लो। अच्छी नौकरी दिला दूंगा। पीड़िता सिक्यौरिटी एजेंसी में काम कर रही थी। इस दौरान आरोपी समधी कहने लगा कि पैसे कमाकर लाओ और मुझे भी दो। हद उस समय हो गई जब आरोपी ने कहा कि सिक्यौरिटी एजेंसी के संचालक से विवाद कर लो। उसे एट्रोसिटी एक्ट में फंसाकर मोटी रकम वसूल लेंगे। पीड़िता ने आरोपी हरकतों से परेशान होकर मिसरोद पुलिस को शिकायत की थी।



प्राचीन खेड़ापति माता मंदिर हिरानिया में विराजी मां।

## प्राचीन खेड़ापति माता मंदिर हिरानिया में पहले दिन दिखी श्रद्धालुओं की भीड़

**चैत्र नवरात्रि पर्व शुरू, नौ दिन होगी विशेष पूजा-पाठ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर में सबसे प्राचीन खेड़ापति माता मंदिर हिरानिया में चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन गुरुवार को श्रद्धा,भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखी। जहां माता के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।

नवरात्रि के पहले दिन माता शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई। लोगों ने विधि-विधान से घटस्थापना कर नौ दिवसीय व्रत का शुभारंभ किया। वहीं मंदिरों और घरों में भक्तों ने माता रानी का विशेष श्रृंगार कर फल-फूल, चुनरी और नारियल अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। भक्तों ने अखंड ज्योति प्रज्वलित कर भजन-कीर्तन का आयोजन किया। वहीं मंदिर को आकर्षक फूलों और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया।

स्थानीय समिति द्वारा भक्तों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की गई। खेड़ापति माता मंदिर समिति के अध्यक्ष डॉक्टर माखन सिंह नागर, संरक्षक रामकिशोर शर्मा, कोषाध्यक्ष योगेश तिवारी, सचिव जेपी मिश्रा, उपाध्यक्ष रामेश्वर नागर, पूर्व पार्षद उमेश नागर, बंटी तिवारी आदि व्यवस्था में लगे हैं।

### मां बगलामुखी माता के दर्शन करने पहुंचे भक्त

चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, जनपद सदस्य रूपेश चौहान, वीरेंद्र यादव सहित अन्य साथी मां बगलामुखी माता (नलखेड़ा) दर्शन करने पहंचे। वहां मांता रानी के दर्शन कर सभी के जीवन में सुख, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य बने रहने की प्रार्थना की।



माता के दर्शन करने पहुंचे डॉ. भूपेंद्र नागर।

---




## शराब दुकान हटाने पार्षद ने कलेक्टर को दिया आवेदन

**रहवासियों को हो रही खासी परेशानी**

**मंडीदीप।** वार्ड 11 के पार्षद प्रतिनिधि सुरेन्द्र जैन राज ने मंगलबार को रायसेन कलेक्ट्रोरेट में जनसुनवाई के दौरान मंगल बाजार में स्थित कंपोजिट दुकान को हटाने को लेकर आवेदन कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा को दिया। शिकायती आवेदन में बताया कि कंपोजिट दुकान से जहां वार्ड में अतिक्रमण, सड़क पर शराब पीकर लड़ाई झगड़े समेत कई घटनाएं घटित हो रहीं। विगत कई वर्षों से कंपोजिट दुकान के कारण स्कूली बच्चे, कामकाजी महिलाएं, छात्रा समेत अन्य लोग परेशान हैं। ज्ञापन सौंपा और जल्द से जल्द निराकरण की बात कही।

## शहर की सबसे बड़ी जामा मस्जिद में आयोजित रोजा इफ्तार में बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग

**आपसी भाईचारे, सौहार्द्र और एकता का दिया संदेश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

शहर की सबसे पुरानी एवं सबसे बड़ी जामा मस्जिद में कमेटी द्वारा रोजा इफ्तार का आयोजन किया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों ने बताया कि सभी समुदाय के लोगों ने बढ़-चढ़कर रोजा इफ्तार में हिस्सा लिया, जिससे आपसी भाईचारे और सौहाद्र का संदेश देखने को मिला। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जामा मस्जिद में आयोजित रोजा इफ्तार में नगर के हिन्दू समाज के लोग भी रोजेदारों के साथ इफ्तार किया।



राजा इफ्तार में डॉ. अशोक सोनी, सुधीर अग्रवाल, कांग्रेस नेता दीपेश मीणा, दशरथ मीणा, कैलाश अहिरवार, राजू मेहर, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अनूप पाल, हिंदू उत्सव समिति के सचिव अशोक भार्गव, भाजपा नेता विशाल मारन आदि लोग शामिल हुए। इसके अलावा मुस्लिम कमेटी के अध्यक्ष मो. सोहेल खान, असलम पठान, मंडी मुस्लिम त्योहार कमेटी के अध्यक्ष मो. अल्ताफ खान, हाजी अब्दुल खान, नौसाद पठान, नयापुरा के गुड्डू रमजान, पूर्व पार्षद शाहिद मामू, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अख्तर अली, हबीब खान, सद्दाम खान, इमरान खान, सैयद अहमद अली, सलमान खान, नसीम मंडी आदि शामिल हुए।



### नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**औबेदुल्लागंज।** थाना औबेदुल्लागंज पुलिस ने आगामी त्यौहारों पर नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने गुरुवार को एसडीओपी शीला सुराणा एवं थाना प्रभारी औबेदुल्लागंज के बीपी सिंह के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला। इस फ्लैग मार्च का उद्देश्य लोगों में पुलिस प्रशासन के प्रति भरोसा दृढ़ हो और आसामाजिक तत्वों पर निगाह रखी जाए था।



## थाना प्रभारी ने होटल ढाबा संचालकों के साथ की बैठक

**होटल और ढाबों में शराब पीते और बेचते पाए जाने पर होगी सख्त कार्रवाई**

**मंडीदीप।** सतलापुर थाना क्षेत्र स्थित संचालित हो रहे होटल और ढाबों के मालिक को थाने में बुलाकर थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी ने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि ढाबों में शराब का सेवन करते हुए कोई भी व्यक्ति अगर पाया जाता है, तो उस पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। होटल-ढाबों में अवैध और अनैतिक गतिविधियां संचालित होने पर ढाबा सील किया जाएगा। सतलापुर थाना अंतर्गत लगभग दो दर्जन से अधिक होटल और ढाबे संचालित हो रहे हैं, जिसमें आए दिन शराब का सेवन करने की पुलिस को शिकायत प्राप्त हो रही है।

---

**डायवर्जन प्लान का सख्ती से पालन कराने को कहा**

# नवरात्रि पर तरावली माता मंदिर में सुरक्षा व्यवस्थाओं का पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

थाना बैरसिया क्षेत्र अंतर्गत तरावली माता मंदिर में 19 मार्च से 27 मार्च तक आयोजित होने वाले नवरात्रि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ एवं सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक रामशरण प्रजापति ने मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा मंदिर परिसर, प्रवेश एवं निकास मार्ग, पार्किंग व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, बैरिकेडिंग एवं भीड़ नियंत्रण संबंधी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सहज दर्शन की सुविधा उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. नीरज चौरसिया, एसडीओपी बैरसिया वैशाली और थाना प्रभारी बैरसिया वीरेंद्र सेन उपस्थित रहे।

अधीक्षक रामशरण प्रजापति ने कहा कि मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सतत पुलिस पेट्रोलिंग सुनिश्चित की जाए। भीड़ नियंत्रण के लिए पर्याप्त पुलिस बल एवं बैरिकेडिंग की प्रभावी व्यवस्था की जाए। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने, डायवर्जन प्लान का सख्ती से पालन कराया जाए। पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखते हुए निर्धारित स्थानों पर वाहन पार्किंग सुनिश्चित कराई जाए। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जूते-चप्पल रखने के लिए पृथक स्टैंड की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ड्यूटी में तैनात सभी अधिकारी-कर्मचारी पूर्ण मुस्तैदी एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। नवरात्रि पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जिला भोपाल (देहात) पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे प्रशासन का सहयोग करें एवं निर्धारित व्यवस्थाओं का पालन करते हुए पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

नगर में चलाया जा रहा मांसाहार मुक्त महाअभियान

## कायस्थ बंधु समिति ने शाकाहारी जीवन शैली अपनाने वालों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

कायस्थ समाज मांसाहार मुक्त बने इसके लिए पिछले पांच साल से भोपाल सहित अन्य नगरों में कायस्थ बंधु समिति घर-घर पहुंच कर श्री चित्रगुप्त सम्मान कार्यक्रम आयोजित कर रही है। सम्मान कार्यक्रम की नीतियों से प्रभावित होकर कायस्थ समाज के लोग बढ़-चढ़कर मांसाहार खान-पान मुक्त महाअभियान में शामिल हो रहे हैं। इसी उद्देश्य को लेकर हर साल की तरह चैत्र नवरात्रि पर कायस्थ समाज में सम्मान सहित लोगों को शाकाहार जीवन शैली अपनाने के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

गुरुवार को वार्ड एक विद्या नगर में पदमा सुरेश सक्सेना के घर पर सम्मान कार्यक्रम रखा गया है।




कार्यक्रम में कायस्थ बंधु समिति के अध्यक्ष गिरीश श्रीवास्तव ने दो परिवार के सदस्यों को शाकाहार अपनाने पर चित्रगुप्त सम्मान से नवाजा। इस शुभ अवसर पर सम्मानित सदस्यो ने भविष्य में अंडे, मांस न लेने का भी संकल्प लिया है। कायस्थ समाज से मांसाहार खान-पान की प्रवर्ति खत्म हो इसके लिए कायस्थ बंधु समिति औबेदुललागंज नगर सहित संपूर्ण रायसेन जिले में मांसाहार मुक्त अभियान चला रही है। यह सम्मान मुख्य रूप पदमा सक्सेना, मधु सक्सेना, सुरेश सक्सेना, भूपेंद्र सक्सेना, एसएन श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव को दिया गया है।



# एक ही सच के दो चेहरे, रिश्तों की उलझी परतें होतीं उजागर


हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कीर्ति बैले एंड परफार्मिंग आर्टस द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव धरोहर-16 का शुभारंभ गुरुवार से रंगश्री लिटिल बैले ट्रुप सभागार में हुआ। यह बैले कोरियोग्राफर प्रभात गांगुली को समर्पित है।

छाया सागर, नज़ीर कुरैशी, प्रेम गुप्ता, बालेन्द्र सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पहले दिन श्रद्धा शालिनी मालवीय निर्देशित नाटक 'बिखरे अक्स' का मंचन हुआ। समापन 22 मार्च को होगा, जिसमें राजीव वर्मा और रीता वर्मा को प्रभात गांगुली रंग रत्न सम्मान 2026 से सम्मानित किया जाएगा।

**पति की मृत्यु के बाद पत्नी और प्रेमिका आमने-सामने**

स्मृतियों और सच्चाइयों के बीच टकराए रिश्ते



## स्व. प्रभात गांगुली को समर्पित चार दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव का शुभारंभ

### नाटक की कहानी

एक स्त्री की दुनिया उस समय ठहर जाती है जब उसे अपने पति की अचानक मृत्यु की खबर मिलती है। शोक और यादों के बीच डूबी वह स्त्री धीरे-धीरे एक ऐसे सच से रूबरू होती है, जो उसके पूरे वैवाहिक जीवन की तस्वीर बदल देता है। उसके पति के जीवन में किसी और स्त्री का होना। इसी बीच, उस पुरुष की प्रेमिका भी उसकी स्मृतियों के सहारे उसके घर तक आ पहुंचती है। वह उस व्यक्ति के करीब होने की चाह में आती है, जिसे वह अपना प्रेमी मानती रही। लेकिन घर की चौखट पर उसे एक चौंकाने वाला सच पता चलता है, उस पुरुष की एक पत्नी भी है।

### जब आमने-सामने आ जाती हैं दो अंजान स्त्रियां

नाटक में रोचक मोड़ तब आता है जब अचानक दो अंजान स्त्रियां एक पत्नी और एक प्रेमिका आमने-सामने खड़ी होती हैं। दोनों के पास अपनी-अपनी यादें और अपने-अपने सच हैं। जैसे-जैसे बातचीत आगे बढ़ती है, दोनों स्त्रियां उस व्यक्ति को समझने की कोशिश करती हैं। उनके भीतर यह सवाल भी गहराने लगता है कि अगर वह व्यक्ति आज जीवित होता, तो क्या इन रिश्तों का सामना कर पाता? क्या वह दोनों जीवनों के बीच खड़े होकर कोई स्पष्ट उत्तर दे पाता, या फिर उसके सच के सामने ये रिश्ते वैसे ही बिखर जाते? 'बिखरे अक्स' एक ऐसी भावनात्मक यात्रा है, जिसमें एक ही व्यक्ति की स्मृतियां दो अलग-अलग जीवनों में अलग-अलग रूपों में बसती हैं, और उन्हीं के बीच उभरते हैं रिश्तों के टूटे-बिखरे अक्स।

---

### रंगमंच का नवाचार, समर नाट्य उत्सव 22 मार्च से

## पांच दिनी समारोह में सभी नाटक होंगे प्रथम बार प्रस्तुत

**भोपाल।** भोपाल में रंगमंच की जीवंत परंपरा को नई ऊर्जा देने के उद्देश्य से कबीला सोसायटी फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स द्वारा 22 मार्च से पांच दिवसीय "समर नाट्य उत्सव 2026" का आयोजन किया जा रहा है। दुष्यंत संग्रहालय में होने वाला यह उत्सव केवल प्रस्तुतियों का मंच नहीं, बल्कि विचारों, संवेदनाओं और सामाजिक विमर्श का एक सृजनात्मक संगम बनने जा रहा है। उत्सव के संयोजक अनिमेष श्रीवास्तव ने बताया कि यह उत्सव जबलपुर के वरिष्ठ रंगकर्मी स्व. समर सेनगुप्ता की स्मृति को समर्पित है, जिनकी रंगदृष्टि ने नाट्यकला को समाज से जोड़ने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि समकालीन रंगमंच में मौलिक नाटकों की कमी के बीच यह उत्सव विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इसमें मंचित सभी नाटक पहली बार प्रस्तुत किए जाएंगे। उत्सव का शुभारंभ 22 मार्च को मॉरिस लॉजरस के निर्देशन में नाटक अनभिज्ञ की प्रस्तुति से होगा। 23 मार्च को अम्बुज ठाकुर द्वारा निर्देशित नाटक खिड़की, 24 मार्च को दीपक नेमा द्वारा निर्देशित नाटक भोर का गीत का प्रदर्शन होगा। अंतिम दिन 25 मार्च को शेख उस्मान के निर्देशन में नाटक अमीर खुसरो का मंचन होगा। सभी नाट्य प्रस्तुतियां प्रतिदिन शाम 7 बजे आरंभ होंगी।

पति पत्नी के रिश्ते के आधार-प्रेम और विश्वास को संवेदना से उकेरा



### भारत भवन के 'आद्या' समारोह में नाटक मध्यांतर का मंचन


# रिश्तों की दरारों में उजाला खोजती संवेदनाओं की रंगयात्रा 'मध्यांतर'

## विश्वास और आत्मिक संघर्ष को मार्मिक रूप में किया प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारत भवन के बहुकला केन्द्र में आयोजित स्त्री रचनाशीलता पर केन्द्रित 'आद्या' समारोह के अंतर्गत गुरुवार को नाटक 'मध्यांतर' का प्रभावशाली मंचन किया गया। इस प्रस्तुति ने दर्शकों को रिश्तों की जटिलताओं, संवेदनाओं और आत्मिक द्वंद्व की गहराइयों से रूबरू कराया। नाटक की कथा एक मध्यमवर्गीय शिक्षक परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें पति-पत्नी के रिश्ते के मूल आधार-प्रेम और विश्वास-को संवेदनशीलता से उकेरा गया है। मुख्य पात्र ज्ञान, जो एक ड्रामा टीचर है, संतान सुख से वंचित रहने की पीड़ा से जूझता है। उसकी पत्नी छाया, एक थिएटर आर्टिस्ट, रिश्ते की ऊष्मा बनाए रखने के लिए संघर्षरत दिखाई देती है। वहीं लेखक जयंत अपनी अधूरी रचना को पूरा करने के लिए छाया की सृजनात्मक सहायता चाहता है।





### एक दुर्घटना बदल देती है जीवन की दिशा...

कहानी तब मोड़ लेती है जब ज्ञान पर दूसरी शादी का सामाजिक दबाव बढ़ता है और एक दुर्घटना उसके जीवन की दिशा बदल देती है। पुरुषत्व खो देने के बाद वह अपने अस्तित्व पर सवाल उठाने लगता है। ऐसे में छाया का चरित्र दृढ़ता और समर्पण का प्रतीक बनकर उभरता है। तलाक के कागजात फाड़ने का दृश्य रिश्तों के प्रति उसकी निष्ठा को सशक्त रूप में अभिव्यक्त करता है। निर्देशक विभा श्रीवास्तव ने मंच संयोजन, संवाद और भाव-प्रस्तुति के माध्यम से नाटक को प्रभावी बनाया।



नवसंवत्सर के अवसर पर नाटक देखने पहुंचे दर्शकों का स्वागत तिलक लगाकर किया गया।

### युवा प्रतिभाओं को मंच से जोड़ने की पहल

## विहान की थिएटर कार्यशाला 'थियेट्रिक्स-28' आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इस पहल का उद्देश्य प्रतिभागियों को थिएटर की रचनात्मक प्रक्रियाओं से जोड़ते हुए उनकी अभिव्यक्ति, संवेदनशीलता और कल्पनाशक्ति को विकसित करना है।

पहले दिन प्रतिभागियों के साथ परिचय सत्र आयोजित किया गया, जिसके बाद शरीर, स्पेस और अभिव्यक्ति से जुड़ी विभिन्न थिएटर एक्सरसाइज़ करवाई गईं। इन अभ्यासों के माध्यम से प्रतिभागियों ने थिएटर को केवल अभिनय नहीं, बल्कि एक गहन अनुभव और आत्म-खोज की प्रक्रिया के रूप में समझना शुरू किया। सौरभ अनंत के अनुसार इस कार्यशाला में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े युवा, विद्यार्थी और रंगमंच में रुचि रखने वाले लोग भाग ले रहे हैं। आगामी दिनों में डिवाइज़्ड थिएटर, इम्प्रोवाइज़ेशन, दृश्य निर्माण और सामूहिक प्रस्तुति पर कार्य किया जाएगा।

- सौरभ अनंत के निर्देशन में रचनात्मक प्रशिक्षण

कार्यशाला का संचालन प्रसिद्ध रंगकर्मी, निर्देशक और थिएटर प्रशिक्षक सौरभ अनंत कर रहे हैं,साथ ही शहर में रंगमंच की गतिविधियों को नई ऊर्जा देते हुए विहान ड्रामा वर्क्स द्वारा आयोजित 'थियेट्रिक्स-28' थिएटर कार्यशाला का शुभारंभ शिवाजी नगर, भोपाल में उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ।

### शिक्षक जागरण पत्रिका का होगा विमोचन

## दुष्यंत कुमार संग्रहालय में आज शिक्षकों का विशेष समारोह

**भोपाल।** शिक्षकों का रचनात्मक मैत्री समूह एवं आत्मनिर्भर भारत शिक्षक संदर्भ समूह द्वारा 20 मार्च को प्रातः 11 बजे दुष्यंत संग्रहालय में एक समारोह आयोजित किया है। यह रानी अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस एवं प्रसन्नता दिवस पर होगा। शिक्षक जागरण पत्रिका का विमोचन किया जाएगा। साथ ही शिक्षक संसद–विद्यालय को आनंद घर बनाया जा सकता है। विषय पर विचार-विमर्श आयोजित होगा, जिसमें शिक्षाविद् अपने विचार साझा करेंगे। इस अवसर पर शिक्षाविद् गिजुभाई शिक्षक सम्मान 2026 भी प्रदान किया जाएगा।

- खुशी दिवस पर शिक्षकों का होगा सम्मान

## मैनिट में विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में जल पर चर्चा 22 को

**भोपाल।** मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) के जनपद अभियांत्रिकी विभाग द्वारा विश्व जल दिवस के अवसर पर 22 मार्च को जल पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस साल कार्यक्रम का मुख्य विषय विकसित भारत 2047 एवं जल प्रबंधन और संदेश व्हेयर वाटर फ्लोज, इक्विलिटी ग्रोज रखा गया है। इसमें जल संसाधनों के सतत प्रबंधन और समान वितरण पर चर्चा की जाएगी। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि मैनिट के निदेशक डॉ. केके शुक्ल होंगे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में केंद्रीय जल आयोग, भोपाल के डायरेक्टर एम डब्ल्यू पौनिकर, मैनिट के अधिष्ठाता डॉ. आरएन यादव तथा केंद्रीय भूजल बोर्ड के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक एवं वैज्ञानिक डॉ. सुभाष सिंह उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता अभियांत्रिकी विभाग के डॉ. एम.एस. चौहान करेंगे।

### महाकाली ग्राउंड में 25 मार्च तक चलेगी हस्तशिल्प प्रदर्शनी

# पिपरिया में मिल रहे देशभर के हस्तशिल्पियों के उत्पाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हस्तशिल्प प्रदर्शनी गुना जिसके प्रायोजक कार्यालय विकास आयुक्त हस्तशिल्प वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली एवं आयोजक मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ मर्यादित द्वारा 16 से 25 मार्च तक दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक महाकाली ग्राउंड, बस स्टैंड के पास पिपरिया में किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में संपूर्ण भारत के हस्तशिल्पियों द्वारा निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन एवं बिक्री स्वयं हस्तशिल्पियों द्वारा की जाएगी।

यहां विश्वप्रसिद्ध भदोही का कारपेट, भागलपुर की सिल्क साड़ियां एवं सूट, उज्जैन की बटिक प्रिंट, दिल्ली की ज्वेलरी, भोपाल की जरी-जरदोज़ी एवं जूट उत्पाद, ग्वालियर एवं जबलपुर का पैच वर्क एवं स्टोन क्राफ्ट, हैदराबाद की कलमकारी, कोटा राजस्थान का हैंड ब्लॉक प्रिंट, चंदेरी की साड़ियां, महोबा उत्तर प्रदेश का आर्ट मेटल, जयपुर का लेदर वर्क, पश्चिम बंगाल की जामदानी सिल्क साड़ियां, पंजाब की फुलकारी, बुधनी के लकड़ी के खिलौने एवं अनेक आकर्षक हस्तशिल्प उत्पाद एक ही स्थान पर देखने व खरीदने को मिलेंगे।



पिपरिया में हस्तशिल्प मेले का शुभारंभ करतीं अतिथि।

### पुरानी व नई प्रॉपर्टी की ऑन-द-स्पॉट बुकिंग

# नवरात्रि पर हाउसिंग बोर्ड का दो दिवसीय आवास मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड द्वारा नवरात्र के अवसर पर दो दिवसीय आवास मेले का आयोजन किया जा रहा है। पर्यावास भवन में आयोजित यह मेला 20 और 21 मार्च तक चलेगा। मेले में हाउसिंग बोर्ड की सभी पुरानी और नई प्रॉपर्टी की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध होगी। साथ ही इच्छुक लोग मौके पर ही संपत्तियों की बुकिंग भी कर सकेंगे। खास बात यह है कि मेले में बुकिंग फॉर्म निशुल्क भरे जाएंगे और फ्री साइट विजिट की सुविधा भी दी जाएगी।

आवास मेले में आने वाले लोगों को ऑन-द-स्पॉट होम लोन की सुविधा, विभिन्न प्रोजेक्ट्स की विस्तृत जानकारी और आगामी योजनाओं से भी अवगत कराया जाएगा। बोर्ड द्वारा देवकी नगर, बैरसिया रोड और करोंद क्षेत्र में करीब 10 एकड़ में प्लॉट प्रोजेक्ट लाने की तैयारी है। वहीं अयोध्या नगर में डुप्लेक्स, ट्रिप्लेक्स और फ्लैट्स के पांच नए प्रोजेक्ट भी प्रस्तावित हैं।

## फ्री फॉर्म और साइट विजिट की सुविधा



### मुख्य प्रोजेक्ट्स पर नजर

कटारा हिल्स स्थित सफायर पार्क सिटी प्रोजेक्ट में 34 एकड़ में आवासीय प्लॉट विकसित किए जा रहे हैं, जहां 1300 से 7000 वर्गफीट तक के 186 प्लॉट्स की बुकिंग जारी है। इस प्रोजेक्ट में एसटीपी और अंडरग्राउंड बिजली जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके अलावा अयोध्या एक्सटेंशन में सुरम्य परिसर और लवकुश हाईट्स में फ्लैट्स का निर्माण और बुकिंग जारी है। सुरम्य परिसर में 250 फ्लैट्स बनाए जा रहे हैं। वहीं खजूरीकलां फेज-2 में 147 डुप्लेक्स और ट्रिप्लेक्स मकानों की बुकिंग भी मेले में की जा सकेगी। आवास मेले के जरिए हाउसिंग बोर्ड शहरवासियों को किफायती और आधुनिक आवास विकल्प एक ही मंच पर उपलब्ध कराने की पहल कर रहा है।

### 'जैव-चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अनुसंधान में नैतिक पहलू' पर कार्यशाला

# एथिक्स कमेटी शोधकर्ताओं के लिए बाधा नहीं बल्कि सुरक्षा कवच की तरहः डॉ. रोली माथुर



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अक्सर शोधकर्ता एथिक्स कमेटी को अपने काम में बाधा मानते हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि एथिक्स कमेटी शोधकर्ताओं की सुरक्षा के लिए काम करती है। यदि शोधकर्ता शुरू से ही अपने रिसर्च में एथिकल गाइडलाइंस को शामिल करें, तो न केवल उनका काम बेहतर होगा, बल्कि स्वीकृति प्रक्रिया भी आसान हो जाएगी। यह जानकारी गुरुवार को बीएमएचआरसी में आयोजित 'जैव-चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अनुसंधान में नैतिक पहलू' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए आईसीएमआर की बायोएथिक्स यूनिट की प्रमुख डॉ. रोली माथुर ने दी। डॉ. माथुर ने कहा कि एथिक्स से संबंधित कई प्रावधान वर्षों से गाइडलाइंस में मौजूद हैं, लेकिन समस्या यह है कि उनका पालन नहीं किया जाता।

### बायोमेडिकल रिसर्च में एथिक्स बेहद महत्वपूर्णः डॉ. मनीषा

बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि बायोमेडिकल रिसर्च में एथिक्स बेहद महत्वपूर्ण है और इसे नजरअंदाज करने से गंभीर परिणाम हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में किसी भी रिसर्च के प्रकाशन से पहले एथिक्स कमेटी की मंजूरी अनिवार्य हो गई है, इसलिए शोधकर्ताओं को इस विषय की गहरी समझ होना जरूरी है।

### जेके हॉस्पिटल में हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी

# महिला को 15 साल पुराने कूल्हे-कमर दर्द से मिली राहत

## अब महिला बिना सहारे और बिना लंगड़ाए चल पाने में हुई सक्षम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश के बैतूल जिले की एक महिला को 15 साल से चले आ रहे कूल्हे और कमर के दर्द से आखिरकार राहत मिल गई। भोपाल के जेके हॉस्पिटल में हुई हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी के बाद अब वह बिना सहारे और बिना लंगड़ाए सामान्य रूप से चल पा रही हैं।

बैतूल जिले के जामठी क्षेत्र के गांव टिगरिया की रहने वाली एक महिला लंबे समय से दाहिने कूल्हे के गंभीर दर्द से परेशान थीं। परिवार के मुताबिक, पिछले करीब डेढ़ दशक से उनकी हालत धीरे-धीरे बिगड़ती जा रही थी। चलते समय उन्हें अपने घुटने पर हाथ रखकर शरीर को सहारा देना पड़ता था। दर्द इतना ज्यादा था कि उन्हें आगे की ओर झुककर चलना पड़ता था, जिससे कमर में भी लगातार तकलीफ बनी रहती थी। समय के साथ स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि वे लंबी दूरी तो दूर, कुछ सौ मीटर चलना भी मुश्किल महसूस करने लगी थीं।



डॉ. आरके सोनी, ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ

बीमारी के चलते उनके दाहिने पैर की लंबाई लगभग दो इंच तक कम हो गई थी। इस वजह से चलने में लंगड़ाहट आ गई थी और संतुलन बनाए रखना भी मुश्किल हो गया था। कूल्हे और कमर का दर्द उनके दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुका था, जिससे सामान्य काम करना भी कठिन हो गया था। परिवार को इलाज की उम्मीद तब जगी जब उन्होंने अपने पड़ोस में इसी तरह की समस्या से जूझ चुकी एक महिला की सफल सर्जरी के बारे में जाना। पड़ोसी परिवार की महिला का कुछ साल पहले भोपाल के जेके हॉस्पिटल में ऑपरेशन हुआ था और वह पूरी तरह स्वस्थ होकर सामान्य जीवन जी रही थीं। उनकी रिकवरी देखकर मरीज के परिवार ने भी विशेषज्ञ डॉक्टर से इलाज कराने का फैसला लिया।

परिवार ने परामर्श के बाद भोपाल के जेके में ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ. आर.के. सोनी से संपर्क किया। जांच और सलाह के बाद महिला की हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी करने का निर्णय लिया गया। 2 जनवरी 2026 को अस्पताल में सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। सर्जरी के दौरान आधुनिक तकनीक और उन्नत हिप इम्प्लांट का उपयोग किया गया। सर्जरी के बाद सबसे बड़ा बदलाव यह देखने को मिला कि मरीज के दोनों पैरों की लंबाई अब संतुलित हो गई है। अब उन्हें चलने के लिए घुटने पर हाथ रखने या शरीर को झुकाने की जरूरत नहीं पड़ती। लंगड़ाहट भी लगभग खत्म हो चुकी है और कमर का दर्द भी काफी कम हो गया है।

जेके अस्पताल के डॉक्टरों के मुताबिक, सही समय पर की गई हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी से ऐसे मरीजों को फिर से सामान्य जीवन जीने में मदद मिल सकती है। परिवार ने डॉक्टर और अस्पताल की टीम के प्रति आभार व्यक्त किया है। उनका कहना है कि सर्जरी के बाद महिला पहले से ज्यादा आत्मविश्वास के साथ चल-फिर पा रही हैं और रोजमर्रा के काम भी कर रही हैं।

चिंतन

# आर्थिक और खाद्य संकट की ओर बढ़ रही दुनिया

दुनिया एक बार फिर ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां युद्ध की चिंगारी केवल सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था और आम जनजीवन को अपनी चपेट में ले रही है। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने इस आशंका को और गहरा कर दिया है कि आने वाले समय में दुनिया आर्थिक और खाद्य संकट की ओर तेजी से बढ़ सकती है। सप्लाई चेन बाधित होने का खतरा मंडरा रहा है। सबसे पहला असर ऊर्जा बाजार पर दिख रहा है। खाड़ी क्षेत्र में अस्थिरता और तनाव के चलते कच्चे तेल की कीमतें 115 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच चुकी हैं। यूरोप में गैस की कीमतों में 30-35 प्रतिशत तक उछाल दर्ज किया गया है। ऊर्जा महंगी होने का सीधा मतलब है हर चीज महंगी होना। परिवहन, उत्पादन, बिजली और रोजमर्रा की वस्तुओं की लागत बढ़ती है, जिसका बोझ अंततः आम आदमी पर ही पड़ता है। भारत जैसे विकासशील देश के लिए यह स्थिति और चुनौतीपूर्ण है। भारतीय रुपया लगातार दबाव में है और आयात महंगा हो रहा है। जब कच्चा तेल महंगा होता है तो पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ते हैं, जिससे महंगाई की पूरी श्रृंखला शुरू हो जाती है। यही कारण है कि जियोपॉलिटिकल तनाव का असर केवल शेयर बाजार तक सीमित नहीं रहता, बल्कि रसोई तक पहुंच जाता है। खाद्य संकट की आशंका भी उतनी ही गंभीर है। खाड़ी देशों में बढ़ते तनाव के कारण फास्फेट, यूरिया और अन्य उर्वरकों की आपूर्ति बाधित हो सकती है। भारत, चीन और ब्राजील जैसे बड़े कृषि उत्पादक देशों पर इसका सीधा असर पड़ेगा। उर्वरकों की कमी से फसल उत्पादन घटेगा, जिससे खाद्यान्न की कीमतें बढ़ेंगी और गरीब वर्ग पर सबसे ज्यादा मार पड़ेगी। युद्ध का एक और बड़ा प्रभाव सप्लाई चेन पर पड़ता है। पहले ही कोविड-19 के दौरान वैश्विक आपूर्ति प्रणाली कमजोर हो चुकी है, और अब नए संघर्ष ने इसे और अस्थिर बना दिया है। समुद्री मार्गों में बाधा, ऊर्जा सुविधाओं पर हमले और व्यापारिक अनिश्चितता ये सभी कारक मिलकर वैश्विक व्यापार को धीमा कर रहे हैं। यदि यह स्थिति लंबी चली, तो दुनिया को खाद्य वस्तुओं की कमी और महंगाई के दोहरे संकट का सामना करना पड़ सकता है। इसका ताजा उदाहरण शेयर बाजार में आई भारी गिरावट है। 19 मार्च को सेंसेक्स में 2497 अंकों की गिरावट और निफ्टी में 776 अंकों की गिरावट ने निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है। एक ही दिन में लगभग 13 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति का नुकसान इस बात का संकेत है कि बाजार में भय का माहौल है। जब निवेशक जोखिम से बचने के लिए शेयर बेचने लगते हैं, तो पूंजी सुरक्षित ठिकानों की ओर भागती है, जिससे आर्थिक गतिविधियां और धीमी पड़ती हैं। हालांकि, इस संकट के बीच कूटनीतिक प्रयास भी जारी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ओमान के सुल्तान और मलेशिया के प्रधानमंत्री से बातचीत कर तनाव कम करने की कोशिश की है, लेकिन सवाल यह है कि क्या ये प्रयास पर्याप्त होंगे? इतिहास गवाह है कि जब तक वैश्विक शक्तियां एकजुट होकर निर्णायक हस्तक्षेप नहीं करतीं, तब तक ऐसे संघर्ष लंबे खिंचते हैं। यदि समय रहते इस आग को नहीं बुझाया गया, तो इसके दुष्परिणाम भयावह हो सकते हैं। महंगाई, बेरोजगारी, खाद्य संकट और आर्थिक मंदी ये सभी मिलकर वैश्विक अस्थिरता को जन्म देंगे। अंततः सबसे ज्यादा नुकसान उन गरीब और विकासशील देशों को होगा, जो पहले से ही संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं।



सहकारिता
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# महिलाओं के सहकारी नेतृत्व से बदलता देश

> भारत सरकार ने सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के साथ इतने उपक्रम को अपनाया है कि उससे भारतीय सहकारिता क्षेत्र से जुड़ी महिलाएं कभी पीछे मुड़कर नहीं देखेंगी। भारत आज नेतृत्व, आर्थिक भागीदारी, सरकारी सहयोग, क्षेत्रीय सक्रियता, सामाजिक प्रभाव के अध्ययन व सशक्तिकरण की निति व नीतिगत बदलाव के लिए कार्य कर रहा है। इसमें अभिरुचि एवं अवसर दोनों बहुत मायने रखते हैं। यदि इनका समन्वय हो सका तो नि:संदेह आने वाला सहकारिता इतिहास स्त्रियों के नेतृत्व से परिपूर्ण दिखेगा और भारत तेजी से बदलता हुआ दिखेगा भी। आवश्यकता इस बात की है कि हम समय की पहचान करके सही दिशा में अपनी ऊर्जा को लगाएं।

अधिकार, न्याय व कार्रवाई थीम पर केंद्रित इस वर्ष का अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सुर्खियों में रहा है क्योंकि संयुक्त राष्ट्र दस दिन तक विश्व की महिलाओं के साथ उत्साहपूर्ण वातावरण में खूब बातें कर रहा है। यूएन महासभा अध्यक्ष ऐनालेना बेयरबॉक का मानना है कि जब लड़कियां शिक्षा प्राप्त करती हैं तो अर्थव्यवस्था तेज़ी से बढ़ती है, जब महिलाएं कार्यबल में शामिल होती हैं तो उत्पादकता बढ़ती है और जब शान्ति वार्ताओं में महिलाएं शामिल होती हैं तो शान्ति समझौते अधिक समय तक टिकाऊ साबित होते हैं। भारत में महिलाओं के शैक्षणिक बदलाव हो रहे हैं लेकिन जो कम पढ़ी-लिखी महिलाएं हैं, उन्होंने भी सहकारिता से जुड़कर भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने का कार्य किया है। सहकार से समृद्धि की मिसाल पेश करतीं हमारे देश की महिलाओं का आत्मबल व आत्मविश्वास दोनों बहुत ही मजबूत है। राष्ट्रीय नई सहकारिता नीति एक विज़न, एक मिशन के साथ आगे बढ़ चुकी है।

भारत सरकार ने सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के साथ इतने उपक्रम को अपनाया है कि उससे भारतीय सहकारिता क्षेत्र से जुड़ी महिलाएं कभी पीछे मुड़कर नहीं देखेंगी। छः रणनीतिक मिशन जिसमें नींव का सशक्तिकरण करने का संकल्प है, इसके अंतर्गत सहकारी आंदोलन की नींव को और भी मजबूत करने की कोशिश है। जीवंतता को प्रोत्साहित करने का संकल्प है जिसके अंतर्गत जीवंत और आत्मनिर्भर पारिस्थितिकी तंत्र का सृजन होगा। तीसरा, सहकारी समितियों को भविष्य के लिए तैयार करने की कोशिश, जिसमें सहकारी समितियों को पेशेवर और सतत आर्थिक इकाइयों में रूपांतरित किया जाएगा। चौथा समावेशिता को बढ़ावा देकर पहुंच का विस्तार प्रदान करने के लिए सहकार आधारित समावेशी विकास और सहकारी समितियों को जन आंदोलन के रूप में प्रोत्साहित करने पर बल है। साथ ही नए और उभरते क्षेत्रों में विस्तार हो, इसके लिए ऐसी योजना है कि सहकारी समितियों के नए और उभरते क्षेत्रों में विस्तार को प्रोत्साहित किया जाए। सबसे अहम संकल्प यह है कि सहकारी विकास के लिए युवा पीढ़ी को तैयार करने को प्रोत्साहन मिले, जिसका उद्देश्य है कि युवा पीढ़ी को प्रेरित कर उन्हें अनुभवजन्य सहकारी ज्ञान प्रदान करके भारत निर्माण में उन्हें जोड़ा जाए। यह न केवल ग्रामीण सहकारी परिवेश से उनके जुड़ाव को विकसित करेगा बल्कि गांव की संस्कृति से भागते युवाओं को पुनः गांव से जोड़ने का कार्य करेगा। स्त्री युवा शक्ति इसमें सबसे ज्यादा लाभान्वित होने वाली हैं, यह तो तय है।। इसका उल्लेख अब पूरे विश्व में हो रहा है। एनडीडीबी से जुड़ी स्त्रियों की सफलता की कहानियां अब शोध और अध्ययन का हिस्सा बनने जा रही हैं। भारतीय सहकारिता आन्दोलन को देखकर आज कुछ ऐसा ही स्पष्ट हो रहा है कि भारत सरकार कितनी जागरूकता के साथ सहकारिता क्षेत्र से जुड़ी व्यवस्था, लोग और खासकर स्त्री-शक्ति-सशक्तिकरण पर कार्य कर रही है।

यह इसलिए कहा जा सकता है क्योंकि अगर बहुत संजीदगी से देखा जाए तो विभिन्न विश्लेषण बताते हैं कि सरकार डेयरी, कृषि, हस्तशिल्प और ग्रामीण उद्यमों जैसे क्षेत्रों में महिलाओं के नेतृत्व वाली सहकारी समितियों के गठन और सशक्तिकरण को प्रोत्साहित कर अन्य मंत्रालयों के साथ मिलकर विभिन्न संस्थानों और



योजनाओं के माध्यम से क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता की सुविधा प्रदान करने की कोशिश कर रही है। श्वेत क्रांति 2.0 ने तो मानों देश में एक नई आर्थिक समृद्धि की ओर बढ़ने को तत्पर है। ऐसा सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि डेयरी क्षेत्र को मजबूत करने और महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने 46,422 मौजूदा डेयरी सहकारी समितियों के सशक्तिकरण के अलावा, 75,000 नई डेयरी सहकारी समितियों की स्थापना को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित किया। डेयरी सहकारी समितियां महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, रोजगार सृजन और ग्रामीण आजीविका बढ़ाने की दिशा में इससे बढ़ चुकी हैं। राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम-एनसीडीसी ने भी महिला केंद्रित योजनाएं शुरू की हैं जिसमें स्वयं शक्ति सहकार योजना, नंदिनी सहकार योजना एवं युवा सहकार योजनाओं ने तो आमूलचूल परिवर्तन करने का बीड़ा उठाया है।

स्वयं शक्ति सहकार योजना से एक तरफ आय सृजन कार्यकलापों, उद्यमिता विकास और महिला एसएचजी की क्षमता निर्माण होगा, वहीं दूसरी तरफ वित्तीय सहायता प्रदान करके महिला सहकारी समितियों को बढ़ावा मिलेगा और स्त्रियां सशक्त होंगी। नंदिनी सहकार योजना से डेयरी, पशु पालन, खाद्य प्रसंस्करण और अन्य संबद्ध क्षेत्रों जैसे कार्यकलापों में लगी महिलाओं के नेतृत्व वाली सहकारी समितियों को वित्तीय सहायता मिलेगी तो इससे सहकारी उद्यमों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने वाली है। युवा महिला उद्यमियों को एनसीडीसी के माध्यम से वित्तीय सहायता और समर्थन मिलेगा। उभरते और अभिनव क्षेत्रों में सहकारी उद्यमों की स्थापना होने से प्रबंधन में प्रोत्साहित होंगी। चीन की राजधानी बीजिंग में वर्ष 1995 में दुनिया के देशों ने एक साथ आकर एक घोषणापत्र बीजिंग प्लेटफ़ॉर्म को पारित किया था, जिसे महिला अधिकारों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण दस्तावेज़ माना जाता है। इस पड़ाव के 30 वर्ष पूरे हो चुके हैं। आर्थिक उन्नति, समावेशिता और उन्नत स्वास्थ्य के साथ पूर्णतया प्रतिभागिता को यह सम्मेलन संबोधित करता है. भारत में सहकारिता क्षेत्र में कार्य कर रही स्त्रियों को देखा जाए तो यह कहा जा सकता है कि यह सहकारिता आन्दोलन बीजिंग घोषणापत्र का भी सम्मान क्षेत्र है. भारत में सशक्तिकरण अब एक नारा नहीं है अपितु सशक्तिकरण की मिसाल है सहकारिता।

भारतीय स्त्रियां जो सहकारिता क्षेत्र अब पढ़-लिखकर व शोध करके आने वाले समय में भारत के लिए कार्य करने वाली हैं, उसकी गाथा आने वाले वर्षों में शोध का विषय होंगी। यह एक ऐतिहासिक बदलाव है जिसे भारत सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ अमित शाह के नेतृत्व में अर्जित कर रही है क्योंकि उनकी इच्छाशक्ति और कार्य को मूर्तरूप प्रदान करने की निराने शक्ति दोनों स्पष्ट है। भारतीय सामाजिक ताने-बाने के बीच अपनी जिंदगी संवारतीं महिलाओं के सशक्तिकरण की यह सहकारिता यात्रा भारत के बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। भारत की महिलाओं के बहुत से ऐतिहासिक उपलब्धियों की कहानियां प्रचलित हैं लेकिन विगत कुछेक वर्षों में सहकारिता से सशक्त स्त्री का इतिहास आने वाले समय में प्रेरणा का विषय बनने जा रहा है। भारत आज नेतृत्व, आर्थिक भागीदारी, सरकारी सहयोग, क्षेत्रीय सक्रियता, सामाजिक प्रभाव के अध्ययन व सशक्तिकरण की निति व नीतिगत बदलाव के लिए कार्य कर रहा है। इसमें अभिरुचि एवं अवसर दोनों बहुत मायने रखते हैं। यदि इनका समन्वय हो सका तो निःसंदेह आने वाला सहकारिता इतिहास स्त्रियों के नेतृत्व से परिपूर्ण दिखेगा और भारत तेजी से बदलता हुआ दिखेगा भी। आवश्यकता इस बात की है कि हम समय की पहचान करके सही दिशा में अपनी ऊर्जा को लगाएं।

(लेखक केंद्रीय विवि पंजाब में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।



गौरैया दिवस
सुनील कुमार महला


# चिरैया का संरक्षण मानवता के सुरक्षित भविष्य की गारंटी

प्रतिवर्ष 20 मार्च को 'विश्व गौरैया दिवस' मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने के पीछे का मुख्य उद्देश्य गौरैया तथा अन्य छोटे पक्षियों के संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, उनकी निरंतर घटती संख्या के कारणों को समझाना, जैव-विविधता (बायो-डायवर्सिटी) के महत्व को रेखांकित करना तथा लोगों को पेड़-पौधे लगाने, कृत्रिम घोंसले बनाने और पक्षियों के लिए दाना-पानी उपलब्ध कराने जैसे व्यावहारिक कदम उठाने के लिए प्रेरित करना है। इस दिवस की शुरुआत वर्ष 2010 में भारत की संस्था नेचर फोरएवर सोसायटी द्वारा की गई थी। एक समय था जब घर-आंगन में गौरैया की चहचहाहट हमारे सामान्य जीवन का हिस्सा हुआ करती थी, किंतु बदलती जीवनशैली, पक्के मकानों के बढ़ते चलन और घटते हरित क्षेत्र के कारण आज इनकी संख्या में भारी गिरावट देखी जा रही है और इसका सीधा व प्रत्यक्ष प्रभाव हमारे पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र (इको सिस्टम) पर पड़ रहा है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज बढ़ती आबादी, तीव्र शहरीकरण, औद्योगीकरण, कंक्रीट के जंगलों का विस्तार, ध्वनि, जल तथा वायु प्रदूषण, मोबाइल टावरों से निकलने वाला विकिरण, वनों की अंधाधुंध कटाई, प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन, कीटनाशकों और रसायनों का अत्यधिक उपयोग तथा कृषि में तकनीकी बदलाव जैसे अनेक कारण गौरैया के अस्तित्व के लिए गंभीर खतरा बन चुके हैं। वास्तव में, छोटे पक्षी विशेष रूप से ध्वनि प्रदूषण को सहन नहीं कर पाते, वहीं टावरों से निकलने वाली तरंगें उनकी प्रजनन क्षमता पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं।

इतना ही नहीं, आधुनिक ईंधनों में प्रयुक्त रसायन जैसे बेंजीन और मिथाइल तृतीयक ब्यूटाइल ईथर उन कीटों को नष्ट कर देते हैं, जिन पर गौरैया के बच्चे निर्भर रहते हैं। उद्यानों में कीटनाशकों और शाकनाशियों के अत्यधिक उपयोग से भी कीटों की संख्या में कमी आई है, जिससे इनके भोजन का संकट उत्पन्न हो गया है। शहरी क्षेत्रों में पारंपरिक घोंसला स्थलों की कमी, कांच से बनी बंद इमारतों का बढ़ता प्रचलन तथा उपयुक्त भोजन की अनुपलब्धता इनके प्रजनन को लगातार प्रभावित कर रही है। बदलती वास्तुशैली और सांस्कृतिक परिवर्तनों ने इनके आवास और खाद्य स्रोतों को लगभग समाप्त कर दिया है। बहरहाल, यदि हम यहां पर आंकड़ों की बात करें तो विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार भारत में घरेलू गौरैया की संख्या में लगभग 60 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई है। पक्षियों के संरक्षण के लिए रॉयल सोसाइटी (रॉयल सोसाइटी फोर दि प्रोटेक्शन ऑफ बर्ड्स) ने इसे अपनी रेड-लिस्ट में शामिल किया है। गौरतलब है कि विश्व में गौरैया की लगभग 26 प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें से 5 भारत में मिलती हैं। यह बिहार का राज्य पक्षी है तथा वर्ष 2012 में इसे दिल्ली का राज्य पक्षी घोषित किया गया। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आइसीएआर) के अनुसार आंध्र प्रदेश में इसकी संख्या में 80 प्रतिशत तक कमी आई है, जबकि केरल, गुजरात और राजस्थान में लगभग 20 प्रतिशत गिरावट दर्ज की गई है। 'स्टेट ऑफ इंडियाज बर्ड्स' रिपोर्ट के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी संख्या अपेक्षाकृत स्थिर बनी हुई है, जबकि महानगरों में 70 से 80 प्रतिशत तक गिरावट देखी गई है। गौरैया पासेरीडे परिवार की एक सामाजिक और सर्वाहारी पक्षी है, जो झुंड में रहना पसंद करती है। यह मुख्यतः बीज, कीड़े, जामुन और फल खाती है। इसकी सामान्य उड़ान गति लगभग 24 मील प्रति घंटा होती है, जो खतरे की स्थिति में 31 मील प्रति घंटा (लगभग 45 किलोमीटर प्रति घंटा) तक पहुंच सकती है। इसकी औसत आयु 4 से 5 वर्ष होती है। यह दीवारों, पेड़ों के कोटरों, झाड़ियों, पुराने घरों, रोशनदानों और खिड़कियों में घोंसला बनाती है। नर गौरैया अपने घोंसले की रक्षा आक्रामक रूप से करता है और यह पक्षी सामान्यतः जीवनभर एक ही साथी के साथ रहने की प्रवृत्ति रखता है, जो इसकी वफादारी को दर्शाता है। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में गौरैया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह अल्फा और कटवर्म जैसे हानिकारक कीटों को खाकर फसलों की रक्षा करती है, इसलिए इसे किसानों का मित्र कहा जाता है। अंततः, गौरैया संरक्षण के लिए किसी बड़े निवेश की आवश्यकता नहीं है, बल्कि छोटे-छोटे प्रयास ही पर्याप्त सिद्ध हो सकते हैं-जैसे घरों में दाना-पानी रखना, मिट्टी के बर्तनों (परिंडे) का उपयोग करना, पौधे लगाना, कृत्रिम घोंसले बनाना तथा पर्यावरण संरक्षण को अपनी जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाना। निष्कर्षतः, गौरैया केवल एक साधारण पक्षी नहीं, बल्कि पर्यावरण संतुलन की आधारशिला है; इसका संरक्षण मानवता के सुरक्षित और संतुलित भविष्य की गारंटी है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## साधना से ही मिलता है वास्तविक सुख



संकलित
दर्शन

अधिकांश व्यक्ति आज भौतिक मूल्यों के उपासक बन गए हैं। इस कारण जीवन के धर्म एवं मर्म को भुला बैठे हैं। उनकी इस उपासना ने दुनिया के बाह्य जगत को बड़ा सुहावना, लुभावना और आकर्षक बना दिया है। जबकि वास्तविक सुख आंतरिक सौंदर्य, अंतर्जगत की जागृति एवं अंतर्यात्रा से ही संभव है। भौतिक आकर्षण के पीछे मनुष्य दौड़ रहा है। यदि वह क्षण भर रुककर गंभीरता से सोचे तो उसे पता चलेगा कि यह सब भ्रम जाल है। जीवन वह नहीं, जिसे वह जी रहा है। संत एकनाथ ने कहा है कि धन जोड़कर भक्ति का दिखावा करने से कोई लाभ नहीं, क्योंकि ऐसा करने से मन में वासना और भी बढ़ जाएगी और जिनका चित्त वासना में फंसा हुआ है, उन्हें अंतरात्मा के दर्शन कैसे हो सकते हैं। वास्तविक सुख पाने के लिए व्यक्ति भक्ति यानी साधना की ओर प्रवृत्त होता है। स्थायी सुख की प्राप्ति भक्ति पर ही निर्भर है। भक्ति से मन को वश में करना है और मन को वश में करने का सरल उपाय है उसे परमात्मा के हेतु निरंतर भले कार्यों में लगाए रखना। महात्मा गांधी ने प्रेमा बहन के नाम लिखे पत्र में लिखा है-जो लोग कृष्ण-कृष्ण कहते हैं वे उसके पुजारी नहीं हैं। जो उनका काम करते हैं, वे ही पुजारी हैं। रोटी-रोटी कहने से पेट नहीं भरता, अपितु रोटी खाने से ही भरता है। मन को वश में लाने का अभ्यास अनेक प्रकार का होता है। इन अभ्यासों को ही भक्ति यानी साधना कहा गया है। जिस व्यक्ति ने स्वयं को शांति-अशांति, मान-अपमान और सुख-दुख से निर्लिप्त बना लिया है, वही निर्विघ्न शांति में स्थित रह सकता है।

## अच्छी बातें जीवन में उतारने पर ही लाभ मिलेगा



संकलित
प्रेरणा

द्वापर युग में द्रोणाचार्य को भीष्म पितामह ने कौरव और पांडव राजकुमारों का गुरु बना दिया था। एक दिन द्रोणाचार्य ने सभी राजकुमारों को एक पाठ दिया और कहा कि कल इस पाठ को आत्मसात करके आना है। आत्मसात शब्द का अर्थ है जीवन में, अपने आचरण में उतारना। अगले दिन सभी राजकुमार गुरु के आश्रम में पहुंच गए। पढ़ाई शुरू हुई तो द्रोणाचार्य ने पूछा कि कौन-कौन कल का पाठ याद करके आया है? युधिष्ठिर को छोड़कर बाकी सभी राजकुमारों ने कह दिया कि हमने ये पाठ याद कर लिया है। गुरु ने युधिष्ठिर से पूछा कि तुमने पाठ याद क्यों नहीं किया है? युधिष्ठिर ने कहा कि मैंने अभी तक ये पाठ आत्मसात नहीं किया है। ये बात सुनकर द्रोणाचार्य हैरान थे। कुछ देर सोचकर गुरु ने कहा कि ठीक है कल याद करके आना। इसके बाद दस दिन बीत गए, लेकिन युधिष्ठिर को वो पाठ अब तक याद नहीं हुआ था। जबकि अन्य राजकुमार युधिष्ठिर से 10 पाठ आगे पहुंच गए थे। द्रोणाचार्य ने युधिष्ठिर से पूछा कि आखिर बात क्या है। युधिष्ठिर ने कहा कि गुरुदेव, जैसे मेरे भाइयों ने ये पाठ याद किया है, वैसे तो मुझे याद है, लेकिन आपने कहा था कि इस पाठ को आत्मसात करना है। आपने सत्य को जीवन में उतारने का पाठ दिया था और मैं सत्य को जीवन में उतार नहीं पा रहा हूं। जब तक मैं इसे आत्मसात नहीं कर लूंगा, जब तक मैं सत्य को जीवन में नहीं उतार लूंगा, तब तक मैं इससे आगे नहीं बढ़ पाऊंगा।

सटाका




आज की पाती

### वनों को काटने से रोका जाए

21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस मनाया जाता है। दुनिया भर में इस उपलक्ष्य में प्रोग्राम आयोजित किए गए। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वनों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 28 नवंबर 2012 को हर वर्ष 21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के रूप में मनाने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया था। वन हैं तो हम हैं। जो वृक्ष हमें फल नहीं देते हैं, वो भी बहुत महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि ये हमें जीवित रहने के लिए ऑक्सीजन, बिना किसी मूल्य के देते हैं। लेकिन बहुत अफसोस है कि वनों की संभाल के लिए लापरवाही बरती जा रही है।भारत में बहुत पहले से ही वनों और वृक्षों को काटने से रोकने के प्रयास सरकारों, सामाजिक संस्थाओं और पर्यावरण प्रेमियों द्वारा आरंभ कर दिए गए थे। फिर भी परियोजनाओं के लिए बड़े पैमाने पर जंगल काटे जा रहे हैं। हमें इसे रोकना होगा। - *राजीव शर्मा, हिसार*

ट्रेंड

### आत्मनिर्भर बने देश



भारत की रक्षा तैयारियों और सामरिक स्वायत्तता के लिए यह आवश्यक है कि देश ड्रोन निर्माण में पूरी तरह आत्मनिर्भर बने और आने वाले वर्षों में ड्रोन निर्माण का ग्लोबल हब बने।
- **राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**

### 207 नई बसें रवाना



राजस्थान दिवस पर प्रदेशवासियों के लिए यातायात सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़, सुरक्षित और आधुनिक बनाने हेतु 207 नई बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये बसें न केवल शहरों और गांवों के बीच की दूरी को कम करेंगी, बल्कि प्रदेश के विकास को भी नई दिशा प्रदान करेंगी।
- **भजनलाल, सीएम, राजस्थान**

### गहरी संवेदना



मध्य प्रदेश के इंदौर में शार्ट सर्किट से घर में लगी आग से बिहार के 6 लोगों की मृत्यु दुःखद। शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना है। मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रुपये अनुग्रह अनुदान दिया जाएगा।
- **नीतीश कुमार, सीएम, बिहार**

### चुनाव आयोग बना हथियार



बीजेपी ने बेईमानी से चुनाव जीतने के लिए चुनाव आयोग को अपना हथियार बना लिया है। जो आज पश्चिम बंगाल में हो रहा है, यही दिल्ली के चुनाव में भी हुआ था। लोकतंत्र की धज्जियाँ उड़ायी गईं। आज ममता भी लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ रही हैं। इस संघर्ष में हम उनके साथ हैं।
**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

करंट अफेयर

## तुलसी गबार्ड ने खोल दी ट्रंप के दावे की पोल?



अमेरिका की इंटेलिजेंस चीफ तुलसी गबार्ड के एक बयान ने वॉशिंगटन की सियासत में हलचल मचा दी है। उनके इस खुलासे के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे पर सवाल उठने लगे हैं, जिसमें ईरान के न्यूक्लियर खतरे को जंग की बड़ी वजह बताया गया था। गाबार्ड ने सीनेट इंटेलिजेंस कमेटी के सामने अपने लिखित बयान में कहा कि 2025 में अमेरिका और इजरायल के हमलों के बाद ईरान ने अपने परमाणु संवर्धन (न्यूक्लियर एनरिचमेंट) कार्यक्रम को दोबारा शुरू करने की कोई कोशिश नहीं की है। तुलसी गबार्ड ने बताया कि ऑपरेशन मिडनाइट हैमर के बाद ईरान का न्यूक्लियर प्रोग्राम पूरी तरह तबाह हो गया था और तब से उसे फिर से खड़ा करने की कोई गतिविधि सामने नहीं आई। यह बयान सीधे तौर पर ट्रंप प्रशासन के उस तर्क को कमजोर करता है, जिसमें बार-बार कहा गया कि ईरान का न्यूक्लियर कार्यक्रम अमेरिका के लिए बड़ा खतरा बना हुआ है। ट्रंप और उनके अधिकारी लगातार यह कहते रहे हैं कि ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षा को रोकने के लिए सैन्य कार्रवाई जरूरी थी लेकिन गबार्ड के बयान के बाद बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि अगर ईरान ने अपना प्रोग्राम दोबारा शुरू ही नहीं किया, तो फिर जंग की जरूरत क्यों पड़ी?

ऑफ बीट

## सप्ताह में 150 मिनट की शारीरिक गतिविधि जरूरी



व्यायाम आपके संपूर्ण स्वास्थ्य और विशेष रूप से आपके हृदय के लिए अच्छा है। विशेषज्ञों की राय है कि हमें सप्ताह में 150 मिनट की मध्यम-से-जोरदार शारीरिक गतिविधि करनी चाहिए। शोधकर्ताओं ने पाया कि एक्सेलेरोमीटर मूल्यांकन के बाद छह वर्षों में, जो लोग नियमित रूप से मध्यम से जोरदार गतिविधि करते थे, उनमें गतिहीन लोगों की तुलना में स्ट्रोक, दिल का दौरा, दिल की विफलता और एट्रियल फाइब्रिलेशन कम था। इस अध्ययन का अनोखा निष्कर्ष यह था कि जिन लोगों ने अपनी आधी से अधिक गतिविधि सप्ताहांत में की, उनकी तुलना में उन लोगों के परिणामों में कोई अंतर नहीं था, जिन्होंने इसे पूरे सप्ताह में फैलाकर किया। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह कब किया गया था, मध्यम-जोरदार शारीरिक गतिविधि बेहतर हृदय स्वास्थ्य से जुड़ी थी। अध्ययन में, लेखकों ने उन लोगों को 'सप्ताहांत योद्धा' कहा, जिन्होंने सप्ताह में 150 मिनट से अधिक की मध्यम-से-जोरदार गतिविधि की। यह लाइक्रा पहने पहाड़ी रास्तों पर साइकिल की सवारी करते हुए या मध्यम आयु वर्ग के पुरुषों को 90 मिनट की कठिन फुटबॉल खेलने जैसा है।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## जैकेट का शेष...

### पीएनजी को बढ़ावा ...

बताया कि देश में कहीं भी पूरी तरह से गैस खत्म होने की स्थिति नहीं है। ऑनलाइन बुकिंग 94% तक पहुंच गई है और घबराहट में बुकिंग करना अब कम हो गया है। बुधवार को 57 लाख से ज्यादा रिफिल बुकिंग दर्ज की गईं। सरकार ने यह भी कहा कि पिछले दो हफ्तों में करीब 1.25 लाख नए घरेलू, कमर्शियल और इंडस्ट्रियल कनेक्शन दिए गए हैं, जिससे सप्लाई सिस्टम मजबूत हुआ है। केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के निर्देश दिए हैं। 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कंट्रोल रूम बनाए गए हैं और 25 जगहों पर जिला स्तर पर निगरानी समितियां काम कर रही हैं।

### ईरान-इजराइल युद्ध ...

सही नहीं ठहरा सकता। यह संप्रभुता और शांतिपूर्ण समाधान के सिद्धांतों के खिलाफ है, जिनके लिए भारत कई दशकों से खड़ा रहा है। उन्होंने आगे लिखा कि किसी भी देश की विदेश नीति कोई अकादमिक सेमिनार की तरह नहीं होती, जहां सिर्फ सिद्धांतों पर चर्चा हो। शशि थरूर ने अपने लेख में कुछ पुरानी घटनाओं का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत ने पहले भी कई बार राष्ट्रीय हित को सिद्धांतों से ऊपर रखा है। उन्होंने 1956 के हंगरी संकट, 1968 में चेकोस्लोवाकिया में सोवियत हस्तक्षेप और 1979 में अफगानिस्तान पर सोवियत संघ के आक्रमण का उदाहरण दिया। शशि थरूर की ये टिप्पणी ऐसे समय आई हैं, जब कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने इसी मुद्दे पर सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा था कि भारत सरकार की इस मामले में खामोशी हैरान करने वाली है।

### यह लड़ाई हमारी जंग ...

है। यह समझना जरूरी है कि पश्चिम एशिया में सिर्फ एक युद्ध नहीं चल रहा है, बल्कि कई तरह के संघर्ष एक साथ हो रहे हैं। इजराइल, ईरान और अमेरिका के बीच जो स्थिति है, वह सिर्फ क्षेत्रीय नहीं बल्कि बड़े वैश्विक समीकरणों से जुड़ी है। यह हमारी लड़ाई नहीं है।

### 'जल गंगा संवर्धन' ...

है। उन्होंने कहा कि मप्र नदियों का मायका है, जहां से 250 से अधिक नदियां निकलती हैं। मां नर्मदा के पवित्र जल से मप्र के साथ गुजरात में भी आनंद की धारा बह रही है। हमारी नदी जोड़ो परियोजनाओं का लाभ पड़ोसी राज्य राजस्थान और उत्तर प्रदेश को भी मिल रहा है।

### इंदौर को 22 करोड़ ...

के लिए शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है, जल है तो कल है के मूल मंत्र के साथ जागरूकता फैलाना है। मुख्यमंत्री धार्मिक और पर्यावरणीय संदेशों से जुड़ी महत्वपूर्ण गतिविधियों में भी शामिल हुए। उन्होंने इस्कॉन मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजन-अर्चन किया।

### हमारी नदियां शरीर ...

विक्रमादित्य, लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर, महाराज सिंधिया ने निर्माण कराया था। उन्होंने बताया कि इंदौर में 21 बावड़ियों का जीर्णोद्धार कराया गया है।

### बोले-हादसे रोकने ...

से दरवाजे जाम हो जाना बहुत दुखद है। जांच रिपोर्ट आने का इंतजार करेंगे। सीएम ने कहा कि ईवी चार्जिंग सिस्टम और घरों में लगने वाले इलेक्ट्रिक लॉक को कैसे सुरक्षित बनाएं ताकि गड़बड़ी होने पर इनसे बचा जा सके। इसके लिए सरकार काम कर रही है। अफसरों ने घटनास्थल का निरीक्षण भी किया है। मैंने इसका वीडियो भी देखा है। भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए आईआईटी सहित अन्य जगहों से चर्चा भी करेंगे। मुख्यमंत्री करीब बीस मिनट धर्मशाला में रुके। इसके बाद इस्कॉन मंदिर में होने वाले आयोजन में शामिल हुए।

### हादसे में तीन बच्चों ...

राशि और तनय की मौत हो गई थी। इस हादसे में मनोज की पत्नी सुनीता, दो बेटे सौरभ व बाबू निकलकर बाहर आ गए थे। पूरे हादसे में भाजपा और कांग्रेस के नेता घर जाकर दुःख जता चुके हैं।

### 50 हजार रिश्वत ...

कलेक्ट्रेट परिसर में ही आरोपी को 50 हजार रुपए लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। पटवारी राहुल अग्रवाल ने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा कि उसे जबरन फंसाया गया है और उसने कोई रिश्वत नहीं ली है। उसने कलेक्ट्रेट में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कराने की बात कही है।

### जेल से छूटने के बाद ...

कर लिया था। ट्रक से मांस के सेंपल लिए गए। सेंपल में गो मांस की पुष्टि होने के बाद स्लाटर हाउस का संचालन करने वाले असलम चमड़ा और उसके ड्राइवर सोएब को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। वहां से जेल भेज दिया। बुधवार 18 मार्च को कोर्ट ने असलम चमड़ा को जमानत दे दी। रात में सवा 9 बजे जेल से असलम चमड़ा की रिहाई हुई। पुलिस का कहना है कि रिहाई के दौरान असलम चमड़ा के परिजन और शुभचिंतकों ने सेंट्रल जेल के सामने भीड़ लगाकर शांति भंग करने का प्रयास किया है। इधर, असलम चमड़ा के परिजन ने सेंट्रल जेल के सामने से असलम कुरैशी के अपहरण की बात कही है। उनका कहना है कि हम असलम चमड़ा को जेल से रिहा कराने पहुंचे थे। इस दौरान जेल गेट से ही एक लाल रंग की पोलो कार (बिना नंबर प्लेट के) से कुछ अज्ञात व्यक्ति उतरकर मेरे पिता का अपहरण कर लिया। परिजन ने घटना की शिकायत गांधीनगर थाने पहुंचकर की। लगभग तीस मिनट बाद टीआई अपने वाहन में असलम चमड़ा को लेकर गांधी नगर थाने पहुंचे। वहां उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की।

### राम निवास की ...

पेश कीं, जिसके बाद अदालत ने राहत प्रदान की। गौर हो कि हाईकोर्ट ने आपराधिक प्रकरण छिपाने के चलते मल्होत्रा का चुनाव शून्य घोषित करते हुए भाजपा नेता रामनिवास रावत को विजेता घोषित कर दिया था। याचिका रावत की ओर से ही दायर की गई थी। इसके तुरंत बाद मल्होत्रा ने हाईकोर्ट में आवेदन देकर अपील करने के लिए समय मांगा था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट जाने के लिए 15 दिन का समय मिला था।

### विधायकी बहाल कर ...

देता, तब तक उन्हें विधायक के रूप में मिलने वाला वेतन और भत्ते नहीं दिए जाएंगे। इस मामले की अगली सुनवाई 23 जुलाई को होगी।

## पेज एक का शेष...

### तेल आपूर्ति की ...

बढ़ोतरी और राज्य की संप्रभुता का रंगे हाथों उल्लंघन मानता है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए सीधा खतरा है। इसके बाद कतर ने ईरानी सैन्य और सुरक्षा अटैची तथा संबंधित स्टाफ को 24 घंटे के अंदर देश छोड़ने का आदेश दे दिया।

### भारत ने चिंता ...

ऊर्जा अवसंरचना पर हुए हमलों के संबंध में मीडिया के प्रश्नों के उत्तर में गुरुवार को कहा कि भारत ने यह संघर्ष शुरू होने पर ही कहा था कि नागरिक और ऊर्जा ठिकानों को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए।

### अमेरिकी विदेश....

साफ नहीं है कि वे कहां से आए थे। इसी बीच अमेरिका ने दुनियाभर में अपने दूतावासों के लिए सुरक्षा चेतावनी जारी की है और देश के अंदर कई सैन्य ठिकानों पर भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

### आंधी-बारिश व ...

उमरिया, शहडोल और डिंडोरी में भी आंधी के साथ कुछ जगह बौछारें पड़ीं। इससे पहले बुधवार को खंडवा और अनूपपुर सहित कुछ जिलों में आंधी-बारिश के साथ ओले गिरे।

### पीएम मोदी की...

व्यक्त किया। गुरुवार को प्रधानमंत्री ने ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक, जॉर्डन के राजा किंग अब्दुल्ला द्वितीय, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से फोन पर बातचीत की। इन सभी चर्चाओं में क्षेत्र में बढ़ते तनाव पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई और संवाद व कूटनीति के जरिए समाधान पर बल दिया गया। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों के साथ बातचीत में दोनों नेताओं ने डी-एस्केलेशन यानी तनाव कम करने के लिए तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता पर सहमति जताई। उन्होंने भविष्य में भी करीबी समन्वय बनाए रखने का संकल्प दोहराया। वहीं, मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ वार्ता में हरि राया ऐदिलफित्री के अवसर पर शुभकामनाओं का आदान-प्रदान हुआ और शांति बहाली के प्रयासों को गति देने पर जोर दिया गया।

### हमारी सरकार ने ...

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को रवींद्र भवन में विक्रमोत्सव-2026 के तहत कोटि सूर्य उपासना कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सृष्टि के आरंभ दिवस, गुड़ी पड़वा, चेटी चंड, नववर्ष विक्रम संवत 2083 के आरंभ, घट स्थापना, नवरात्रि आरंभ, ज्योर्तिविज्ञान दिवस, नवरेह सहित आज देशभर में मनाए जा रहे सभी पर्वों की बधाई और मंगलकामनाएं दीं।

### एआई-डीपफेक के ...

दिखाया गया जो उन्होंने कभी दिए ही नहीं। इनमें एक फर्जी इस्तीफे का वीडियो भी शामिल था, जिसे लाखों बार देखा गया। मामले में 16 पक्षों को प्रतिवादी बनाया गया है। इसमें कुछ सोशल मीडिया अकाउंट्स के साथ-साथ ई-कॉमर्स कंपनियां जैसे एमेजॉन और फ्लिपकार्ट भी शामिल हैं। इसके अलावा टेक कंपनियां जैसे मेटा प्लेटफॉर्म्स, गूगल और यूट्यूब का नाम भी इस केस में है। आईटी मंत्रालय और दूरसंचार विभाग को भी इसमें शामिल किया गया है ताकि कोर्ट के आदेशों को लागू कराया जा सके। गंभीर ने कोर्ट से 2.5 करोड़ रुपये का हर्जाना, सभी आपत्तिजनक अकाउंट्स को हटाने, भविष्य में ऐसे इस्तेमाल पर स्थायी रोक लगाने और मौजूदा कंटेंट को हटाने की मांग की है।

### पुलिस टीम पर...

के अनिल बीसी पर हमला कर दिया। हमले में उनके हाथ में चोट आई, जिन्हें उपचार के लिए भेजा गया। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों के मुताबिक उन्होंने कुछ दूरी तक उसके पीछे भी गए, लेकिन तेंदुआ तेजी से भागते हुए रतलाम रोड पार कर जंगल की ओर निकल गया। उन्होंने बताया कि तेंदुआ आकार में काफी बड़ा था।इस समय खेतों में गेहूं की कटाई का काम चल रहा है, लेकिन तेंदुए के डर से किसान घबराए हुए हैं। कई लोग खेतों में जाने से बच रहे हैं, जिससे काम प्रभावित हो रहा है।

सोशल मीडिया के खिलाफ सरकार की कार्रवाई

## कांग्रेस ने इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर गंभीर हमला बताया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने एक्स, यूट्यूब और इंस्टाग्राम सहित सोशल मीडिया के खिलाफ केंद्र सरकार की कार्रवाई की कड़ी आलोचना की और कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कमजोर करना लोकतंत्र के लिए एक खतरा है।

कांग्रेस प्रवक्ता और पार्टी की सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म शाखा की प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने यहां संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि आधिकारिक निर्देशों के तहत विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कई खातों को या तो ब्लॉक कर दिया गया है या प्रतिबंधित किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार डिजिटल अभिव्यक्ति पर अंकुश लगाकर असहमति की आवाज को दबाने और जवाबदेही से बचने की कोशिश कर रही है। श्रीनेत ने दावा किया कि सरकार की नीतियों पर सवाल उठाने या सार्वजनिक मुद्दों को उजागर करने वाले कई यूट्यूब और इंस्टाग्राम खातों को या तो ब्लॉक कर दिया गया, निलंबित कर दिया गया या बिना उचित स्पष्टीकरण के उनकी सामग्री हटा दी गई। उन्होंने नोएडा में एलपीजी सिलेंडर की कमी पर खबर प्रसारित करने वाले एक यूट्यूबर को पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने का उदाहरण देते हुए यह बात कही। इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर गंभीर हमला बताते हुए कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि उन्हें प्रतिबंधों के संबंध में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से व्यक्तिगत रूप से कई नोटिस प्राप्त हुए हैं। उन्होंने सरकार पर मुख्यधारा की मीडिया को प्रभावित करने के बाद डिजिटल प्लेटफॉर्म पर नियंत्रण बढ़ाने का प्रयास करने का आरोप लगाया।

## वनतारा में वन्यजीव मानदंडों के उल्लंघन के आरोप वाली जनहित याचिका 'खारिज'

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुजरात के जामनगर स्थित प्राणी संरक्षण एवं पुनर्वास केंद्र वनतारा द्वारा लुप्तप्राय प्रजातियों के मामले में अंतरराष्ट्रीय वन्यजीव मानदंडों के उल्लंघन के आरोप वाली एक और याचिका खारिज कर दी है। न्यायालय ने पिछले साल भी इसी तरह की एक जनहित याचिका खारिज कर दी थी और यह कहा था कि कानून का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है। इसके साथ ही न्यायालय ने उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश जे चेलमेश्वर की अध्यक्षता वाली विशेष जांच टीम द्वारा वनतारा को दी गई क्लीन चिट को स्वीकार कर लिया था। करणार्थम विरामह फाउंडेशन द्वारा याचिका दाखिल की गई थी।


**सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि सारिका बाई पत्नि श्री शाम लाल निवासी- फ्लैट नंबर 401 आई ब्लॉक विराशा हाइट्स, कोलार ,भोपाल मैं श्रीमान कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट को देशीकरण के लिए आवेदन कर दिया है उक्त आवेदिका को देशीकरण अनुदत्त किए जाने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो तथ्यों सहित लिखित और हस्ताक्षरित कथन श्रीमान कलेक्टर को 7 दिन के अंदर भेजना चाहिए।

राजेश वर्मा (एडवोकेट)
एल आई जी 3सी साकेत नगर भोपाल
मध्य प्रदेश मोबाइल 9074777911

**सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि ईशान बाई पत्नि श्री नानिक राम निवासी- फ्लैट नंबर 401 आई ब्लॉक विराशा हाइट्स, कोलार ,भोपाल मैं श्रीमान कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट को देशीकरण के लिए आवेदन कर दिया है उक्त आवेदिका को देशीकरण अनुदत्त किए जाने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो तथ्यों सहित लिखित और हस्ताक्षरित कथन श्रीमान कलेक्टर को 7 दिन के अंदर भेजना चाहिए।

राजेश वर्मा (एडवोकेट)
एल आई जी 3सी साकेत नगर भोपाल
मध्य प्रदेश मोबाइल 9074777911

**सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि शाम लाल पुत्र श्री गोकल दास निवासी- फ्लैट नंबर 401 आई ब्लॉक विराशा हाइट्स, कोलार ,भोपाल मैं श्रीमान कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट को देशीकरण के लिए आवेदन कर दिया है उक्त आवेदिका को देशीकरण अनुदत्त किए जाने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो तथ्यों सहित लिखित और हस्ताक्षरित कथन श्रीमान कलेक्टर को 7 दिन के अंदर भेजना चाहिए।

राजेश वर्मा (एडवोकेट)
एल आई जी 3सी साकेत नगर भोपाल
मध्य प्रदेश मोबाइल 9074777911

**सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अश्विन आरतवानी पुत्र श्री बलराम आरतवानी निवासी- मकान नंबर 35 एडवोकेट कॉलोनी,ईदगाह हिल्स,भोपाल मैं श्रीमान कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट को देशीकरण के लिए आवेदन कर दिया है उक्त आवेदिका को देशीकरण अनुदत्त किए जाने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो तथ्यों सहित लिखित और हस्ताक्षरित कथन श्रीमान कलेक्टर को 7 दिन के अंदर भेजना चाहिए।

राजेश वर्मा (एडवोकेट)
एल आई जी 3सी साकेत नगर भोपाल
मध्य प्रदेश मोबाइल 9074777911

**सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि योगेश आरतवानी पुत्र श्री बलराम आरतवानी निवासी- मकान नंबर 35 एडवोकेट कॉलोनी,ईदगाह हिल्स,भोपाल मैं श्रीमान कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट को देशीकरण के लिए आवेदन कर दिया है उक्त आवेदिका को देशीकरण अनुदत्त किए जाने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो तथ्यों सहित लिखित और हस्ताक्षरित कथन श्रीमान कलेक्टर को 7 दिन के अंदर भेजना चाहिए।

राजेश वर्मा (एडवोकेट)
एल आई जी 3सी साकेत नगर भोपाल
मध्य प्रदेश मोबाइल 9074777911

**सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि बलराम आरतवानी पुत्र श्री मुरलीधर आरतवानी निवासी- मकान नंबर 35 एडवोकेट कॉलोनी,ईदगाह हिल्स,भोपाल मैं श्रीमान कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट को देशीकरण के लिए आवेदन कर दिया है उक्त आवेदिका को देशीकरण अनुदत्त किए जाने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो तथ्यों सहित लिखित और हस्ताक्षरित कथन श्रीमान कलेक्टर को 7 दिन के अंदर भेजना चाहिए।

राजेश वर्मा (एडवोकेट)
एल आई जी 3सी साकेत नगर भोपाल
मध्य प्रदेश मोबाइल 9074777911

**सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि श्रीमती माया बाई आरतवानी पत्नी श्री बलराम आरतवानी निवासी- मकान नंबर 35 एडवोकेट कॉलोनी, ईदगाह हिल्स,भोपाल मैं श्रीमान कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट को देशीकरण के लिए आवेदन कर दिया है उक्त आवेदिका को देशीकरण अनुदत्त किए जाने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो तथ्यों सहित लिखित और हस्ताक्षरित कथन श्रीमान कलेक्टर को 7 दिन के अंदर भेजना चाहिए।

राजेश वर्मा (एडवोकेट)
एल आई जी 3सी साकेत नगर भोपाल
मध्य प्रदेश मोबाइल 9074777911

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

फार्म हाउस उपलब्ध है
प्राकृतिक सोन्दर्य से भरपूर संपूर्ण सुविधाओं के साथ।
बैंक फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
अम्बाड़ी हिल्स फार्महाउस
दीवानगंज में मेन विदिशा रोड पर
हर रविवार आफिस से साइट विजिट की सुविधा
सम्पर्क करें 9755600569, 9755600827
आफिसः आदित्य कन्सट्रक्सन एण्ड मार्केटिंग, हाउस न. 16, 66 फीट, कोकता ट्रांसपोर्ट नगर रोड, महोली, भानपुर, भोपाल

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईटः- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081 9083218330
R- 12/03/26 to24/03/26
Not , 26,27/01/26, 15/02/26 , 04,08/03/2026

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक


## राशिफल

**मेष** – भवन की साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

**वृष** – आय के स्रोत बनेंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कार्यक्षेत्र की स्थिति में सुधार होगा। दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी।

**मिथुन** – खर्च बढ़ेंगे। शैक्षिक कार्यों में व्यवस्तता बढ़ सकती है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। तनाव में कमी आएगी।

**कर्क** – कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

**सिंह** – नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। कारोबार के विस्तार में भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है।

**कन्या** – बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। सेहत का ध्यान रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का सानिध्य मिलेगा।

**तुला** – नौकरी में परिवर्तन के साथ तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें। सेहत का ध्यान रखें।

**वृश्चिक** – पिता का सानिध्य मिलेगा। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार से आय में वृद्धि होगी। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। यात्रा के योग हैं।


**धनु** – शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सचेत रहें। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**मकर** – मित्रों का सहयोग मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। मानसिक तनाव रहेगा।

**कुंभ** – मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। यात्रा पर भी जा सकते हैं। बौद्धिक कार्यों से धनार्जन के साधन बन सकते हैं। परिश्रम की आवश्यकता रहेगी।

**मीन** – सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की स्थिति मन में रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। आय की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

## शब्द पहेली - 6170



**बाएँ से दाएँ**

1.बरस,वर्ष-2
2.आफत,मुसीबत-2
3.यमराज-2
4.तीर, बाण-2
6.आनेवाला दिन-2
7.उत्साह-2
8.उचित, सही-3
9.बंधन-2
10.बाण-2
11.उपवन, जंगल-3
12.सरिता-2
13.शिविर, तंबू-2
14.रुई साफ करना-3
16.फंदा, पाश-2
17.भीरु, डरपोक-3
18.तालाब -2
19.सम्मान-2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या-3
21.श्याम,काले रंग का-2
22.देह, तन, बदन-2
23.चुनना, छांटना-3
24.रघुवीर, सियावर-2
26.जलजला-3
27.कोलाहल-2
28.अवरोध-2
29.दलदल-3
30.पत्नी का भाई-2
31.रिवाज, रस्म-2
32.कक्ष, रूम-3
33.गधा, गर्दभ-2
34.जनकपुत्री-2
36.वोट, राय-2
37.विजय-2
38.मां का भाई-2
39.मूल्य-2

**ऊपर से नीचे**

1.परछाई-2
2.दम, ताकत-2
3.यमराज-2
4.सोना, निद्रा लेना-3
5.धूल, मिट्टी-2
6.शारीरिक ऊंचाई-2
7.बल, दम-2
8.पहचानना-3
9.बंधक-2
10.मोमबत्ती (उर्दू-2)
11.विवश-3
12.भीगा हुआ-2
13.क्रीड़ा-2
14.सहमत-3
15.फंदा-2
16.प्राण-2
17.आकांक्षा-3
18.लॉक-2
19.प्रकृति,धन-2
20.धावक-3
21.कार्य-2
22.सवारी गाड़ी-2
23.जंगल-3
24.झगड़ा-2
25.सरल-2
26.कूड़ा-3
27.अंगारा-2
28.वार्तालाप-2
29.दाम, मूल्य-3
30.सारांश-2
31.खाली-2
32.थोड़ा-2
33.पत्र, चिट्ठी-2
34.हद-2
35.बल, ताकत-2

**शब्द पहेली- 6169 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6180

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6179 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |



## अयोध्या में राष्ट्रपति ने रामलला के दर्शन और 'श्री राम यंत्र' की स्थापना की

# देश एक समावेशी समाज और विकसित राष्ट्र के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ा, नैतिकता आधारित राष्ट्र निर्माण पर दिया जोर

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के अयोध्या स्थित श्री राम जन्मभूमि मंदिर में भगवान रामलला के दर्शन किए। उन्होंने मंदिर परिसर में विभिन्न स्थानों पर पूजा-अर्चना और आरती की तथा 'श्री राम यंत्र' की स्थापना व पूजन भी किया। इस दौरान राष्ट्रपति ने कहा कि अयोध्या नगरी की पवित्र धूलि का स्पर्श करना उनके लिए परम सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि चैत्र शुक्ल संवत्सर 2083 के प्रारंभ और नवरात्रि के पहले दिन यहां उपस्थित होना उनके लिए विशेष अवसर है। श्री राम जन्मभूमि मंदिर का भूमि पूजन, रामलला के दिव्य विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा, राम दरबार का भक्तों के लिए खुलना और मंदिर के शिखर पर धर्म-ध्वजारोहण ये सभी हमारे इतिहास और संस्कृति की स्वर्णिम तिथियां हैं।

अयोध्या आगमन को बताया सौभाग्य
ऐतिहासिक क्षणों का किया उल्लेख


'श्री राम यंत्र' का पूजन करतीं राष्ट्रपति मुर्मू

### राम राज्य को बताया आदर्श मार्ग

राष्ट्रपति ने कहा कि देश एक समावेशी समाज और विकसित राष्ट्र के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। प्रभु श्री राम के आशीर्वाद से 2047 तक इन लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकेगा। राष्ट्रपति ने रामराज्य का उल्लेख करते हुए कहा उसमें कोई दुखी, निर्धन या वंचित नहीं होता। यही आदर्श मार्ग है।

### एकता और समर्पण का दिया संदेश

राष्ट्रपति ने कहा कि राम राज्य के आदर्शों का पालन करते हुए हम नैतिकता और धर्माचरण पर आधारित राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने सामाजिक समावेश और आर्थिक न्याय को वर्तमान राष्ट्रीय लक्ष्यों का अहम हिस्सा बताया। लोगों से एकता की भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम के प्रति भक्ति के बंधन से जुड़कर और आत्मीयता बनाए रखते हुए सभी को राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए।

### तमिलनाडु में तैयार किया गया यह दुनिया का इकलौता 'राम यंत्र'

वैदिक मंत्रों के बीच राष्ट्रपति ने राम मंदिर के द्वितीय तल पर श्रीराम यंत्र की पूजन के बाद स्थापना की। वैदिक आचार्यों ने पूजन सम्पन्न करवाया। श्रीराम यंत्र की स्थापना मंदिर के द्वितीय तल पर की गई है। राष्ट्रपति करीब साढ़े 10 बजे महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचीं। यहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और सीएम ने उनका स्वागत किया। यह केवल धातु की एक आकृति नहीं, बल्कि ब्रह्मांडीय ऊर्जा का एक गणितीय और आध्यात्मिक स्वरूप है।

**विशेष मिश्रण और वैदिक गणनाओं के आधार पर निर्मित किया**

इसे विशेष धातुओं के मिश्रण और वैदिक गणनाओं के आधार पर निर्मित किया गया है।राम यंत्र को कांचीपुरम मठ में तैयार किया गया। फिर तिरुपतिसे अयोध्या पहुंचाया गया। राम यंत्र का वजन 150 किलो है। इस पर सोने की परत है। धातुओं का मिश्रण है।

## खबर संक्षेप

### छग के मित्तल बने पीएमओ में उप सचिव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी और 2016 बैच के आईएएस डॉ. रवि मित्तल को केंद्र



सरकार ने एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें प्रतिनियुक्ति पर प्रधानमंत्री कार्यालय में उप सचिव नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से चार वर्षों की अवधि के लिए अथवा अगले आदेश तक प्रभावशील रहेगी।

### यूट्यूबर एल्विश पर एफआईआर खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर एल्विश यादव को बड़ी राहत देते हुए 2023 के चर्चित



स्नेक वेनम मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया है। नवंबर 2023 में उत्तर प्रदेश के नोएडा में कथित रेव पार्टी में सांप के जहर के इस्तेमाल के आरोपों के बाद एल्विश यादव के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया था।

### दुलारचंद हत्याकांड में अनंत को मिली बेल

**मोकामा।** यहां के विधायक अनंत सिंह को पटना हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। उन्हें चर्चित



दुलारचंद यादव हत्या मामले में जमानत दे दी गई है। अदालत ने सुनवाई के दौरान प्रस्तुत तथ्यों और साक्ष्यों पर विचार करते हुए यह निर्णय सुनाया।कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद संभावना है कि अनंत सिंह शुक्रवार या शनिवार तक जेल से रिहा हो सकते हैं। उनके समर्थकों में खुशी है।

### कन्नूर सांसद ने कांग्रेस को दिया अल्टीमेटम

**नई दिल्ली।** असम से लेकर केरल तक विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के लिए चुनौतियां बढ़ रही



हैं। केरल प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और कन्नूर से लोकसभा सांसद के सुधाकरन ने पार्टी नेतृत्व को अल्टीमेटम दिया है कि उन्हें विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं दिया गया तो भी वो निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। सुधाकरन यहां चुनाव लड़ना चाह रहे हैं।

### कैबिनेट मंत्री सतपाल ऋषिकेश एम्स में भर्ती

**ऋषिकेश।** स्वास्थ्य कारणों के चलते कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज को ऋषिकेश एम्स में भर्ती



किया गया है। बताया जा रहा उन्हें अचानक सांस लेने में दिक्कत महसूस हुई, जिसके बाद उन्हें तुरंत अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ऋषिकेश में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों की टीम उनकी लगातार निगरानी कर रही है और आवश्यक उपचार दिया जा रहा है।

## पश्चिम बंगाल चुनाव: भाजपा ने दूसरी सूची में 111 उम्मीदवारों का किया ऐलान

# रूपा गांगुली को सोनपुर दक्षिण, प्रमाणिक को माथाभांगा तो छेत्री को कलिम्पोंग से उतारा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ कोलकाता

भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल चुनाव के लिए दूसरी लिस्ट में 111 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। इस लिस्ट में 19 महिलाओं का नाम है। इससे पहले पहली लिस्ट में 144 प्रत्याशियों की घोषणा की थी। सूची के अनुसार पूर्व सांसद रूपा गांगुली को सोनपुर दक्षिण विधानसभा सीट, पूर्व केंद्रीय मंत्री निशीथ प्रमाणिक को माथाभांगा विधानसभा सीट, हॉकी के पूर्व खिलाड़ी भरत छेत्री को कलिम्पोंग विधानसभा से उम्मीदवार बनाया है। इनके अलावा भाजपा ने दार्जिलिंग से नोमन राय को पार्टी ने से उम्मीदवार बनाया है। इसी सूची में पहली लिस्ट में घोषित किए गए बिष्णुपुर (एससी) सीट के प्रत्याशी में बदलाव की जानकारी भी दी है। अब बिष्णुपुर विधानसभा सीट पर भाजपा ने विस्वजीत खान को उतारा है। भाजपा ने जॉयपुर सीट पर बिस्वजीत महतो के नाम का ऐलान किया।

**19** महिलाओं को भी बनाया प्रत्याशी

### दार्जिलिंग से नोमन राय लड़ेंगे बिष्णुपुर सीट पर बदला प्रत्याशी


निशीथ प्रमाणिक


रूपा गांगुली


भरत छेत्री

### कमरहाटी से अरूप चौधरी, हिंगलगंज से रेखा

सूची के अनुसार चोपड़ा से शंकर अधिकारी, बैरकपुर से कौस्तव बागची, कमरहाटी से अरूप चौधरी, हिंगलगंज से रेखा पात्रा, एंटली से प्रियंका टिबरेवाल, मानिकतला से तापस रॉय चुनाव लड़ेंगे। सूची के अनुसार मेक्लिगंज से दधिराम रॉय, मदारीहाट से लक्ष्मण लिम्बु, धुपगुड़ी से नरेश चंद्र रॉय, मयनागुड़ी से कौशिक रॉय, जलपाईगुड़ी से अनंत देब अधिकारी को प्रत्याशी बनायाहै। पार्टी ने सबिता बर्मन को इटाहार, रतन दास को हरिशचंद्रपुर, राजू कर्माकर को बैष्णवनगर से लड़ेंगे।

### सुवेंदु ने भवानीपुर में भाजपा के लिए प्रचार अभियान किया शुरू

पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने गुरुवार को दक्षिण कोलकाता की



बहुचर्चित भवानीपुर विधानसभा सीट से भाजपा के लिए चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत की। इस सीट पर उनका मुकाबला मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी से है। वे सुबह कोलकाता पहुंचे और चकबेरिया रोड की ओर रवाना हुए, जहां उन्होंने भाजपा के भवानीपुर चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया और एक रैली निकाली।

### भाजपा के टिकट पर लड़ेंगी आरजी कर रेप पीड़िता की मां

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में जूनियर डॉक्टर के साथ बेरहमी से रेप और मर्डर हुआ था, जिससे पूरे राज्य में हंगामा मच गया था। अब पीड़िता की मां को भाजपा बंगाल चुनाव में उम्मीदवार बना सकती है। उसकी मां ने मीडिया से गुरुवार को बात करते हुए कहा कि उन्होंने भाजपा से बात की है।

## 'सोशल इंजीनियरिंग' पर जोर, जालुकबारी से हिमंता तो दिसपुर से बोरदोलोई को टिकट

**असम में 88 सीटों पर प्रत्याशी घोषित**

**गुवाहाटी।** असम विधानसभा चुनाव का बिगुल बजते ही सत्ताधारी भाजपा ने अपनी पहली बड़ी चाल चल दी है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने घोषणा की है कि भाजपा के केंद्रीय संसदीय बोर्ड ने 88 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों को हरी झंडी दे दी है। इस सूची में केवल


हिमंत सरमा


प्रद्युत बोरदोलोई

धेमाजी जिले की 'सिसिबोरगांव' सीट को अभी होल्ड पर रखा गया है। सरमा ने कहा कि इस बार पार्टी ने टिकट बंटवारे में असम के सामाजिक ढांचे का भी पूरा ख्याल रखा है। दिसपुर सीट से प्रद्युत बोरदोलोई को टिकट दिया गया है। पहली सूची में ही बोरदोलोई का नाम है। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा राज्य की जालुकबारी सीट से चुनाव लड़ेंगे। इसमें 6 महिला उम्मीदवारों के नाम हैं। भूपेन कुमार बोरा को बिहपुरिया सीट दी है।

### सहयोगियों के लिए 26 सीटें छोड़ी

असम की राजनीति में गठबंधन का समीकरण हमेशा निर्णायक रहा है। सरमा ने कहा कि भाजपा ने अपने पुराने साथी असम गण परिषद के लिए 26 सीटें छोड़ी हैं। एजीपी नेतृत्व के साथ मुख्यमंत्री की अहम बैठक हुई, जिसके बाद उम्मीद जताई जा रही है कि एजीपी और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट भी अपने उम्मीदवारों की सूची जल्द ही सार्वजनिक कर देंगे।

### केरल हाईकोर्ट ने रद्द की श्वेता पर एफआईआर

## बिना सबूत महिला के चरित्र पर सवाल सामाजिक हिंसा



एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरल हाई कोर्ट ने कहा है कि बिना किसी आधार के किसी महिला के चरित्र पर लांछन लगाना 'सामाजिक हिंसा का एक खतरनाक रूप' है। कोर्ट ने यह भी कहा कि जब कोई समाज किसी महिला की उपलब्धियों के बजाए उसकी इमेज पर ज्यादा ध्यान देता है, तो इससे उसकी अपनी बौद्धिक दरिद्रता उजागर होती है। जस्टिस सीएस डियास की ये टिप्पणियां तब आईं, जब उन्होंने मलयालम फिल्म अभिनेत्री श्वेता मेनन के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया।

### शिकायत के समय पर भी उठाया सवाल

एफआईआर रद्द करने की उनकी याचिका को मंजूर करते हुए कोर्ट ने कहा कि शिकायत दर्ज करने का समय साफ तौर पर इसके दुर्भावनापूर्ण और परेशान करने वाले इरादे की ओर इशारा करता है। कोर्ट ने यह भी माना कि शिकायत, एफआईआर, रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री और संबंधित कानूनों का विश्लेषण करने पर यह पाया गया कि उन पर लगाए गए अपराध साबित नहीं होते हैं बल्कि ये आरोप मेनन के नाम और प्रतिष्ठा को धूमिल करने के किसी छिपे हुए मकसद से लगाए गए थे। किसी महिला के चरित्र पर बिना किसी आधार या ठोस वजह के लांछन लगाना सामाजिक हिंसा का एक बहुत घातक रूप है, क्योंकि जहां एक ओर ऐसी बातें कहना बेहद आसान होता है।

### इलाहाबाद हाई कोर्ट का फैसला

## निजी संपत्ति में नमाज अदा करने पर कोई कानूनी रोक नहीं रहेगी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक फैसले पर सुनवाई करते हुए कहा कि किसी निजी संपत्ति के भीतर धार्मिक सभा या नमाज अदा करने पर



कानूनन कोई प्रतिबंध नहीं है। कोर्ट ने बदायूं जिला प्रशासन को निर्देश दिया है कि वे एक निजी परिसर में स्थित मस्जिद में शांतिपूर्ण तरीके से नमाज पढ़ रहे लोगों के कार्य में कोई हस्तक्षेप न करें या कोई अड़चन न डालें। यह आदेश बदायूं के निवासी अलिशेर द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया गया। याचिकाकर्ता ने गुहार लगाई थी कि उसकी संपत्ति के एक हिस्से में वक्फ मस्जिद रजा स्थित है। अलिशेर का आरोप था कि अधिकारी वहां शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अदा करने से रोक रहे हैं।

### सीडीएससीओ ने दिए नए दिशा-निर्देश

सुनिश्चित होगी गुणवत्ता

## अब दवाओं के लाइसेंस के लिए डोजियर प्रणाली का पालन जरूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने दवा निर्माण लाइसेंस जारी करने और नवीनीकरण के लिए दस्तावेज आधारित प्रणाली (डोजियर) लागू करने के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए। इसका मकसद देशभर में दवाओं की गुणवत्ता और लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया में एकरूपता सुनिश्चित करना है। इस दस्तावेज में दवा निर्माताओं के लिए आवेदन प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए एक व्यवस्थित सूची दी गई, जिसमें




प्रशासनिक और तकनीकी दोनों तरह की आवश्यकताएं शामिल हैं। यह नियम दवा बनाने वाली कंपनियों पर लागू होगा, लेकिन आयुष दवाओं, प्रसाधन सामग्री और चिकित्सा उपकरणों को इससे बाहर रखा गया है।

### अब आवेदन का मूल्यांकन होगा

दस्तावेज-आधारित प्रक्रिया के तहत नियामक अब आवेदन का व्यापक और व्यवस्थित तरीके से मूल्यांकन कर सकेंगे, जिसमें परीक्षण रिपोर्ट, प्रमाणपत्र और अन्य जरूरी दस्तावेज शामिल होंगे, न कि अलग आधार पर जांच होगी। यह प्रक्रिया पारदर्शिता बढ़ाती है और फैसले लेने में निष्पक्षता लाती है। डोजियर आधारित प्रणाली व्यक्तिगत मूल्यांकन की तुलना में ज्यादा प्रभावी है।

वैश्विक टेंडर के जरिए पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने

## निर्भरता कम करने के लिए उर्वरक आयात में विविधता, किसानों को मिलेगी सुरक्षा

### गैस आपूर्ति बढ़ने से यूरिया का उत्पादन 23 फीसद बढ़ा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार के रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय ने कहा है कि आगामी खरीफ सीजन 2026 के लिए सरकार के पास उर्वरक के पर्याप्त भण्डार उपलब्ध हैं। सरकार ने विभिन्न रणनीतियों पर काम करना शुरू कर दिया है। घरेलू उत्पादन में रिकॉर्ड बढ़ोतरी के साथ ही ग्लोबल टेंडर के जरिए उर्वरक की खरीद सुनिश्चित की जा रही है। ताकि वैश्विक राजनीतिक



घटनाक्रम से भारतीय किसानों को किसी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि भारत सरकार ने ईपीएमसी के माध्यम से उर्वरक उत्पादन के लिए प्राकृतिक गैस की खरीद की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार से स्पॉट खरीद के माध्यम से भारत को 7.31 मिलियन मैट्रिक स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर प्रति दिन अतिरिक्त गैस मिलने लगी है। इस आपूर्ति से भारत में उर्वरक उत्पादन में 23 फीसद तक की बढ़ोतरी का अनुमान है।

### वैश्विक टेंडर के जरिए गैस की खरीद से बढ़ेगी सप्लाई

अभी तक भारत के यूरिया प्लांट्स को 32 एमएमएससीएमडी के करीब प्राकृतिक गैस मिल रही थी, इसके बाद यह मात्रा बढ़कर 39.31 एमएमएससीएमडी हो गई है। 23 फीसद अतिरिक्त प्राकृतिक गैस मिलने से भारत में यूरिया उत्पादन में लगभग 23 फीसद तक की वृद्धि हो जाएगी। घरेलू यूरिया उत्पादन 54,500 से बढ़कर 67,000 मीट्रिक टन प्रतिदिन हो गया है। वैश्विक टेंडर में स्पॉट ट्रेडिंग के जरिए खरीदी गई गैस की सप्लाई से भारत के यूरिया प्लांट्स को अब तक हो रही 62 फीसद की आपूर्ति बढ़कर 76 फीसद से ज्यादा हो जाएगी।

### यूएन रिपोर्ट में भारत की सफलता पर पीएम मोदी ने जताई खुशी

# बाल मृत्यु दर में 70 फीसदी की गिरावट बड़ी कामयाबी

## संयुक्त राष्ट्र बाल मृत्यु दर अनुमान अंतर-एजेंसी समूह ने बताया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में भारत में बाल मृत्यु दर में भारी गिरावट देखने को मिली। नवजात



शिशु मृत्यु दर में 70 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। यूएन ने बाल मृत्यु दर में गिरावट को लेकर भारत की जमकर सराहना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा कि यूएन की रिपोर्ट में बच्चों की मौत में तेज गिरावट के लिए भारत की तारीफ की गई। संयुक्त राष्ट्र बाल मृत्यु दर अनुमान अंतर-एजेंसी समूह के अनुसार बच्चों की मौत की दर को कम करने में दुनियाभर में भारत का अहम बनकर उभरा है।



### छोटे बच्चों की मौतों में 76 फीसदी की कमी

2 दशकों में भारत ने दक्षिण एशिया क्षेत्र में बच्चों की मृत्यु दर को कम करने की कोशिशों में अहम भूमिका निभाई है। 1990 से 5 साल से कम उम्र के बच्चों की मौतों में 76 फीसदी की कमी आई है और 2000 से 68 फीसदी की कमी आई। यह बड़ी कमी मुख्य रूप से भारत जैसे देशों के कारण आई है, जहां लक्षित सार्वजनिक स्वास्थ्य हस्तक्षेप, बेहतर संस्थागत डिलीवरी है।

### भारत ने निमोनिया डायरिया, मलेरिया पर नियंत्रण पाया

5 साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर में काफी कमी आई है। 2000 में हर 1,000 जीवित जन्मों पर 92 मौतों से घटकर 2024 में लगभग 32 हो गई है। भारत के खास दखल ने निमोनिया, डायरिया, मलेरिया और जन्म से जुड़ी दिक्कतों पर नियंत्रण किया है।

### 990 में 57 से घटकर 2024 में 17 हो गई

रिपोर्ट में इन नतीजों ने एक मजबूत, केंद्र और राज्यों द्वारा संचालित तथा मानकों पर आधारित सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली की प्रभावशीलता को उजागर किया है। भारत ने राष्ट्रीय दृष्टिकोण को जमीनी स्तर पर मापने योग्य परिणामों में बदलने के लिए ठोस प्रयास किए हैं। नवजात शिशु मृत्यु दर में 70 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है, जो 1990 में 57 से घटकर 2024 में 17 हो गई।

### गाजियाबाद में दिल दहलाने वाली घटना

## 13वीं मंजिल से कूद बेटे ने दी जान, घर में मिला मां का शव

एजेंसी ▶▶ गाजियाबाद

यूपी के गाजियाबाद स्थित कविनगर थाना क्षेत्र के महागुनपुरम सोसायटी में एक दिल



दहला देने वाली घटना सामने आई है। विनायक टॉवर में 42 वर्षीय राजवीर चावला ने 13वीं मंजिल से कूद कर आत्महत्या कर ली। पुलिस को उनके फ्लैट में उनकी 70 वर्षीय मां सतनामकौर का शव भी मिला है। राजवीर चावला एक ज्योतिष थे। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस जांच कर रही है।

### बेड पर पड़ी थी मां की लाश

राजवीर चावला ने 13वीं मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उनके फ्लैट की तलाशी ली। वहां बेड पर उनकी मां सतनाम कौर का शव पड़ा मिला। मां का शव दो से तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। उनकी नाक पर खून के धब्बे भी मौजूद थे। पुलिस ने दोनों शवों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है।

**पश्चिम एशिया संकट पर विदेश मंत्रालय ने जताई चिंता कहा**

# यह समय पूरे वैश्विक समुदाय के लिए परीक्षा की घड़ी

## खाड़ी देशों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता, तत्काल मदद के लिए तत्पर

## अपने हितों की रक्षा करते हुए भारत कूटनीति के जरिए शांति और स्थिरता के प्रयास कर रहा




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ तेल अवीव



पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच भारत ने वैश्विक स्तर पर कूटनीतिक संपर्क तेज कर दिए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि यह समय न केवल हमारे लिए बल्कि पूरे वैश्विक समुदाय के लिए परीक्षा की घड़ी है। उन्होंने बताया कि भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए संबंधित देशों के साथ लगातार संपर्क में हैं और विदेश मंत्रालय खाड़ी क्षेत्र, पश्चिम एशिया में घटनाक्रमों पर करीबी नजर रखे हुए है। रणधीर जायसवाल ने बताया कि भारत के शीर्ष नेता लगातार विभिन्न देशों के नेताओं के संपर्क में हैं और शांति व स्थिरता के लिए कूटनीतिक प्रयास जारी हैं। हाल ही में पीएम नरेंद्र मोदी और कुवैत के क्राउन प्रिंस के बीच बातचीत हुई, जिसमें क्षेत्रीय हालात पर चिंता जताई गई। भारत ने कूटनीति के जरिए हालात को संभालने और अपने हितों की रक्षा करने की दिशा में काम जारी रखा है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रयासों का असर भी दिखा है।

हाल ही में बातचीत और समन्वय के जरिए भारत अपने दो एलपीजी जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित निकालने में सफल रहा है। यह भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि खाड़ी देशों में बड़ी संख्या में भारतीय रहते हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता है। भारतीय दूतावास और सरकार लगातार संपर्क में हैं ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत मदद पहुंचाई जा सके। भारत कई देशों और हितधारकों के साथ लगातार संपर्क में रहेगा। सरकार का कहना है कि वह कूटनीति के जरिए समाधान निकालने और अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

**ईरान का यूएई के गैस फैसिलिटी फील्ड पर हमला**



ईरान के हमले में आग के गोले में बदला संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का हबशान गैस प्लांट

### हमले अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन

*विदेश मंत्रालय ने कहा कि ये हमले अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन हैं। यूएई अपनी संप्रभुता और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा करने और अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाने का पूरा अधिकार रखता है। मंत्रालय ने कहा कि यह महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर और तेल फैसिलिटी को निशाना बनाने वाला हमला क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के साथ-साथ वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिए सीधा खतरा है।*

### हबशान गैस प्लांट ऑपरेशन अस्थायी रूप से बंद

ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के गैस फैसिलिटी फील्ड पर हमला किया है। ईरान की इस कार्रवाई की यूएई के अधिकारियों ने कड़ी आलोचना की है। यूएई के अधिकारियों ने गुरुवार को कहा कि मिसाइलों के इंटरसेप्शन से गिरते मलबे के कारण हबशान गैस फैसिलिटी में ऑपरेशन कुछ समय के लिए रोक दिया गया है। यूएई के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि संयुक्त अरब अमीरात ने हबशान गैस फैसिलिटी और बाब फील्ड को निशाना बनाकर किए गए ईरान के हमले की कड़ी निंदा की है। यूएई के शीर्ष राजनयिक ने कहा कि इन हमलों से भरोसा पूरी तरह खत्म हो गया है। सऊदी अरब ने रियाद और पूर्वी प्रांत में छह ड्रोन मार गिराए। लेकिन सैमरेफ रिफाइनरी को नुकसान पहुंचा। यह रिफाइनरी सऊदी अरामको और एक्सॉनमोबिल की साझेदारी है।

**ट्रंप की चेतावनी नजरअंदाज**

### ईरान ने इजराइल की तेल रिफाइनरी पर किया हमला



इजराइल की राष्ट्रीय एंबुलेंस सेवा मैगन डेविड एडोम ने बताया हाइफा की बाजान समूह तेल रिफाइनरी पर मिसाइल हमला किया गया है। एक व्यक्ति मामूली चोटों के साथ घायल हुआ है। वहीं, इजराइली उर्जा मंत्री एली कोहेन ने कहा कि बुनियादी ढांचे को कई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि अधिकांश क्षेत्रों में बिजली को बहाल कर दिया गया है और बाकी प्रभावित क्षेत्रों में भी जल्द बहाल कर दी जाएगी।

### होर्मुज में सभी 22 भारतीय जहाज और नाविक सुरक्षितः सिन्हा

पश्चिम एशिया में अभी भी भारत के 22 जहाज फंसे हुए हैं। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव ने राजेश सिन्हा ने गुरुवार को बताया कि भारतीय झंडे वाले जहाज और नाविक सभी सुरक्षित हैं और गल्फ क्षेत्र के समुद्री इलाके में किसी भी घटना की सूचना नहीं है।



उन्होंने बताया कि होर्मुज स्ट्रेट के वेस्ट में फारस की खाड़ी में अभी भी भारत के 22 जहाज मौजूद हैं। इन जहाजों पर 611 भारतीय नाविक सवार हैं और सुरक्षित हैं। पिछले 24 घंटों में 16 भारतीय नाविक अपनी साइन-ऑफ के बाद वापस भारत आए। सिन्हा ने बताया कि दीनदयाल पोर्ट अथॉरिटी, कांडला ने अतिरिक्त स्टोरेज की जगह बनाई है और अतिरिक्त जमीनी स्टोरेज के लिए लगभग 54 एकड़ जमीन उपलब्ध कराई है। इसके अलावा कुछ शुल्कों में छूट सहित, शुल्क और परिचालन सहायता भी लागू की गई है।

### जंग की वजह से कई चुनौतियां आईं: डीजीएफटी

भारत में विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के प्रमुख लव अग्रवाल ने बताया



कि इस संघर्ष से जेबेल अली, हमद, बंदर अब्बास और फुजैराह जैसे बड़े बंदरगाह एक साथ प्रभावित हुए। इसका असर यूरोप और अमेरिका जाने वाले माल पर भी पड़ा, क्योंकि जहाजों को लंबा रास्ता बदलकर जाना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि होर्मुज से गुजरने वाला ट्रांजिट भी कुछ समय के लिए रोक दिया गया, जिससे समस्या और बढ़ गई। मिडिल ईस्ट से उड़ानें भी या तो बंद कर दी गईं या बहुत कम कर दी गईं। इस वजह से व्यापार को माल डायवर्जन (रूट बदलने) जैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। यह दोहरी मार जैसी स्थिति थी, क्योंकि हवाई और समुद्री दोनों तरह के माल परिवहन पर असर पड़ा है।

**ओमान का यूएस पर आरोप**

### ईरान से जंग ट्रंप सरकार की सबसे बड़ी गलतीः बुसैदी

*ओमान के विदेश मंत्री ने ईरान के साथ चल रही जंग को ट्रंप सरकार की सबसे बड़ी गलती बताया है। विदेश मंत्री बद्र अल बुसैदी ने कहा है कि इस युद्ध*



*का असर वैश्विक अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय सुरक्षा पर साफ दिखाई दे रहा है। उन्होंने इस संघर्ष को 'गैरकानूनी युद्ध' बताया और अमेरिका के सहयोगी देशों से इसे खत्म कराने में मदद करने की अपील की। अलबुसैदी युद्ध शुरू होने से पहले अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत कराने में अहम भूमिका निभा रहे थे। उन्होंने कहा कि 28 फरवरी को जब बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी थी और शांति की उम्मीद नजर आ रही थी, तभी कुछ घंटों बाद ही इजराइल और अमेरिका ने फिर से सैन्य हमला कर दिया। यह चौंकाने वाली बात थी।*

### एमआई-17 हेलीकॉप्टर को बनाया निशानाः इजराइल

इजराइली सेना ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में बताया कि वायु सेना ने



हमदान प्रांत के सन्नाज एयरपोर्ट पर एमआई-17 हेलीकॉप्टर को निशाना बनाकर तबाह कर दिया। इससे पता चलता है कि ईरान का एयर डिफेंस और वायु सेना की क्षमताएं तबाह हो चुकी हैं। यह हमला खुफिया जानकारी के आधार पर पूरी सटीकता से रियल टाइम पर किया गया। आईडीएफ लगातार इस्लामिक गार्ड कॉर्प्स की वायु सेना की क्षमताओं पर हमले कर रही है और पश्चिमी ईरान में अपनी हवाई श्रेष्ठता का लगातार विस्तार कर रही है।

### होर्मुज में अमेरिका का ईरान के नौसैनिक ठिकानों पर हमला



*होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका की ओर से एक वीडियो जारी किया गया है, जिसमें ईरान के नौसैनिक ठिकानों पर हमले का दावा किया गया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) द्वारा जारी इस वीडियो में कहा गया है कि अमेरिकी बलों ने उन ईरानी नौसैनिक लक्ष्यों को नष्ट किया, जो अंतरराष्ट्रीय जहाजों के लिए खतरा बन रहे थे। ये हमले होर्मुज जलडमरूमध्य और उसके आसपास के इलाकों में किए जाने का दावा किया गया है, जो दुनिया के लिए सबसे अहम तेल आपूर्ति मार्गों में से एक है।*

### एस. जयशंकर की इजराइल के विदेश मंत्री से हुई बात

*भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर और इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार के बीच गुरुवार को पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बारे में फोन पर बातचीत हुई। गिदोन सार ने एक्स पोस्ट में बताया कि मैंने भारत के विदेश मंत्री को ईरान के 'आतंकी शासन' के ख़िलाफ़ हमारी कार्रवाई की जानकारी दी। मैंने कहा कि ईरान का शासन स्ट्रेट ऑफ़ होर्मुज़ में 'समुद्री आतंकवाद' कर रहा है। यह सिर्फ़ अमेरिका या इजराइल का मामला नहीं है, बल्कि यह पूरी दुनिया की व्यवस्था और वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाली बुनियादी समस्या है। अगर इस गंभीर स्थिति को अभी नहीं रोका गया, तो यह पूरी दुनिया में फैल सकती है। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी एक्स पोस्ट के जरिए बताया कि उनकी इजराइल के विदेश मंत्री से मध्यपूर्व में चल रहे संघर्ष पर बातचीत हुई है। जयशंकर ने नई दिल्ली में संयुक्त अरब अमीरात की अंतर्राष्ट्रीय सहयोग राज्य मंत्री रीम अल हाशिमी से भी मुलाकात की।*

### ईरान में तीन को फांसी दी गई

ईरान ने जनवरी में हुए प्रदर्शनों के दौरान गिरफ्तार किए गए तीन लोगों को फांसी दी। उन पर दो पुलिसकर्मियों की हत्या का आरोप था। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि ईरान में जबरन कबूलनामे कराए जाते हैं और आरोपियों को उचित बचाव का मौका नहीं मिलता।

### ईरान में 1,300 से ज्यादा लोगों की मौत

युद्ध के तीसरे हफ्ते में मरने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। ईरान में 1,300 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। इजराइली हमलों के कारण लेबनान में 10 लाख से ज्यादा लोग विस्थापित हुए हैं और वहां 968 लोगों की मौत हुई है। इजराइल में ईरानी मिसाइल हमलों से 15 लोगों की मौत हुई है, जिनमें एक थाई कृषि मजदूर भी शामिल है। वेस्ट बैंक में भी तीन लोगों की मौत हुई है।

---

**खबर संक्षेप**

### विक्रम दोराईस्वामी चीन में भारत के राजदूत

**नई दिल्ली।** 1992 बैच के आईएफएस अधिकारी विक्रम दोराईस्वामी को चीन में भारत का



अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि वे अभी ब्रिटेन में भारत के हाई कमिश्नर हैं और उम्मीद है कि वह जल्द ही यह काम संभाल लेंगे। दोराईस्वामी 1992 में भारतीय विदेश सेवा में शामिल हुए। उससे पहले, उन्होंने एक साल तक पत्रकारिता की।

### एयरबस सौदे में पूर्व राष्ट्रपति को दी रिश्वत

**कोलंबो।** श्रीलंका की अदालत में बताया गया कि पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे को एयरबस सौदे के तहत



6 करोड़ श्रीलंकाई रुपए की घूस दी गई थी। यह दावा 2017 के एयरबस मामले में मुख्य आरोपी कपिला चंद्रसेना ने किया। वर्ष 2011 से 2015 तक राष्ट्रीय एयरलाइन के सीईओ रहे चंद्रसेना को पिछले सप्ताह इस मामले में गिरफ्तारी के बाद मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया।

### ईद पर टीटीपी का भी हमले रोकने का ऐलान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच अस्थायी संघर्ष विराम के बाद प्रतिबंधित



पाकिस्तानी आतंकी समूह ने ईद के मद्देनजर तीन दिन तक हमले न करने की घोषणा की। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के प्रवक्ता मोहम्मद खुरासानी ने कहा कि लोगों को ईद मनाने देने के लिए संघर्ष विराम किया गया है।

---

**'राष्ट्रीय रक्षा उद्योग सम्मेलन' में बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह**

# भविष्य के युद्धों में ड्रोन अहम हुआ, भारत को इस क्षेत्र में 'आत्मनिर्भर' बनना होगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित 'राष्ट्रीय रक्षा उद्योग सम्मेलन' में शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने 'डिफेंस इंडिया स्टार्ट-अप चैलेंज' (जीआईएससी) के 14वें संस्करण और एडीटीआई चैलेंज का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी भी उपस्थित थे। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारे रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा पहली बार 100 से अधिक चुनौतियां प्रस्तुत की जा रही हैं। मैं नए संस्करण के लिए सभी नवप्रवर्तकों को शुभकामनाएं देता हूं।

**छोटे उद्योगों को सप्लाई चेन से जोड़े**



जीआईएससी के 14वें संस्करण के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री ने कहा कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य छोटे उद्योगों को रक्षा निर्माण की सप्लाई चेन से जोड़ना है। जब छोटे उद्योग बड़े रक्षा कार्यक्रमों का हिस्सा बनेंगे, तभी देश में नई खोज और तकनीक की रफ्तार तेज होगी। किसी भी देश के रक्षा तंत्र को मजबूत बनाने में बड़े उद्योगों के साथ-साथ एमएसएमई, स्टार्टअप और इनोवेटर्स की भूमिका बहुत अहम होती है।

### एंटी-ड्रोन तकनीक महत्वपूर्ण

राजनाथ सिंह ने कहा कि भविष्य की लड़ाइयों में ड्रोन और एंटी-ड्रोन तकनीक की भूमिका सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होने वाली है। इसलिए भारत को ड्रोन निर्माण के क्षेत्र में एक ऐसा ईकोसिस्टम तैयार करना होगा, जिसमें हम पूरी तरह आत्मनिर्भर हों। हमें ड्रोन के हर पुर्जे को भारत में ही बनाना होगा। ड्रोन का ढांचा (मोल्ड), सॉफ्टवेयर, इंजन और बैटरी सब कुछ स्वदेशी होना चाहिए।

### भारत ड्रोन का ग्लोबल हब बने

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत की सुरक्षा और रणनीतिक मजबूती के लिए हमें ड्रोन निर्माण में पूरी तरह आत्मनिर्भर होना ही पड़ेगा। सरकार का लक्ष्य है कि साल 2030 तक भारत स्वदेशी ड्रोन निर्माण का दुनिया में सबसे बड़ा केंद्र (ग्लोबल हब) बन जाए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस मिशन में सरकार हर संभव मदद और सहयोग देगी।

### रक्षा मंत्रालय को मिला नवनिर्मित भवन

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने नवनिर्मित कार्यालय में प्रवेश किया है। यह कार्यालय रक्षा मंत्रालय के नए भवन में है। रक्षा मंत्रालय का यह भवन कर्तव्य भवन-2 में स्थित है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का यह कार्यालय अत्याधुनिक प्रशासनिक परिसर है।

### रोबोटिक्स विनिर्माण का तरीका बदल रही

राजनाथ सिंह ने आधुनिक तकनीकों जैसे ऑटोमेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और रोबोटिक्स के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ये तकनीकें पूरी दुनिया में मैन्युफैक्चरिंग का तरीका बदल रही हैं।

---

**उत्तराखंड में मौसम का बदला मिजाज**

## केदारनाथ और बदरीनाथ में बर्फबारी निचले इलाके में बारिश, तापमान गिरा



बर्फ से ढंका केदारनाथ धाम

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में गुरुवार को बर्फबारी हुई जबकि निचले व मैदानी इलाकों में रुक-रुक कर बारिश होती रही। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बदरीनाथ व केदारनाथ में बर्फबारी हुई जबकि नंदा देवी, फूलों की घाटी, त्रिशूल और अन्य ऊपरी इलाकों में तड़के से ही भारी बर्फबारी हो रही है।

उन्होंने बताया कि कई निचले इलाकों में भी बादल छाए रहे और बूंदाबांदी हुई। हर्षिल, गंगोत्री और यमुनोत्री जैसे उत्तरकाशी जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी बर्फबारी हुई। उन्होंने बताया कि जिले के अनेक स्थानों पर भी बारिश हुई, जिससे तापमान में गिरावट आई।

### 7 जिलों में 'यलो अलर्ट'

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के अधिकांश जिलों में हल्की से मध्यम बारिश, गरज-चमक और 3000 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना बनी हुई है। 7 जिलों हरिद्वार, उधम सिंह नगर, देहरादून, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल और चंपावत में 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और बिजली गिरने का 'यलो अलर्ट' जारी किया गया है। वहीं उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ में भी तेज हवाओं के साथ मौसम बिगड़ सकता है। विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है। बागेश्वर और पिथौरागढ़ में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। आने वाले एक-दो दिनों में तापमान में 3 से 5 डिग्री तक गिरावट हो सकती है।

---

**धार्मिक स्थलों की कर रहे थे रेकी**

## पाक गैंगस्टर शहजाद भट्टी के लिए 'जासूसी' करते दो युवक गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ हापुड़

थाना धौलाना, एटीएस मेरठ व आईबी दिल्ली की संयुक्त टीम ने पाकिस्तान के कुख्यात गैंगस्टर शहजाद भट्टी के लिए जासूसी करने वाले दो युवकों को मुगल गार्डन स्थित गैस एजेंसी के पास से गिरफ्तार किया है। गैंगस्टर के निर्देश पर दोनों भारत में संवेदनशील धार्मिक स्थलों की रेकी कर रहे थे। आरोपियों के पास से दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। जिनमें राष्ट्र विरोधी चैट, फोटो, वीडियो और लोकेशन डेटा मौजूद पाए गए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तार थाना धौलाना क्षेत्र के गांव पिपलैहड़ा का अजीम



पुलिस की गिरफ्त में दो युवक

राणा और जिला मेरठ के थाना भावनपुरा के गांव जई का आजाद राजपूत है। दोनों आरोपियों के खिलाफ खिलाफ देश विरोधी गतिविधियों से जुड़ा मुकदमा दर्ज किया गया है। एसपी ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि दिसंबर 2025 से वह शहजाद भट्टी से इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम, टेलीग्राम और वाट्एप के जरिए जुड़े हुए थे।

---

**भारतीय सेना ने मशीनीकृत युद्ध क्षमताओं का आकलन किया**

# बबीना रेंज में 'अमोघ ज्वाला' युद्धाभ्यास संपन्न

एजेंसी ▶▶ झांसी

बबीना फील्ड फायरिंग रेंज में 'अमोघ ज्वाला' अभ्यास बुधवार को संपन्न हो गया। इस अभ्यास के दौरान भारतीय सेना ने अपनी मशीनीकृत युद्ध क्षमताओं का आकलन किया, जिसमें तकनीक से लैस टैंकों को दौड़ाया गया और हेलिकॉप्टरों ने हमलावर होने की स्थिति में प्रदर्शन किया। सेना के अधिकारियों ने इसे मशीनीकृत युद्ध क्षमताओं के सत्यापन का अभ्यास बताया।

**थल, वायु, साइबर, अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए बल का निर्माण आवश्यक**

**युद्धक्षेत्र पर प्रभुत्व स्थापित करने के लिए प्रशिक्षण जरूरी**



बबीना रेंज में 'अमोघ ज्वाला' अभ्यास करते टैंक और हेलिकॉप्टर

### प्रौद्योगिकी को आत्मसात करें: एलजी सेठ

लेफ्टिनेंट जनरल सेठ ने इस बात पर जोर दिया कि प्रौद्योगिकी को आत्मसात करें। संयुक्तता और थल, वायु, साइबर, अंतरिक्ष, खुफिया निगरानी तथा इलेक्ट्रॉनिक युद्ध (ईडब्ल्यू) क्षमताओं का निर्बाध एकीकरण एक चुस्त, अनुकूलनीय और युद्ध के लिए तैयार बल के निर्माण के लिए मूलभूत हैं। उन्होंने कहा कि यह बल बहु-क्षेत्रीय अभियानों के संपूर्ण स्पेक्ट्रम में विकसित होते युद्धक्षेत्र पर प्रभुत्व स्थापित करने में सक्षम होगा।

**अभ्यास का अवलोकन किया**

### युद्ध तत्परता के लिए सैनिकों को दी बधाई

भारतीय सेना की दक्षिणी कमान ने 6 से 18 मार्च 2026 तक बबीना फील्ड फायरिंग रेंज में इस 'अमोघ ज्वाला' अभ्यास का संचालन किया था।



इसका मुख्य उद्देश्य बहु-क्षेत्रीय परिचालन वातावरण में प्रौद्योगिकी आधारित मशीनीकृत युद्धक्षमताओं का सत्यापन करना था। दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ, पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम ने अभ्यास के समापन का अवलोकन किया। उन्होंने भाग लेने वाले सैनिकों को उनकी व्यावसायिकता, परिचालन उत्कृष्टता और युद्ध तत्परता के लिए बधाई दी।

**खबर संक्षेप**

### निप्पॉन पेंट ने की पंजाब किंग्स के साथ साझेदारी

**चंडीगढ़।** पेंट एवं कोटिंग विनिर्माता कंपनी निप्पॉन पेंट इंडिया ने आईपीएल 2026 के लिए पंजाब किंग्स के साथ इसकी फ्रैंचाइजी के आधिकारिक साझेदार के तौर पर एक ऐतिहासिक साझेदारी की घोषणा की। इस साझेदारी की घोषणा निप्पॉन पेंट ग्रुप के प्रबंध निदेशक शरद मल्होत्रा, निप्पॉन पेंट इंडिया के अध्यक्ष मार्क टीटस और पंजाब किंग्स के सीईओ सतीश मेनन द्वारा भारत और पंजाब किंग्स के क्रिकेटर और आईपीएल के ऑल टाइम अग्रणी विकेट लेने वाले युजवेंद्र चहल और पंजाब किंग्स के क्रिकेटर एवं सबसे भरोसेमंद फिनिशरों में से एक शशांक सिंह की उपस्थिति में की गई।

### कोक स्टूडियो ने जारी की कलाकारों की लिस्ट

**नई दिल्ली।** कोक स्टूडियो भारत ने तीन सफल सीजन के बाद अब सीजन 4 के साथ वापसी की है। देशभर के कलाकारों को एक मंच पर लाने और क्षेत्रीय धुनों व परंपराओं को नए रूप में पेश करने के लिए मशहूर यह प्लेटफॉर्म, इस बार 'द लिस्ट' के साथ नए सीजन का आगाज कर रहा है। इसमें इस साल हिस्सा लेने वाले कलाकारों के नामों का खुलासा किया गया है। अगर सीजन 3 ने दर्शकों को 'अर्ज किया है' जैसा गाना दिया था जिसने भारत की कविता संस्कृति को आधुनिक रूप में पेश कर चार्ट्स में टॉप किया।

### सैंडिस्क ने क्रिएटर सीरीज पेश की

**नई दिल्ली ।** सैंडिस्क की नई क्रिएटर सीरीज अब भारत में उपलब्ध है। यह स्टोरेज सॉल्यूशंस की एक प्रोफेशनल रेंज है, जिसे आज के कंटेंट क्रिएटर्स के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस लाइनअप में एक माइक्रोएसडी कार्डएक एसडी यूएचएस-द्वितीय कार्ड, बेहद तेज़ यूएसबी-सी फ्लैश ड्राइव, आईफोन के लिए मैगसेफ वाला एसएसडी, और एक फोन ड्राइव शामिल है जो भारतीय कंटेंट क्रिएटर्स के लिए कई तरह के डिवाइसेस को सपोर्ट करता है।

### अमेजन एमएक्स प्लेयर ने की कंटेंट सूची की घोषणा

**मुंबई।** स्ट्रीमिंग सेवा अमेजन एमएक्स प्लेयर ने 2026 के लिए अब तक की अपनी सबसे बड़ी कंटेंट सूची की घोषणा की, प्लेटफॉर्म 150 से अधिक नए और पहले से चल रहे शो लेकर आ रहा है। विभिन्न शैलियों, प्रारूपों और कहानी कहने के अंदाज में फैली इस सूची के जरिए प्लेटफ़ॉर्म का उद्देश्य उच्च गुणवत्ता वाली मनोरंजन सामग्री को देशभर के दर्शकों तक पूरी तरह मुफ्त पहुंचाना है।

*कमर्शियल गैस सिलेंडर और प्लास्टिक दाना महंगा होने से डिब्बा बंद सांची और अमूल दुग्ध उत्पादों पर संकट*

# डेयरी उद्योग पर गैस सिलेंडर की आंच : सांची पार्लर और कॉर्नर से डिब्बा बंद दही नदारद , ग्राहक परेशान

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ईरान-अमेरिका युद्ध के कारण गहराते ऊर्जा संकट का असर अब न सिर्फ रसोई के बजट पर पड़ रहा है, बल्कि दूध, दही सहित दुग्ध उत्पादों की आपूर्ति पर भी पड़ने लगा है। डेयरी मालिकों का कहना कि एलपीजी की कमी से दूध प्रसंस्करण, पाश्चुरीकरण और पैकेजिंग बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

इससे आने वाले दिनों में दूध की आपूर्ति पर असर पड़ सकता है। इधर राजधानी भोपाल के हबीबगंज स्थित सांची दुग्ध संघ के उत्पादों पर भी ऊर्जा संकट का असर पड़ा है। दस नंबर मार्केट, बिट्ठन मार्केट, त्रिलंगा, रचना नगर, अलकापुरी, साकेत नगर, कोलार और एमपी नगर सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित सांची पार्लर और कॉर्नर से डिब्बा बंद आधा किलो दही एवं रबड़ी के डिब्बे नदारद हैं। सांची पार्लर संचालकों का कहना है कि






आधा किलो डिब्बा बंद दही और रबड़ी की आपूर्ति सप्ताह भर से बंद है तो वहीं अमूल ब्रांड के डिब्बा बंद दुग्ध उत्पादों पर भी संकट के बादल छा गए है। बाजार में खुली डेयरी दुकानों से डिब्बा बंद दही के साथ अमूल श्रीखंड भी गायब हो गए है। गौरतलब है कि ऊर्जा संकट का असर डेयरी उद्योग के डिब्बा बंद दुग्ध उत्पादों पर दिखने लगा है। राजधानी भोपाल में सहित प्रदेशभर के डिब्बा बंद दुग्ध उत्पाद प्रेमियों को चैत नवरात्रि के पहले दिन मायूस होना पड़ा। तो वहीं डिब्बा बंद सांची दही के चहेते इधर से उधर भटकने को मजूबर रहे,लेकिन सांची पार्लर में उक्त मनपसंद रही नदारद होने से उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा।

## प्लास्टिक थैली में दूध, दही पर्याप्त : जोशी

उल्लेखनीय है कि गैस की कमी से न केवल पैकेजिंग प्रभावित हुई है, बल्कि दूध की मांग भी कम हो गई है। होटल, रेस्तरां और थोक ग्राहकों ने दूध के ऑर्डर कम कर दिए हैं। कहा जा रह है कि अगर हालात में सुधार नहीं हुआ है तो डेयरी उद्योग को बड़े संकट का सामना कर सकता है।

इधर भोपाल सहकारी सांची दुग्ध संघ के सीईओ प्रीतेश जोशी ने कहाकि कमर्शियल गैस सिलेंडर नहीं मिलने और प्लास्टिक दाना 40 फीसदी महंगा होने का असर डिब्बा बंद दुग्ध उत्पादों पर पड़ा है। लेकिन प्लास्टिक की थैली में दूध, दही पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।



## उत्पादों की पैकेजिंग पर एमएस धोनी दिखाई देंगे

# जेड ब्लैक ने एमएस धोनी के साथ लांच किया टेलीविजन कमर्शियल अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर/मुंबई

*एमएस धोनी ने जेड ब्लैक समर्पण शुद्ध कपूर एवं भीमसेनी कपूर के 'सब शुभ होगा' अभियान के जरिए उम्मीद का दिया संदेश*

मध्यप्रदेश स्थित मैसूर दीप परफ्यूमरी हाउस (एमडीपीएच) के प्रमुख सुगंध और पूजा उत्पाद ब्रांड जेड ब्लैक ने एमएस धोनी के साथ नया टेलीविजन कमर्शियल लांच किया है और ज़ेड ब्लैक समर्पण शुद्ध कपूर एवं भीमसेनी कपूर के लिए 'सब शुभ होगा' अभियान पेश किया है।

यह लांच गुरूवार से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्रि के पहले दिन हुआ। जब देशभर में श्रद्धालु नौ दिनों की पूजा और आध्यात्मिक साधना की शुरुआत करते हैं। इस अभियान के तहत ज़ेड ब्लैक की शुद्ध कपूर और भीमसेनी कपूर श्रृंखला पेश की गई है। इन उत्पादों की पैकेजिंग पर भी एमएस धोनी दिखाई देंगे और अभियान देशभर में टीवी, डिजिटल प्लेटफॉर्म और रिटेल नेटवर्क के माध्यम से चलाया जाएगा। इस टीवीसी में एमएस धोनी नैरेटर के रूप में दिखाई देते हैं। एक छात्र, ऑफिस जाने वाला और दुकानदार के रोज़मर्रा के जीवन के दृश्यों के जरिए बेहतर कल की उम्मीद को दिखाया गया है। अंत में फिल्म यही भरोसा देती है कि "सब शुभ होगा।"




### कंपनी कपूर और पूजा सामग्री जैसी नई श्रेणियों को समर्थन देने लगातार कर रही निवेश

कंपनी की विकास रणनीति पर बात करते हुए मैसूर दीप परफ्यूमरी हाउस के निदेशक अंशुल अग्रवाल ने कहाकि कंपनी कपूर और पूजा सामग्री जैसी नई श्रेणियों को समर्थन देने के लिए अपने विनिर्माण ढांचे के विस्तार और वितरण नेटवर्क को मजबूत करने में लगातार निवेश कर रही है। हमारा व्यापक फोकस नवाचार और टिकाऊ विनिर्माण पहलों के साथ सुगंध-आधारित एफएमसीजी पोर्टफोलियो तैयार करने पर है। अभियान पर अपनी बात रखते हुए ब्रांड एंबेसडर और दिग्गज क्रिकेटर एमएस धोनी ने कहाकि जेड ब्लैक के साथ संदेश हमेशा सरल रहा है 'अपना सर्वश्रेष्ठ करें और विश्वास रखें। 'प्रार्थना होगी स्वीकार' ने इसी भावना को सामने रखा था और 'सब शुभ होगा' उसी सोच को आगे बढ़ाते हुए लोगों को सकारात्मक बने रहने और विश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा ।

### यह अभियान करता है युवाओं से भी जुड़ने की कोशिश

यह पहल कपूर और पूजा सामग्री के बढ़ते बाज़ार में कंपनी की मौजूदगी मजबूत करने की रणनीति का हिस्सा है, जिससे वह अगरबत्ती से आगे अपने पोर्टफोलियो का विस्तार कर रही है। भारत में क्रिकेट और आस्था का गहरा जुड़ाव है और धोनी की शांत छवि इस अभियान के संदेश से मेल खाती है। यह अभियान युवाओं से भी जुड़ने की कोशिश करता है और एक सरल, सुकून देने वाला भाव सामने रखता है, जो "ऑल इज वेल" जैसी भावना की तरह भरोसा जाता है। अभियान के बारे में मैसूर दीप परफ्यूमरी हाउस के निदेशक अंकित अग्रवाल ने कहाकि सब शुभ होगा' के जरिए हम एक ऐसी भावना को सामने लाना चाहते थे, जिसकी जड़ें आस्था, सकारात्मकता और इस विश्वास में हैं कि हर सच्ची प्रार्थना उम्मीद लेकर आती है। एमएस धोनी के साथ हमारा एक दशक से जुड़ा संबंध भी भरोसे और विश्वास जैसे इन्हीं मूल्यों को दर्शाता है, इसलिए उनका जुड़ाव इस ब्रांड के साथ बिल्कुल स्वाभाविक है। जेड ब्लैक समर्पण शुद्ध कपूर एवं भीमसेनी कपूर के साथ हमारा उद्देश्य पूजा उत्पादों के बाजार में अपनी मौजूदगी को और मजबूत करना, भीमसेनी कपूर श्रेणी में नेतृत्व स्थापित करना और इसे व्यापक रूप से सुलभ बनाना है, क्योंकि हम वित्त वर्ष 2028 तक 1,000 करोड़ के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहे हैं। यह अभियान शुद्ध कपूर और भीमसेनी कपूर पर केंद्रित है।

*निचले स्तर के कर्मचारियों पर ज्यादा असर*

# युद्ध की आग ने बढ़ाई रेस्टोरेंट के किचन की तपिश, छंटनी के साथ सैलरी का संकट

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सरकार की ओर से एलपीजी उपलब्धता सुधारने के आश्वासन के बावजूद रेस्टोरेंट और कैटरिंग व्यवसाय से जुड़े लोगों का कहना है कि उन्हें कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई नहीं मिल रही है। सेक्टर से जुडे. लोगों का कहना है कि युद्ध की आग ने रेस्टोरेंट के किचन की तपिश बढ़ा दी है तो वहीं होटल, रेस्टोरेंट में सेवारत कर्मचारियों की छंटनी के साथ सैलरी पर संकट मंडराने लगा है। गौरतलब है कि कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर आपूर्ति बाधित होने के असर फूड सर्विस सेक्टर पर साफ तौर पर दिखाई देने लगा है। क्योंकि सिलेंडर के अभाव में रेस्टोरेंट में खान -पान और भांति भांति प्रकार के व्यंजनों का मीनू पूर्व की भांति जारी रखना बेहद मुश्किल हो चला है। कई कारोबारियों का कहना है कि स्थिति अनिश्चित है और यह साफ नहीं है कि हालात कब सामान्य होंगे।

जिसके चलते सेवारत कर्मचारियों में कटौती की तैयारी है। क्योंकि व्यवसाय मंदा होने से उनकी सैलरी देने का संकट खड़ा हो रहा है। भोपाल होटल-रेस्टोरेंट व्यवसायी एसोसिएशन के अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह ने बताया कि इस समय पूरे सेक्टर में हड़कंप जैसी स्थिति है। यदि हालात नहीं सुधरे, तो इसका सबसे ज्यादा असर निचले स्तर के कर्मचारियों पर पड़ेगा, जो इस




इंडस्ट्री में काम करते हैं। सबसे ज्यादा संकट छोटे रेस्टोरेंट, सड़क किनारे खाने-पीने की दुकानें, कैटरर्स और क्लाउड किचन संचालकों पर पड़ रहा है। इनमें से कई पहले ही अपना कारोबार बंद कर चुके हैं। एलपी की कमी का सीधा असर मैन्यू, काम-काज के घंटे और मुनाफे के ऊपर पड़ सकता है। ऐसे में छोटे कारोबारी जो नुकसान झेलने में सक्षम नहीं हैं और उन्हें मजबूरन छंटनी करनी पड़ सकती है। हालांकि, बड़े खिलाड़ी कुछ समय तक नुकसान सह सकते हैं, लेकिन इससे उनके ऑपरेशंस के कई पहलू प्रभावित होंगे।

### सिग्निफाई ने की ईकोलिंक और राजस्थान रॉयल्स के बीच पार्टनरशिप की घोषणा

**नई दिल्ली।** सिग्निफाई ने अपने उभरते हुए इलेक्ट्रिकल ब्रांड ईकोलिंक और राजस्थान रॉयल्स के बीच पार्टनरशिप की घोषणा की। इस सहयोग के अंतर्गत, ईकोलिंक राजस्थान रॉयल्स टीम का एसोसिएट स्पॉन्सर है।

यह साझेदारी भारत के सबसे बड़े स्पोर्टिंग प्लेटफॉर्म्स में से एक टी20 में ब्रांड की पहुँच बढ़ाएगी तथा देश के लाखों क्रिकेट फैंस से गहरा जुड़ाव स्थापित करेगी। यह पार्टनरशिप ईकोलिंक के आगामी प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के अनुरूप की गई है, जो भारतीय ग्राहकों को भरोसेमंद और प्रभावशाली सॉल्यूशंस प्रदान करने की ब्रांड की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। सिग्निफाई, ग्रेटर इंडिया के सीईओ एवं एमडी, सुमित जोशी ने कहाकि सिग्निफाई में हम इनोवेशन लाने और ग्राहकों को बेहतर प्रोडक्ट प्रदान करने के लिए समर्पित हैं।

*नए आयुक्त अनय द्विवेदी ने किया समस्या पर विचार*

# राज्य जीएसटी विभाग ने लंबे समय के बाद टैक्स लॉ बार एसो. की मांग मानी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राज्य कर विभाग में विभाग द्वारा किए जा रहे ऑडिट के प्रकरणों में ऑडिट के पश्चात जो आदेश जारी किया जाता था करदाता के उससे असंतुष्ट होने एवं कर की मांग जमा ना करने के बाद वह प्रकरण कर निर्धारण के लिए भेजा जाता था परंतु पूर्व में जिस अधिकारी द्वारा ऑडिट का आदेश पारित किया गया था उसी अधिकारी द्वारा कर निर्धारण भी किया जाता था जो की प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के विरुद्ध है।

टैक्स ला बार एसोसिएशन द्वारा काफी समय से उच्च अधिकारियों के समक्ष इस बात को उठाया जाता रहा है एवं आयुक्त के संज्ञान में भी यह समस्या लाई गई थी, परंतु इस समस्या के निराकरण के लिए कोई आदेश पारित नहीं किया गया था। नए आयुक्त अनय द्विवेदी ने हमारी इस समस्या पर




विचार किया एवं अधीनस्थ अधिकारियों को आदेश दिया है कि ऑडिट के पश्चात अगर कर निर्धारण की कार्रवाई होगी, तो उसे किसी अन्य अधिकारी द्वारा किया जाएगा न कि पूर्ववर्ती अधिकारी द्वारा। एडवोकेट मृदुल आर्य ने बताया कि कर सलाहकारों एवं व्यापारियों ने इस आदेश के आने के बाद राहत की सांस ली है क्योंकि पूर्व में पुनः उसी अधिकारी द्वारा कर निर्धारण करने पर राहत नहीं मिल पाती थी।लेकिन अब मध्य प्रदेश में वैट युग के पुराने लंबित मामलों के निस्तारण की समय सीमा बढ़ाने की टैक्स लॉ बार एसोसिएशन की मांग को राज्य सरकार ने स्वीकार कर लिया है। जिससे पेशेवरों को राहत मिली है जो वर्तमान में जीएसटी रिटर्न और ऑडिट में व्यस्त हैं।

**बिजनेस न्यूज**


### बीआईएस भोपाल शाखा में नए लाइसेंसधारियों के लिए 'मानक संवाद' का आयोजन

**भोपाल।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस ) भोपाल शाखा कार्यालय ने मानक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया, जो नए लाइसेंस प्राप्त उत्पादकों के लिए था। इस सत्र का उद्देश्य बीआईएस के नियमों को समझाना और प्रमाणन धारकों को अनुपालन बनाए रखने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम में राहुल कुमार, वैज्ञानिक-डी/संयुक्त निदेशक, बीपीबीओ प्रमुख रूप से मौजूद रहे। उन्होंने नए लाइसेंसधारकों को बीआईएस मानकों के पालन के महत्व को समझाया तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करने में उत्पादकों की जिम्मेदारियों पर बल दिया। हरिओम मीणा, वैज्ञानिक-सी/उप निदेशक, बीपीबीओ ने ऑपरेशनल प्रक्रियाओं और प्रमाणन बनाए रखने के सर्वोत्तम अभ्यासों पर विस्तृत जानकारी साझा की गई। इस सत्र में बीआईएस प्रमाणन धारकों के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई, जिनमें बीआईएस पोर्टल एवं वेबसाइट, बीआईएस की विभिन्न पहल, बीआईएस केयर मोबाइल एप्लिकेशन, लाइसेंस प्रबंधन के दिशानिर्देश, बीआईएस अधिनियम, उत्पाद गैर-अनुरूपता के कारण, कारखाना निगरानी प्रक्रिया, लाइसेंस के समावेशन व नवीनीकरण की प्रक्रियाएँ, मानक ऑनलाइन तथा बीआईएस ई-पोर्टल फीचर्स शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान मोहिनी हेल्थ एंड हाइजीन लिमिटेड को मेडिकल टेक्सटाइल्स एब्जॉर्बेंट कॉटन (आईएस 16468 : 2016) के लिए अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम लाइसेंस प्राप्त करने के उपलक्ष्य में मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सत्र के दौरान लाइसेंस दस्तावेजों की हार्ड कॉपी संबंधित लाइसेंसधारकों को विधिवत रूप से प्रदान की गई, जो उनकी गुणवत्ता अनुपालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



### यूनियन बैंक में महिला विशेष हिंदी कार्यशाला का आयोजन

**भोपाल।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुंबई स्थित केंद्रीय कार्यालय में एक दिवसीय महिला विशेष हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ आशीष पांडेय तथा नितेश रंजन,बैंक के कार्यपालक निदेशक की उपस्थिति में इस समारोह का आयोजन किया गया। हरीश सिंह चौहान, भारत सरकार के गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, नवी मुंबई के उप निदेशक (कार्यान्वयन) एवं कार्यालय प्रमुख, मुख्य अतिथि रहे। जबकि चित्रा देसाई, लेखिका एवं अधिवक्ता, विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान, बैंक में हिंदी के प्रचार-प्रसार और महिला सशक्तिकरण की दिशा में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिला कार्यपालकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यपालकों द्वारा बैंकिंग कार्यों में हिंदी के बढ़ते प्रयोग पर जोर दिया और बताया कि इस डिजिटल युग में, ई-टूल्स और तकनीकी संसाधनों के उपयोग से राजभाषा में कार्य करना अधिक सरल और प्रभावी हो गया है।




### जेएसडब्ल्यू रियल्टी ने 'मालाबार कोर्ट' के लिए किया विकास समझौता

**मुंबई ।** जेएसडब्ल्यू ग्रुप की रियल एस्टेट शाखा जेएसडब्ल्यू रियल्टी ने मुंबई के सबसे स्थापित आवासीय क्षेत्रों में स्थित विशिष्ट संपत्ति 'मालाबार कोर्ट' के लिए पटेल परिवार के साथ विकास समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। मालाबार कोर्ट पिछले सात दशकों से अधिक समय से पटेल परिवार का निवास रहा है और इस इलाके की आवासीय पहचान में एक विशिष्ट स्थान रखता है। यह समझौता दर्शाता है कि लंबे समय से संपत्ति रखने वाले मालिकों का जेएसडब्ल्यू रियल्टी पर भरोसा लगातार बढ़ रहा है। जेएसडब्ल्यू रियल्टी के सीईओ सुजल श्रॉफ ने कहाकि मालाबार कोर्ट को पुनर्निर्माण नहीं, बल्कि निरंतरता की सोच के साथ विकसित करने की तैयारी की गई है।

### आईआईएचएमआर और शोभित यूनिवर्सिटी के बीच हुआ एमओयू

**जयपुर।** आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी और शोभित यूनिवर्सिटी ने तीन साल का एमओयू साइन किया है। इसका उद्देश्य हेल्थ मैनेजमेंट क्षेत्र में शिक्षा और रिसर्च को बढ़ावा देना है, जिससे युवाओं को बेहतर अवसर मिल सकें। एमओयू के तहत दोनों संस्थान संयुक्त रिसर्च प्रोजेक्ट्स, फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम और छात्र गतिविधियों के जरिए आपसी तालमेल को मजबूत करेंगे। साथ ही, वर्कशॉप, सेमिनार और ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित कर नवाचार और स्किल डेवलपमेंट को बढ़ावा दिया जाएगा। आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट डॉ. पीआर सोडानी ने बताया कि हमारा मानना है कि हेल्थ सेक्टर की बदलती चुनौतियों से निपटने के लिए इस तरह का आपसी सहयोग बेहद जरूरी है। यह साझेदारी न सिर्फ छात्रों और फैकल्टी के लिए सीखने के बेहतर अवसर पैदा करेगी, बल्कि हेल्थकेयर सिस्टम के लिए नवाचार और साक्ष्य-आधारित समाधान विकसित करने में भी अहम भूमिका निभाएगी। आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट डॉ. पी. आर. सोडानी और शोभित यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. रणजीत सिंह ने इस एमओयू पर औपचारिक हस्ताक्षर कर साझेदारी की शुरुआत की।

### डीएसआर ने सम्मेलन में किया कुशल खेती पद्धतियों को बढ़ाने का आह्वान

**नई दिल्ली।** फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडियाने डायरेक्ट सीडेड राइस पर आयोजित एक सम्मेलन में अधिक संसाधन-कुशल खेती पद्धतियों की ओर बढ़ने का आह्वान किया। एफएसआईआई ने "सस्टेनेबल और लाभकारी धान उत्पादन के लिए डायरेक्ट सीडेड राइस विषय पर अपने सम्मेलन का दूसरा संस्करण नई दिल्ली के एनएएससी कॉम्प्लेक्स में आयोजित किया। इस सम्मेलन में नीति-निर्माताओं, वैज्ञानिकों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और कृषि विशेषज्ञों ने भाग लिया। फेडरेशन के अध्यक्ष और सवाना सीड्स के सीईओ एवं एमडी अजय राणा ने कहाकि पंजाब में भूजल दोहन वार्षिक पुनर्भरण का लगभग 156 फीसदी तक पहुंच चुका है।



### सीडीएसएल और केपीएमजी ने मिलकर जारी किया रिपोर्ट का तीसरा एडिशन

**मुंबई।** सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज़ लिमिटेड (सीडीएसएल) ने केपीएमजी इन इंडिया के साथ मिलकर अपनी रीइमेजिन थॉट लीडरशिप रिपोर्ट का तीसरा एडिशन जारी किया है। इस रिपोर्ट का शीर्षक है रीइमेजिनः सिक्योरिटीज़ मार्केट थ्रू डेटा सिनर्जी, यह इस साल की शुरुआत में हुई तीसरी सालाना रीइमेजिन सिम्पोजियम के बाद आई है। सीडीएसएल के एमडी और सीईओ नेहल वोरा ने कहा कि डेटा सिनेर्जी वह शक्ति है जो क्रिएशन, कंट्रोल और कल्चर को जोड़ती है—यह नवाचार को बढ़ावा देने के साथ विश्वास को भी मजबूत करती है। जब डेटा इंटेलीजेंट और इंटरऑपरेबल बनता है।

### होंडा के टपूकड़ा प्लांट में नई उत्पादन लाइन शुरू

**राजस्थान।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्राइवेट लिमिटड दोपहिया वाहनों की बढ़ती और विविध होती मांग को पूरा करने के लिए अपनी उत्पादन क्षमता के विस्तार को आगे बढ़ा रही है। एचएमएसआई अपने राजस्थान के अलवर जिले स्थित टपूकड़ा प्लांट में तीसरी नई प्रोडक्शन लाइन स्थापित कर अपनी मैन्युफैक्चरिंग क्षमता बढ़ा रही है। यह उपलब्धि 'द पावर ऑफ ड्रीम्स' के प्रति एचएमएसआई की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसका उद्देश्य लाखों भारतीयों को अपने सपनों और लक्ष्यों को आत्मविश्वास के साथ पूरा करने के लिए सशक्त बनाना है। टपूकड़ा में नई प्रोडक्शन लाइन को 2028 में शुरू करने की योजना है, जिसकी वार्षिक क्षमता 6,70,000 यूनिट होगी।

इस विस्तार के साथ, दूसरे प्लांट की कुल क्षमता बढ़कर 20.1 लाख यूनिट प्रति वर्ष हो जाएगी। यह पहल 2,000 से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा करेगी, जिससे क्षेत्र के विकास को और गति मिलेगी। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्रेसिडेंट एवं सीईओ,त्सुत्सुमु ओटानी ने कहाकि भारत मोबिलिटी परिवर्तन के एक नए दौर में प्रवेश कर रहा है, और एचएमएसआई जिम्मेदारी और उद्देश्य के साथ इस यात्रा का नेतृत्व करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन का इस्तीफा एक दिन में डूबे निवेशकों के 1 लाख करोड़

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- इस्तीफे की वजह निजी मूल्यों और नैतिकता में टकराव

भारत के बड़े प्राइवेट बैंक एचडीएफसी बैंक के निवेशकों के लिए गुरुवार का दिन किसी झटके से कम नहीं रहा है। ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि बैंक के पार्ट-टाइम चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती ने अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया। जिसके बाद बैंक के शेयरों में भारी गिरावट देखने को मिली है। अतनु चक्रवर्ती ने अपने इस्तीफे की वजह निजी मूल्यों और नैतिकता के टकराव को बताया है। उन्होंने लेटर में लिखा कि पिछले दो वर्षों में बैंक के भीतर कुछ ऐसी चीजें और कामकाज के तरीके रहे, जो उनके सिद्धांतों से मेल नहीं खा रहे थे। हालांकि उन्होंने साफ किया कि वे बैंक में किसी बड़ी गड़बड़ी की ओर इशारा नहीं कर रहे हैं, बस उनकी विचारधारा बैंक के साथ मैच नहीं कर रही थी।

Indian Handicrafts हस्तशिल्प continuing tradition
Development Commissioner (Handicrafts) Ministry of Textiles, Govt. of India
International Year of Cooperatives 2025 Cooperatives Build a Better World

**हस्तशिल्प प्रदर्शनी**

दिनांक-19 मार्च से 28 मार्च 2026 तक
समय - दोप. 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक
स्थान - बाल विहार, पुराना कलेक्टर परिसर, सीहोर (म.प्र.)

संपूर्ण भारत के हस्तशिल्पियों द्वारा उत्पादित वस्तुओं की प्रदर्शनी एवं बिक्री स्वयं हस्तशिल्पियों द्वारा

आपके शहर में विश्वप्रसिद्ध भदोही का कारपेट, भागलपुर की सिल्क साड़ियाँ व सूट्स, उज्जैन की बटिक प्रिन्ट, दिल्ली की ज्वेलरी, भोपाल की जरी-जरदोजी व जूट उत्पाद, ग्वालियर एवं जबलपुर का पैच वर्क एवं स्टोन क्राफ्ट, मधुबन की मधुबनी पेंटिंग, प्रयागराज का ड्राई फ्लावर, हैदराबाद की कलमकारी, कोटा राजस्थान का हैड ब्लॉक प्रिंट, चंदेरी साड़ी, महोबा यू.पी. का आर्ट मेटल, बिहार की मिथिला पेंटिंग, जयपुर का लेदर वर्कस, पश्चिम बंगाल का जामदानी सिल्क साड़िया, पंजाब की फुलकारी, बुधनी के लकड़ी के खिलौने और बहुत कुछ आप एक बार पधारकर शिल्पियों का उत्साहवर्धन अवश्य करें।



50 स्टॉल्स

प्रायोजक : कार्यालय विकास आयुक्त ( ह. ) वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली www.handicrafts.nic.in

आयोजक : मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ मर्यादित, भोपाल

# सैमसन रॉयल्स का चेहरा बन गए थे, उन्हें खोना बहुत बड़ा नुकसान : डुप्लेसी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डुप्लेसी का मानना है कि जिस तरह से महेंद्र सिंह धोनी चेन्नई सुपर किंग्स और विराट कोहली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पर्याय बन चुके हैं, इसी तरह से संजू सैमसन को राजस्थान रॉयल्स का चेहरा माना जा सकता है और उनका जाना टीम के लिए बहुत बड़ा नुकसान है। सैमसन राजस्थान रॉयल्स की तरफ से दो कार्यकाल में 11 सत्र में खेले। वह इस टीम के सबसे सफल खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने रॉयल्स की तरफ से सर्वाधिक मैच खेलने के अलावा सर्वाधिक रन भी बनाए हैं। इस बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में वह चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से खेलेंगे।

### संजू लंबे समय तक फ्रेंचाइजी का चेहरा रहा

डुप्लेसी ने जिओ हॉटस्टार से कहा, ''अगर हम आईपीएल की टीमों पर गौर करें तो अधिकतर टीमों के पास कोई एक ऐसा खिलाड़ी रहा है जो लंबे समय तक फ्रेंचाइजी का चेहरा रहा जैसे रोहित शर्मा, महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली। मैं संजू सैमसन को राजस्थान रॉयल्स के लिए उसी तरह का खिलाड़ी मानता हूं।''

### संजू ने टीम में बड़ी भूमिका निभाई है

अफ्रीका के पूर्व कप्तान ने कहा, ''भले ही वह नई पीढ़ी के खिलाड़ी हैं, लेकिन वह उस फ्रेंचाइजी का चेहरा बन गए थे। जब मैं राजस्थान रॉयल्स के बारे में सोचता हूं, तो मुझे संजू सैमसन याद आते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि उनका किसी अन्य टीम से जुड़ना प्रशंसकों, आईपीएल और टूर्नामेंट के लिए बहुत बड़ा झटका है, क्योंकि उन्होंने वहां बहुत बड़ी भूमिका निभाई है।'



- दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान डुप्लेसी का मानना
- धोनी व विराट की तरह संजू भी बेंगलुरु के लिए पर्याय बन चुके



### जायसवाल पर अतिरिक्त भार आएगा

डुप्लेसी ने कहा कि सैमसन के जाने से राजस्थान रॉयल्स के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल पर अतिरिक्त जिम्मेदारी आ जाएगी। सैमसन की मौजूदगी में जायसवाल अपना स्वाभाविक खेल खेलते थे लेकिन अब उन पर अधिक जिम्मेदारी आ गई है।

### संजू लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा था

डुप्लेसी ने कहा, ''संजू की मौजूदगी में यशस्वी जायसवाल को अपना नैसर्गिक खेल खेलने का मौका मिलता था क्योंकि दूसरे छोर से संजू लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा था। अब ऐसा नहीं होगा और उन पर अधिक जिम्मेदारी होगी। उस तरह के बल्लेबाज के लिए यह महत्वपूर्ण होता है कि वह जिम्मेदारी के बारे में नहीं सोचें। इसलिए यह सत्र उनके लिए सीखने की एक प्रक्रिया होगी।''

### पराग को कप्तान बनाने से हैरानी: बालाजी

पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज लक्ष्मीपति बालाजी ने कहा कि राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग को कप्तान नियुक्त करने के फैसले से उन्हें हैरानी हुई जबकि टीम में जायसवाल, ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और इंग्लैंड के सैम कुरेन जैसे अधिक अनुभवी खिलाड़ी मौजूद थे।

### संगकारा की भूमिका होगी महत्वपूर्ण

डुप्लेसी ने कहा, ''मुझे इस फैसले से थोड़ा हैरानी हुई क्योंकि उसके पास यशस्वी जायसवाल, रविंद्र जडेजा जैसे भारतीय खिलाड़ी और सैम कुरेन के रूप में विदेशी खिलाड़ी है जो कप्तानी कर सकते थे। इसलिए मुझे यह एक तरह का जुआ लगता है।''बालाजी ने कहा कि ऐसे में टीम के मुख्य कोच और क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है।

## खबर संक्षेप



### तेंदुलकर के समर्थन से खुलेगी क्रिकेट अकादमी

**अहमदाबाद।** सचिन तेंदुलकर के समर्थन से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस क्रिकेट अकादमी 10 अप्रैल से यहां शुरू होगी, जिसमें पूर्व भारतीय खिलाड़ियों की एक टीम मार्गदर्शक के रूप में पांच वर्ष से अधिक उम्र के खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण देगी। एसआरटी10 अल्टेवोल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस क्रिकेट अकादमी को पिछले साल लॉन्च किया जाना था, लेकिन अब वह संचालन के लिए तैयार है। एसजी रोड पर वैष्णोदेवी सर्कल के पास शंकुस फार्म में स्थित इस अकादमी के बुनियादी ढांचे में पेशेवर क्रिकेट नेट, मैचों के आयोजन के लिए मैदान, आधुनिक साजो समान से सजा जिम और एक रनिंग ट्रैक शामिल हैं। एसआरटी10 ग्लोबल अकादमी पहले से ही नवी मुंबई स्थित डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में संचालित की जा रही है।

### विश्व इंडोर एथलेटिक्स की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत को बृहस्पतिवार को पोलैंड में हुई विश्व एथलेटिक्स परिषद की बैठक में प्रतिष्ठित विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी के अधिकार सौंपे गए जिसका आयोजन भुवनेश्वर में किया जाएगा। यह फैसला पोलैंड के तोरून में 2025 विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप शुरू होने से ठीक एक दिन पहले अंतरराष्ट्रीय संस्था की बैठक में लिया गया। विश्व एथलेटिक्स के उपाध्यक्ष आदिल सुमारिवाला ने पोलैंड से पीटीआई को बताया, ''भारत को साल 2028 के लिए विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी सौंपी गई है। 'भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने इस साल की शुरुआत में विश्व इंडोर चैंपियनशिप के लिए अपनी दावेदारी पेश की थी। जनवरी में विश्व एथलेटिक्स की दो सदस्यीय टीम ने भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम परिसर में बनी अत्याधुनिक इंडोर सुविधा का दौरा किया था।

### राष्ट्रीय टेटे में तमिलनाडु ने बंगाल को हराया



**इंदौर।** तमिलनाडु ने 87वीं यूटीटी सीनियर राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप के पुरुष युगल मुकाबले में उलटफेर करते हुए शीर्ष वरीय पश्चिम बंगाल को बाहर कर दिया। तमिलनाडु के एम आर बालमुरुगन और सिद्धेश पांडे की जोड़ी पश्चिम बंगाल की शीर्ष वरीय जोड़ी अंकुर भट्टाचार्जी और शंखादीप दास को 3-2 से हराकर उलटफेर किया। रेलवे खेल प्रोत्साहन बोर्ड की दो जोड़ियों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। पहुँचाया। जीत चंद्र और अनिर्बान घोष ने एक कड़े मुकाबले में हरियाणा के वेस्ली डो रोसारियो और निकुंज अत्री को 3-1 से हराया। वहीं उनके साथी रोनित भंजा और प्रयेष राज सुरेश की जोड़ी भी सेमीफाइनल में पहुंच गई। उन्होंने ओडिशा के सार्थक आर्य और तुषार चौहान को 3-0 से मात दी।

## हजारों खिलाड़ियों के साथ की धोखाधड़ी

# खिलाड़ी ने 'युवा खेलो इंडिया महासंघ' का फोड़ा भांडा, प्राथमिकी दर्ज करेगा मंत्रालय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ताइक्वांडो की एक 16 वर्षीय खिलाड़ी की जिज्ञासा ने सरकारी संबद्धता का दावा करने वाली एक संस्था का हजारों खिलाड़ियों के साथ धोखाधड़ी करने का भंडाफोड़ किया और इस घटना से स्तब्ध खेल मंत्रालय अब इस मामले में प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज करने जा रहा है।

नाम गुप्त रखने की इच्छुक किशोरी ने मंत्रालय से संपर्क कर पूछा था कि क्या 'युवा खेलो इंडिया महासंघ (वाईकेआईएफ)' को मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) से मान्यता हासिल है, जैसा कि इसकी आधिकारिक वेबसाइट पर दावा किया गया है। इस खिलाड़ी ने बताया कि उसने पिछले साल नवंबर में उदयपुर में आयोजित तथाकथित राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए 7,000 रुपये का भुगतान किया था।

### अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भागीदारी के लिए 77 हजार मांगे गए

उस घटना के बाद मामला और भी गंभीर हो गया क्योंकि उसी संस्था ने अप्रैल में थाईलैंड में होने वाले एक अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 825 अमेरिकी डॉलर (लगभग 77,000 रुपये) की मांग की थी।







### उदयपुर में आयोजित किया जा रहा था

कक्षा 12 में पढ़ रही इस खिलाड़ी ने टेलीफोन पर बताया, ''मैंने ताइक्वांडो का प्रशिक्षण पिछले साल ही शुरू किया था और मेरे एक कोच ने मुझे बताया कि उदयपुर में युवा खेलो इंडिया महासंघ एक राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है। मैंने उसमें भाग लिया और जीत भी हासिल की। मुझे तब कुछ भी असामान्य नहीं लगा और यह एक अन्य प्रतियोगिता की ही तरह थी।''

### प्रतियोगिता में ताइक्वांडो, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, वुशु सहित अन्य खेल थे

उदयपुर में एक से तीन नवंबर तक आयोजित की गई इस प्रतियोगिता में ताइक्वांडो, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, किकबॉक्सिंग और वुशु सहित अन्य खेलों के उभरते हुए खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस खिलाड़ी ने कहा, ''मैंने वहां प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 7,000 रुपये का भुगतान किया और उसके बाद मुझे बताया गया कि विजेताओं को अप्रैल में एक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए थाईलैंड ले जाया जाएगा, जिसके लिए हमें एक अप्रैल तक अपने सभी दस्तावेज पूरे करने होंगे और शुल्क जमा करना होगा।''

### भाग लेने वाले खिलाड़ियों के बारे में नहीं बताया गया था

भुगतान की जाने वाली राशि काफी अधिक थी और इच्छुक प्रतिभागी टूर्नामेंट के लिए तैयार किए गए ब्रोशर से संतुष्ट नहीं थी। टूर्नामेंट के शुभंकर की शक्ल खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों के शुभंकर शान से मिलती-जुलती थी, जो एक हिम तेंदुआ है। हालांकि ब्रोशर में पाकिस्तान और बांग्लादेश सहित अन्य प्रतिभागी देशों के झंडे दिखाए गए थे, लेकिन इसमें भाग लेने वाले खिलाड़ियों के बारे में नहीं बताया गया था जो जरूरी होता है।

### मंत्रालय को समझ आया युवाओं को नाम से गुमराह किया जा रहा

मंत्रालय को यह समझने में देर नहीं लगी कि युवाओं को इसके नाम पर गुमराह किया जा रहा है और उसने तुरंत प्रेस सूचना ब्यूरो के माध्यम से जांच की जिससे पता चला कि 'यह संस्था न तो इससे मान्यता प्राप्त है और न ही इससे संबद्ध है।' अगला कदम इस संस्था के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करना है।

### साइ के लोगो का किया था इस्तेमाल

मंत्रालय के एक सूत्र ने कहा, ''हम वेबसाइट को देखकर दंग रह गए, इसमें न केवल खेल मंत्रालय और साइ के 'लोगो' का इस्तेमाल किया गया था, बल्कि भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से संबद्ध होने का भी दावा किया गया था।'' वाईकेआईएफ की वेबसाइट का दावा है कि इसमें 200 से अधिक जिलों से 22,000 से अधिक खिलाड़ी पंजीकृत हैं।

### संस्था का मुख्यालय शालीमार बाग में

संस्था का मुख्यालय दिल्ली के शालीमार बाग में है और इसकी प्रमुख शिल्पी अरोड़ा हैं जिनसे संपर्क नहीं हो पाया लेकिन कुछ अन्य पदाधिकारियों ने जवाब दिया। पीटीआई ने वाईकेआईएफ के राज्य समन्वयक लविश सोनी से बात की, जिन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संस्था को मंत्रालय से मान्यता प्राप्त है।

### सरकार से कोई मंजूरी नहीं मिली: अत्री

संस्था के राष्ट्रीय समन्वयक दीपक अत्री ने भी यही बात कही, लेकिन स्वीकार किया कि वाईकेआईएफ को राष्ट्रीय या जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए सरकार से कोई मंजूरी नहीं मिली है। अत्री ने कहा, ''हम युवा खिलाड़ियों के लिए पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट आयोजित करते हैं। हमने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए मंत्रालय से संबद्धता का दावा कभी नहीं किया।''

## चैंपियंस लीग

# बार्सिलोना, लिवरपूल और बायर्न क्वार्टर फाइनल में



एजेंसी ▶▶| लंदन

बार्सिलोना ने सात गोल किए और लिवरपूल ने चार गोल करके बुधवार को चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में बड़ी जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

एटलेटिको मैड्रिड ने टोटेनहम के पलटवार का अच्छी तरह से सामना करते दूसरे चरण में 2-3 से हार के बावजूद 7-5 से जीत दर्ज करके अंतिम आठ में अपनी जगह सुरक्षित की। बायर्न म्यूनिख के लिए क्वार्टर फाइनल में पहुंचना सबसे आसान रहा। उसने बुधवार को अटलांटा को 4-1 से और कुल मिलाकर 10-2 से हराकर रियाल मैड्रिड के खिलाफ रोमांचक क्वार्टर फाइनल की नींव रखी। चैंपियंस लीग में एक बार फिर गोल की बरसात हुई। बार्सिलोना ने रोमांचक मुकाबले में न्यूकैसल को दूसरे हाफ में बुरी तरह से हरा दिया और 7-2 से जीत हासिल की। न्यूकैसल में खेले गए पहले चरण में 1-1 से बराबरी पर रहने के बाद बार्सिलोना ने पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में लामिन यामल के पेनल्टी किक पर किए गए गोल से 3-2 से बढ़त हासिल की।

इसके बाद रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने दो गोल किए, फर्मिन लोपेज़ ने एक शानदार मूव को गोल में बदला जबकि राफिन्हा ने अपना दूसरा गोल किया। लिवरपूल ने एनफील्ड में गैलाटासराय पर 4-0 से आसान जीत हासिल की। वह इस्तांबुल में पहले चरण में एक गोल से हार गया था। मोहम्मद सलाह हालांकि पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी पर गोल नहीं कर पाए जब कुल स्कोर 1-0 था। सलाह ने दूसरे हाफ में इसकी भरपायी कर दी। उन्होंने ह्यूगो एकिटिके और रयान ग्रेवेनबर्च को गोल करने में मदद की और फिर एक शानदार गोल किया।

### इंग्लैंड की रिकॉर्ड छह टीमें शामिल थी

इस प्रतियोगिता में इंग्लैंड की रिकॉर्ड छह टीमें शामिल थीं और सभी टीमें राउंड ऑफ़ 16 तक पहुंचीं, लेकिन केवल आर्सेनल और लिवरपूल ही आगे बढ़ पाईं। चेल्सी को मंगलवार को मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने टूर्नामेंट से बाहर कर दिया।

### विश्व कप के लिए विस्तृत रणनीति तैयार करनी होगी : कोच फुल्टन



**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कोच क्रेग फुल्टन ने इस साल के आखिर में होने वाले विश्व कप में कड़े प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ विशेष और विस्तृत रणनीति तैयार करने की बात कही। उन्होंने साथ ही मौजूदा समय में संघर्ष कर रही टीम का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि वे सही समय पर अच्छी फॉर्म में आ जाएंगे। भारत ने इस सत्र में अब तक सिर्फ एक मैच जीता है जो होबार्ट में खेला गया एफआईएच प्रो लीग मैच था जिसमें उसने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में जीत दर्ज की थी। नीदरलैंड और बेल्जियम में 15 अगस्त से शुरू होने वाले विश्व कप के पूल डी में भारत का सामना शीर्ष वरीय इंग्लैंड, अपने पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान और मजबूत वेल्स से होगा। ग्रुप चरण के सभी मैच नीदरलैंड के एमस्टेलवीन में स्थित वैगेनर हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे। हॉकी इंडिया की प्रेस विज्ञप्ति में फुल्टन के हवाले से कहा गया, ''हम अपनी रणनीति, दबाव बनाने की रणनीति और अपनी 'फिनिशिंग' (गोल करने की क्षमता) पर कड़ी मेहनत करेंगे। ये वे छोटी-छोटी बातें हैं जो इस स्तर पर मैचों का नतीजा तय करती हैं।

विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 तक पहुंचने वाले भारत के एकमात्र खिलाड़ी

# घोषाल वर्ल्ड प्रीमियर स्क्वाश के खेल आयुक्त नियुक्त

## दो दशक तक प्रमुख प्रतियोगिताओं में खेलने का अनुभव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के दिग्गज स्क्वाश खिलाड़ी सौरव घोषाल को इस साल के आखिर में होने वाली वर्ल्ड प्रीमियर स्क्वाश (डब्ल्यूपीएस) लीग का खेल आयुक्त नियुक्त किया गया है। पीएसए विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंचने वाले भारत के एकमात्र पुरुष खिलाड़ी घोषाल के नाम 11 खिताब और एशियाई खेलों के नौ पदक के अलावा दो दशक तक प्रमुख प्रतियोगिताओं में खेलने का अनुभव है। उन्होंने प्रोफेशनल स्क्वाश एसोसिएशन (पीएसए) के पुरुष अध्यक्ष तथा पीएसए और वर्ल्ड स्क्वाश (खेल की वैश्विक शासी निकाय) के संयुक्त खिलाड़ी आयोग के सह अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया है। डब्ल्यूपीएस ने बयान में कहा, ''घोषाल वर्ल्ड प्रीमियर स्क्वाश (डब्ल्यूपीएस) के खेल आयुक्त के रूप में लीग के संपूर्ण खेल ढांचे की जिम्मेदारी संभालेंगे, जिसमें प्रतियोगिता का प्रारूप, खिलाड़ियों की योग्यता और रेफरी के लिए मानक तय करना शामिल है।''



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग भोपाल (म.प्र.)**

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक 05/सेतु/2026/का.यं. भोपाल, दिनांक 10/03/2026

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदाये आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| स. क्रं. | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य की अनु. राशि(रू. लाख में) | टीप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2026_PWDRB_488827_1 | नर्मदापुरम् | पुल कार्य | नर्मदापुरम जिले में सेमरी से सांगाखेडा मार्ग के कि.मी. 6/2 में नदी पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कार्य | द्वितीय | 444.14 | मूल एफ.डी.आर का भुगतान ऑनलाईन होगा एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन जमा होगें। |
| 2 | 2026_PWDRB_488839_1 | नर्मदापुरम् | पुल कार्य | नर्मदापुरम जिले में बाबई से नसीराबाद ढाना मार्ग के कि.मी. 13/2 पर बाकुड नदी पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कार्य | द्वितीय | 445.01 | मूल एफ.डी.आर का भुगतान ऑनलाईन होगा एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन जमा होगें। |
| 3 | 2026_PWDRB_489003_1 | नर्मदापुरम् | पुल कार्य | सीहोर जिले के ग्राम लाडकुई तहसील भेरुनंदा जिला सीहोर में टीकामोड ओर सुनेड नदी पर जलमग्नीय पुल का निर्माण | द्वितीय | 491.30 | मूल एफ.डी.आर का भुगतान ऑनलाईन होगा एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन जमा होगें। |
| | | | | योग - | | 1380.45 | |

उपरोक्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 30/03/2026, (17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मूल एफ.डी.आर. का भुगतान केवल ऑनलाईन होगा एवं अन्य दस्तावेज ऑनलाईन जमा होगें। भौतिक रुप से किसी भी प्रकार के दस्तावेज कार्यालय में जमा नहीं किये जायेगें।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग भोपाल (म.प्र.)**

जी- 27669/25 स्वच्छता ही सेवा

**कार्यालय अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा नर्मदापुरम् मण्डल नर्मदापुरम्**
Office Email IDseresnarmda@mp.gov.in, Office Phone No. 07574-250166

क्र. 5.10 / निविदा/ग्रा.या. से/2026 नर्मदापुरम दिनांक 11/03/2026

**संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 17/2025-26 (द्वितीय आमंत्रण)**

मप्र के राज्यपाल की ओर से आनलाईन मोहरबंद प्रतिशत दर पर निविदायें फार्म "ए" (Appendix 2.10) पर ग्रायांसे संभाग नर्मदापुरम जिला नर्मदापुरम की म.प्र. लोक निर्माण विभाग के केंद्रीयकृत प्रणाली में समतुल्य / सक्षम श्रेणी में पंजीकृत सी श्रेणी ठेकेदारों से 3 कवर पद्धति में सिविल कार्य हेतु ग्रायांसे में प्रचलित एस.ओ.आर दिनांक 11.04.2022 से प्रभावशील दर अनुसूची एवं विद्युतीकरण कार्य हेतु लो.नि.वि. के विद्युत एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2024 से प्रचलित दर अनूसूची (निविदा विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक तक संशोधित) दर के आधार पर अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा नर्मदापुरम मंडल नर्मदापुरमके कार्यालय में आनलाइन आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का नाम | निविदा की अनुमानित लागत (रुपए. में) | अमानत राशि (रुपए मे) | कार्य अवधि वषार्काल सहित (माह में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2026_RES_489440 | जनपद पंचायत बनखेड़ी के ग्राम चिल्लोद से टेकापार की ओर सी. सी. रोड निर्माण कार्य, जनपद पंचायत बनखेड़ी जिला नर्मदापुरम | 1,62,56,548.00 | 163000.00 | 12 माह | 12500.00 |
| | योग- | | 1,62,56,548.00 | शब्दों मे:- एक करोड़ बांसठ लाख छप्पन हजार पांच सौ अड़तालीस रुपए मात्र । | | |

उपरोक्तानुसार निर्माण कार्य की निविदा आमंत्रण की निम्नानुसार तिथियाँ निर्धारित की जाती हैं :-

| क्र | विवरण | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा ऑनलाईन प्रकाशित होने के तिथि | 23/03/2026 | 18:00 |
| 2. | निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की प्रारंभिक तिथि | 23/03/2026 | 18:00 |
| 3. | ऑनलाईन बिड प्रस्तुत करनेकी प्रारंभिक तिथि | 23/03/2026 | 18:00 |
| 4. | ऑनलाईन बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 06/04/2026 | 13:00 |
| 5. | ऑनलाईन निविदा खुलने की तिथि | 07/04/2026 | 13:00 |

निविदा प्रपत्र (Tender Document) वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन प्रकाशित एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किए जाऐंगे। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जाएगा।

**अधीक्षण यंत्री ग्रामीण**
**यांत्रिकी सेवा नर्मदापुरम् मण्डल नर्मदापुरम**

जी - 27679/25 स्वच्छता ही सेवा

**कार्यालय मुख्य अभियंता (भवन)**
**लोक निर्माण विभाग, निर्माण भवन, प्लाट नं.-27-28, अरेरा हिल्स, भोपाल**

एनआईटी नं.- 07/2026/निविदा/सा/मु.अ.भ./ भोपाल दिनांक 10.03.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

| क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू.लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल साहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2026_PWPIU_488897_1 | मध्यप्रदेश सरकार क पनुर्धनीकरण नीति (री-डॅसिफिकेशन) के अंतर्गत भोपाल में विभिन्न परियोजनाओं, सुविधाओं और अन्य विविध कार्यो के निर्माण एवं विकास हेतु फैसेबिल्टि रिपोर्ट, डी.पी.आर. आर्किटेक्ररल सर्विस, निविदा दस्तावेज तैयार करने और बोली प्रक्रिया के लिए सलाहकार का चयन। | भोपाल | 30000.00 | 600000 | 20000 | 24 माह वषार्काल सहित |
| 2 | 2026_PWPIU_489411_1 | शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय हॉस्टल भोपाल का निर्माण कार्य। | भोपाल | 102.71 | 102710 | 12500 | 12 माह वषार्काल सहित |
| 3 | 2026_PWPIU_478542_2 | जय प्रकाश जिला चिकित्सालय भोपाल को मॉडल अस्पताल में अपग्रेड करने के लिये नवीन ब्लॉक एवं वतमान अस्पताल में कनेक्टिंग कॉरिडोर (जी+2), फायर एग्जिट हेतु सीढ़ी का निर्माण, नाला कवर, टॉप स्लैब, पैनल रूम शिफ्टिंग इत्यादि का निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | भोपाल | 547.22 | 547220 | 20000 | 18 माह वषार्काल सहित |
| 4 | 2026_PWPIU_489047_1 | शासकीय महाविद्यालय सुठालिया जिला राजगढ़ में बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य | राजगढ़ | 127.11 | 127110 | 12500 | 12 माह वषार्काल सहित |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन लाईन दिनांक 10.03.2026 समय 10.30 से दिनांक 25.03.2026 समय 05.30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4 निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेबसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य अभियंता (भवन)**
**लोक निर्माण विभाग भोपाल**

जी - 27662/25 स्वच्छता ही सेवा




## एमपीएल की टीम रॉयल निमाड़ ईगल्स के लिए होना है चयन

# क्रिकेट ट्रायल्स में 200 से अधिक खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग (सिंधिया कप) 2026 के अंतर्गत आईसेक्ट समूह की पुरुष क्रिकेट टीम 'रॉयल निमाड़ ईगल्स' के लिए चयन ट्रायल्स का आयोजन स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी परिसर में किया गया। ट्रायल्स में भोपाल संभाग सहित प्रदेश के 200 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस ट्रायल में भोपाल, सीहोर, विदिशा, जबलपुर, ग्वालियर, होशंगाबाद, कालापीपल सहित आसपास के क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों ने बैटिंग, बॉलिंग, फील्डिंग और विकेटकीपिंग में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। चयन समिति द्वारा खिलाड़ियों का सूक्ष्म मूल्यांकन किया गया, जिसमें उनकी तकनीकी दक्षता, फिटनेस, खेल की समझ और प्रतिस्पर्धी क्षमता जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को परखा गया। मुख्य अतिथि के रूप में शांति जैन, सचिव, बीडीसीए उपस्थित रहे। वहीं मध्य प्रदेश लीग के ऑब्जर्वर हमीदुल्लाह खान ने भी प्रक्रिया का अवलोकन किया। इस अवसर पर आईसेक्ट के कार्यकारी उपाध्यक्ष डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, स्कोप ग्लोबल यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. विजय सिंह तथा रजिस्ट्रार डॉ. सिटेश सिन्हा भी उपस्थित रहे। अतिथियों ने कहा कि ऐसे ट्रायल्स प्रदेश के युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल से क्षेत्रीय स्तर की प्रतिभाओं को पहचान मिलने के साथ-साथ उन्हें आगे बढ़ने के बेहतर अवसर भी मिलेंगे।

### टीम के स्वामित्व के साथ खेल विकास की दिशा में नई पहल

उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग में पिछले वर्ष प्रेजेंटिंग स्पॉन्सर के रूप में सहभागिता निभाने के बाद आईसेक्ट समूह ने इस वर्ष टीम स्वामित्व के साथ खेल विकास की दिशा में नई पहल की है। 'रॉयल निमाड़ ईगल्स' का उद्देश्य प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से उभरती क्रिकेट प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें पेशेवर प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और प्रतिस्पर्धी अवसर प्रदान करना है।

### रॉयल निमाड़ ईगल्स के माध्यम से प्रदेश की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का प्रयास



आईसेक्ट समूह के कार्यकारी उपाध्यक्ष डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा कि ये ट्रायल्स केवल चयन प्रक्रिया नहीं बल्कि खिलाड़ियों के लिए एक दीर्घकालिक विकास कार्यक्रम की शुरुआत हैं। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और आत्मविश्वास का विकास करता है तथा रॉयल निमाड़ ईगल्स के माध्यम से प्रदेश की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा है।

## 9वीं ऑल इंडिया मास्टर्स कप क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

# वेटरन ग्रुप में विदिशा ने ग्वालियर को 24 रन से हराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के ओल्ड कैंपियन मैदान पर गुरुवार से शुरू हुई स्व. कैलाश नारायण सारंग की स्मृति मे आयोजित 9वीं मास्टर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता मे विदिशा और ग्वालियर के मध्य मैच खेला गया, जिसमें विदिशा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर मे 164 रन बनाए। एक वक्त विदिशा के 7 विकेट 45 रन पर गिर गए थे, लेकिन 8वें विकेट की शानदार साझेदारी और बबलेश की 36 गेंद पर 81 रन और नीलेश के 24 रन की बदौलत विदिशा ने 165 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में ग्वालियर की टीम ने 140 रन ही बना सकी और यह मैच 24 रन से हार गई। ग्वालियर के हिमांशु तिवारी ने 48, शैलेष शुक्ला ने 40 और संदीप शर्मा ने 16 रन का योगदान दिया। विदिशा के नीलेश ने 3 विकेट लिए, जबकि गुंजन और प्रहलाद सिंह ने 2-2 विकेट लिए। बबलेश को प्लेयर ऑफ़ द मैच चुना गया। उन्हें वरिष्ठ क्रिकेटर शैलेष शुक्ला और अमिताभ वर्मा ने पुरस्कृत किया।

**बबलेश की आतिशी पारी से विदिशा और विनोद पॉल की घातक गेंदबाज़ी से साहेब इलेवन की शानदार जीत**



*मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार वितरण करते क्रिकेटर शैलेष शुक्ला और अमिताभ वर्मा।*

### कॉर्पोरेट ग्रुप में साहिब इलेवन ने शेडो हॉक्स को 8 विकेट से दी शिकस्त

आज का दूसरा मैच साहेब इलेवन और शेड़ो हॉक्स के मध्य खेला गया जिसमे शेडो हॉक्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 13.1 ओवर मे 89 रन बनाकर ऑल आउट हो गई, जिसमें कान्हा मित्तल ने 27 और अमन सिंघई ने 21 रन का योगदान दिया। विनोद पाल ने 12 रन देकर 5 विकेट लिए, जबकि जोंटी, योगेश और अंबर ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में साहेब इलेवन ने 7.3 ओवर मे 2 विकेट के नुकसान पर 90 रन बनाकर यह मैच 8 विकेट से जीत लिया, जिसमे पीयूष टंडन ने 36 और कार्तिकेय दुबे ने 34 रन का योगदान दिया। आदित्य और इल्लू ने 1-1 विकेट लिया। विनोद पॉल को मेन ऑफ़ द मैच चुना गया। उन्हें वरिष्ठ साहित्यकार अतुल वर्मा और पुरु प्रधान ने पुरुस्कृत किया। इससे पहले टूर्नामेंट का उद्घाटन खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने किया और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।

## आरएन कपूर एसआरके इंटर-कॉलेज स्पोर्ट्स टूर्नामेंट

# रोमांचक क्रिकेट मैच में एक रन से जीती एमबीबीएस टीम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एसआरके यूनिवर्सिटी में चल रहे आरएन कपूर स्पोर्ट्स कार्निवाल में एमबीबीएस के 2020 बैच के चिकित्सा छात्रों ने नर्सिंग छात्रों को रोमांचक मैच में महज एक रन से हराकर जीत हासिल की। प्रतियोगिता के शुरू होने से पूर्व आरकेडीएफ ग्रुप के एम डी सिद्धार्थ कपूर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर औपचारिक शुभारंभ किया।

क्रिकेट मैच में चिकित्सा छात्रों ने निर्धारित 5 ओवर में 31 रन बनाए जिसके जवाब में नर्सिंग टीम 30 रन ही बना सकी और एक रन से मुकाबला हार गई, जबकि बैडमिंटन का फाइनल मैच आयशा खान और साक्षी यादव के बीच खेला गया जिसमें आयशा ने साक्षी को 21/18 से पराजित कर फाइनल जीता। आरकेडीएफ मेडिकल कॉलेज ऐंड हॉस्पिटल कैंपस स्थित एसआरके स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स द्वारा 'श्री आर.एन. कपूर एसआरके इंटर-कॉलेज स्पोर्ट्स टूर्नामेंट' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस खेल उत्सव का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालयीन छात्रों के बीच खेल संस्कृति और प्रतिस्पर्धात्मक कौशल को बढ़ावा देना है। टूर्नामेंट में मुख्य रूप से बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, बॉक्स क्रिकेट, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, पैडल बॉल , पिकल बॉल, शतरंज और कैरम प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं।

खेलों का आयोजन हाई-टेक खेल सुविधायुक्त एसआरके स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के मैदान और इनडोर हॉल में किया जा रहा है । समापन समारोह में विजयी खिलाड़ियों और टीमों को आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा।

## लाइफ स्टाइल

### नेशनल ज्योग्राफिक 33 की लिस्ट में

# आलिया-प्रियंका भी



**मुंबई।** नेट जियो 33 की लिस्ट में दो भारतीय अभिनेत्रियों को जगह मिली। आलिया भट्ट और प्रियंका चोपड़ा का नाम इस लिस्ट में आया है। दोनों को समाज में अलग-अलग कारणों से जागरूकता फैलाने के लिए सम्मानित किया गया है। साल 2026 की नेशनल ज्योग्राफिक 33 सूची जारी हो चुकी है। इस सूची में दुनिया भर के समाज सेवियों के नाम शामिल हैं। लिस्ट में भारत से दो अभिनेत्रियों आलिया भट्ट और प्रियंका चोपड़ा का नाम भी शामिल किया गया है। आलिया भट्ट को जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए सूची में शामिल किया गया। साथ ही उन्होंने अलग-अलग तरीकों से पर्यावरण के लिए सक्रियता दिखाई। बच्चों के लिए लिखी हुई किताब 'एड फाइंड्स अ होम' के जरिए आलिया ने लोगों को पशु गोद लेने की सलाह दी। वहीं, दूसरी तरफ एक्ट्रेस ने अपने फैशन रीसेल 'मी वार्डरोब इज सु वार्डरोब' के जरिए अपने और कई कलाकारों के कपड़ों को डोनेट किए। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए भी आलिया इन सब कामों का प्रचार करती हैं और दूसरों के लिए प्रेरणा बनती हैं। वहीं अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा का नाम इस लिस्ट में इसलिए आया क्योंकि एक्ट्रेस ने इस साल स्वास्थ्य सेवाओं को आसान बनाने में योगदान दिया है। एक्ट्रेस ने मधुमेह के प्रति जागरूकता फैलाने की दिशा में काम किया। प्रियंका के पति निक जोनस भी 13 साल की उम्र से टाइप-1 मधुमेह से पीड़ित हैं। पांच साल से दोनों मिलकर भारत में 'बियॉन्ड टाइप 1' संस्था के जरिए लोगों तक मधुमेह के बारे सही जानकारी पहुंचा रहे हैं। इस सूची में हैरिसन फोर्ड, रसेल वेस्टब्रुक, शैलेन वुडली, इवान मैकग्रेगर और इड्रिस एल्बा जैसे सेलेब्स के नाम भी शामिल हैं। सभी ने अपने-अपने तरीके से समाज में बदलाव लाने में योगदान दिया है।




आवश्यकता है

हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

रायपुर शहर
सीनियर प्रसार प्रतिनिधि
05 पद

शैक्षणिक योग्यता स्नातक

समाचार पत्र में प्रसार विभाग में
कार्य अनुभव 2 साल

वेतन 15000 + 5000/-

दिनांक - 20 मार्च से 23 मार्च 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक

नोट : प्रसार वृद्धि के लिये टीम तैयार करने वाले को प्राथमिकता

ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com

हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930